CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 41 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शुक्रवार 27 फरवरी, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

## पीएम मोदी के आगमन का बेताबी से इंतजार, पलक पावडे बिछाए बैठी है भजनलाल सरकार

### कायड़ विश्राम स्थल पर पीएम मोदी के लिए बनाए गए अस्थाई हेलीपैड की सुरक्षा व्यवस्था का गुरुवार को लिया गया जायजा,कई आईएएस और आईपीएस अफसर को सभा की तैयारी की दी गई जिम्मेदारी, करीब 8500 वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था, भारी पुलिस बल तैनात करने की तैयारी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कल अजमेर दौरे की तैयारी को करीब करीब अंतिम रूप दिया जा चुका है। पुलिस और प्रशासन से जुड़े सभी बड़े अधिकारी सभा की तैयारी से जुड़े सभी विषयों पर कड़ी नजर रखे हुए हैं। पीएम मोदी के विमान के लिए कायड़ विश्राम स्थल पर तैयार किए गए हेलीपैड का गुरुवार को एयरफोर्स के हेलीकॉप्टर की मदद से रिहर्सल करके सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। इस सभा में करीब 2 लाख लोगों के शामिल होने की बात कही जा रही है इसलिए करीब 8500 सभा में आने वाले वाहनों की पार्किंग के लिए अलग से व्यवस्था की गई है। सभा स्थल पर पीने का पानी, शौचालय, चिकित्सा, सीसीटीवी कैमरे इत्यादि सभी तरह के इंतजाम की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। जानकारी के अनुसार सत्ता और संगठन दोनों ही प्रधानमंत्री की इस सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहे इसीलिए एक तरफ जहां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इस सभा से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं के बारे में नियमित रूप से रोजाना अधिकारियों और संगठन से जुड़े लोगों से अपडेट ले रहे हैं तो दूसरी तरफ मदन राठौड़ लगातार अजमेर का दौरा करके सभा की तैयारी को देख रहे है। हालांकि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी सभा स्थल का दौरा कर चुके हैं और प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित करके सभा के बारे में अपनी ओर से आवश्यक दिशा निर्देश भी दे चुके हैं लेकिन मुख्यमंत्री शर्मा ने अपने विश्वासपात्र अधिकारियों को इस सभा की सभी तैयारियां पर कड़ी फोकस रखने को कहा गया है जानकारी के अनुसार कल का दिन प्रदेश की जनता के लिए एक बार फिर से काफी शानदार और सुखदायक साबित होने वाला है क्योंकि कल एक बार फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अजमेर की इस सभा में प्रदेश को करीब 23500 करोड रुपए के विकास कार्यों की सौगात देने वाले हैं इतने बड़े पैमाने पर विकास कार्यों की सौगात देने से निश्चित रूप से राजस्थान में पिछले 2 साल में विकास के रथ का पहिया जिस तेज गति से आगे दौड़ रहा है उस गति में मोदी की इन घोषणाओं से और गति आने वाली है जिसका सीधा फायदा प्रदेश के 8 करोड लोगों को मिलने वाला है। इतना ही नहीं कल की इस सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश के 21000 युवाओं को नियुक्ति पत्र भी सौंपने वाले हैं इसीलिए कल की सभा में बड़ी संख्या में युवाओं के भी शामिल होने की बात कही जा रही है हालांकि सभा में ज्यादा से ज्यादा भीड़ लाने के लिए पार्टी के विधायक, सांसदों, पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं, पार्टी के पूर्व विधायक, पूर्व सांसदों,



इत्यादि सभी से कहा गया है इसके लिए संगठन से जुड़े छोटे-बड़े सभी नेता अपने-अपने क्षेत्र में पार्टी के कार्यकर्ताओं से संपर्क करके सभा में ज्यादा से ज्यादा लोगों को लेकर आने की तैयारी में भी जुटे हुए हैं इसके लिए वाहनों के प्रबंध के अलावा सभा में आने वाले लोगों के खाने-पीने तथा उन्हें लाने ले जाने की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा गया है ।

जानकार लोगों का कहना है कि प्रदेश में पिछले दो साल में जब से शासन की बागडोर भजनलाल शर्मा के हाथों में आई है तब से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहां कई बार दौरा कर चुके हैं और हर बार उन्होंने प्रदेश के विकास के लिए करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की सौगात भी पहले दे चुके हैं । हालांकि पिछले विधानसभा चुनाव और पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजस्थान में कई जगहों पर जनसभाओं का आयोजन हुआ था जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थिति दिखाई थी अजमेर में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कई सभाओं का सफल आयोजन हो चुका है इसलिए कल आयोजित होने वाली इस सभा को लेकर सत्ता और संगठन से जुड़े लोग काफी प्रभावित और उत्साहित जरूर नजर आ रहे हैं क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राजस्थान आना कहीं ना कहीं भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं में नया जोश और उत्साह का संचार तो करता ही है इसके अलावा सरकार के मंत्रियों और भाजपा के विधायकों में भी नया जोश और नया उत्साह अपने आप ही पैदा हो जाता है इसलिए मोदी का राजस्थान आना प्रदेश की जनता के लिए तो अच्छी खबर है ही इसके अलावा सत्ता और संगठन में नया जोश और जज्बा पैदा करने में भी मोदी का यह दौरा काफी लाभदायक साबित होने वाला है। जानकारी के अनुसार कल आयोजित होने वाली इस सभा में राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य कई केंद्रीय मंत्री भी मौजूद रहेंगे पार्टी के विधायक और सांसद भी मौजूद रहेंगे इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के भाषण पर सब की निगाह जमी हुई है क्योंकि कल एक बार फिर से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पिछले दो साल में उन्होंने जो कार्य किए हैं उनके बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सम्मुख अपनी सारी स्थिति स्पष्ट करने वाले हैं इसलिए कल के भजन लाल शर्मा के भाषण को सुनने के लिए भी प्रदेश के लोग काफी उत्सुक है द्य पीएम मोदी जहां भी जाते हैं वहां भाजपा के वहां संगठन से जुड़े लोगों में नया जोश और ताकत जरूर भरते हैं इसलिए कल प्रदेश की जनता एक तरफ जहां मोदी का भाषण सुनने के लिए काफी बेताब नजर आ रही है तो दूसरी तरफ भाजपा के संगठन से जुड़े लोग भी मोदी का भाषण सुनने के लिए काफी उत्सुक दिख रहे हैं।

## उद्योग मंत्री राज्यवर्धन राठौर की झोटवाड़ा में ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर नई पहल और नए नवाचार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** जनसहभागिता आधारित सुशासन की दिशा में एक सार्थक पहल करते हुए राज्यवर्धन राठौड़ ने गुरुवार को झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के तीन प्रमुख ट्रैफिक जंक्शनों सिरसी रोड, विजय द्वार और वैशाली पर विद्यार्थियों के साथ मिलकर 'सिविल और ट्रैफिक रिस्पांसिबिलिटी' अभियान संचालित किया।यह पहल दंड या चालान आधारित कार्रवाई के बजाय नियमों का पालन करने वाले नागरिकों के सम्मान और प्रोत्साहन पर केंद्रित रही। ट्रैफिक अनुशासन का पालन कर रहे वाहन चालकों का सार्वजनिक रूप से अभिनंदन किया गया। विद्यार्थियों ने मौके पर उपस्थित रहकर ट्रैफिक प्रबंधन को समझा, नागरिकों से संवाद किया और जिम्मेदार व्यवहार का महत्व प्रत्यक्ष अनुभव के माध्यम से सीखा। इस अवसर परराठौड़ ने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार केवल इंफ्रास्ट्रक्चर से नहीं, बल्कि नागरिक व्यवहार में सकारात्मक बदलाव से संभव है। सुशासन का अर्थ केवल निर्देश देना नहीं, बल्कि समाज में सहभागिता की भावना उत्पन्न करना है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने राजस्थान पुलिस एवं गृह विभाग से आग्रह किया कि इस पहल को आगे बढ़ाते हुए एक स्ट्रक्चर्ड स्टूडेंट पुलिस इंटर्नशिप फ्रेमवर्क पर गंभीरता से विचार किया जाए। उन्होंने कहा कि आज का युवा तीव्र प्रतिस्पर्धा के दौर से गुजर रहा है और केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है। युवाओं के रिज़्यूमे में सामाजिक सहभागिता, नेतृत्व अनुभव और नागरिक समझ भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यदि विद्यार्थियों को ट्रैफिक प्रबंधन, सार्वजनिक व्यवस्था और




नागरिक अनुशासन को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर मिले, तो यह केवल जागरूकता अभियान नहीं रहेगा, बल्कि नेतृत्व निर्माण की प्रक्रिया बनेगा। ऐसा संरचित इंटर्नशिप मॉडल विद्यार्थियों को प्रमाणित सामाजिक अनुभव प्रदान करेगा, ट्रैफिक व्यवस्था में सहयोग देगा और समुदाय तथा पुलिस के बीच विश्वास को और मजबूत करेगा। राठौड़ ने स्पष्ट किया कि सिरसी, विजय द्वार और वैशाली में आयोजित यह अभियान एक पायलट पहल है, जिसे आगे चलकर संस्थागत ढांचे में विकसित करने का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि आज चौराहे पर खड़े विद्यार्थी ही कल के प्रशासक, पेशेवर और नीति-निर्माता होंगे। यदि वे जमीनी स्तर पर व्यवस्था को समझेंगे, तो भविष्य में अधिक मजबूत और जिम्मेदार समाज का निर्माण करेंगे।

## पीएम मोदी के इजराइल में बड़े ऐलानः डिफेंस व्यापार समझौता टेक्नोलॉजी ट्रांसफर इत्यादि में समझौते

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को इसराइल दौरे पर कई बड़े ऐलान किए हैं इसमें दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देना डिफेंस और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर आदि शामिल हैं । पीएम मोदी ने कहा कि भारत और इजरायल के बीच जल्दी ही फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को अंतिम रूप दिया जाएगा जो कि दोनों के लिए फायदेमंद होगा। हाल ही में भारत ने यूरोपीय यूनियन और अमेरिका के साथ एफटीए का करार किया है। मोदी ने इजरायल की अपनी दो दिन की यात्रा के आखिर में कहा कि दोनों देश डिफेंस में ज्वाइंट डेवलपमेंट, प्रोडक्शन और टेक्नोलॉजी के ट्रांसफर पर भी काम करेंगे इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाओ के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसराइल प्रधानमंत्री को उनके और उनके डेलिगेशन के शानदार स्वागत के लिए धन्यवाद दिया नेसेट मेडल के स्पीकर का अवार्ड मिलने का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यह सम्मान 140 करोड़ भारतीयों और भारत तथा इजरायल के बीच हमेशा रहने वाली दोस्ती को समर्पित करते हैं उन्होंने कहा हमारा रिश्ता गहरा भरोसे, जॉइंट डेमोक्रेटिक मूल्य की मजबूत आधार पर बना है हमारे रिश्ते समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं, आज हमने अपनी समय की कसौटी पर खड़ी उत्तरी पार्टनरशिप को स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप का दर्जा देने का ऐतिहासिक फैसला किया यह फैसला दोनों देशों के विजन को दिखाता है ।

## भजनलाल शर्मा आज सदन में अनुदान पूरक मांगों पर बहस का देंगे जवाब

### 28 फरवरी से 4 मार्च तक संपादित नहीं होगी सदन की कार्रवाई

### 5 और 6 मार्च को सदन की कार्रवाई होगी संपादित

### कार्य सलाहकार समिति की बैठक में 6 मार्च तक कामकाज की रूपरेखा हुई निर्धारित

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज राजस्थान विधानसभा में बजट पर विभिन्न अनुदान मांगों पर हुई बहस का जवाब देंगे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सदन में भाषण देने से पहले प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली का भी भाषण होगा। आज मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के भाषण के बाद सदन की कार्रवाई आगामी 5 मार्च तक स्थगित कर दी जाएगी क्योंकि 28 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अजमेर का दौरा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राज्य मंत्रिमंडल के तमाम सदस्य भारतीय जनता पार्टी के विधायक सांसद और संगठन से जुड़े कई नेता अजमेर में आयोजित जनसभा में शामिल होंगे इसलिए गुरुवार को राजस्थान विधानसभा में स्पीकर वासुदेव देवनानी की अध्यक्षता में आयोजित हुई विधानसभा की कार्य सलाहकार समिति की बैठक में आगामी 6 मार्च तक विधानसभा में होने वाले कामकाज की रूपरेखा निर्धारित की गई। इस बैठक में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली, प्रतिपक्ष के सचेतक रफी खान और उपसचे तक रामकेश मीणा भी मौजूद रहे। बैठक में 28 फरवरी से 4 मार्च तक सदन की करवाई संपादित नहीं होने का निर्णय लिया गया इसके अलावा आगामी 5 और 6 मार्च को सदन की कार्रवाई संपादित होगी इस तरह से 28 फरवरी



से 4 मार्च तक राजस्थान विधानसभा की कार्रवाई नहीं होगी । इस दौरान होली और धुलंडी का त्यौहार भी है इसलिए इन तमाम तरह के त्यौहार और परिस्थिति को देखती हुई गुरुवार को हुई कार्य सलाहकार समिति की बैठक में आगामी 6 मार्च तक सदन की कार्रवाई की रूपरेखा निर्धारित की गई। जानकारी के अनुसार राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र करीब करीब अंतिम चरण में पहुंचता हुआ दिखाई दे रहा है। बजट सत्र में बजट को लेकर विभिन्न अनुदान मांगों पर बहस की प्रक्रिया पिछले कुछ दिनों से नियमित रूप से जारी है विभिन्न अनुदान मांगों पर सदन में सत्ता पक्ष के सदस्यों ने अपने विचार प्रकट किया। इस दौरान मंत्रियों ने भी अपने-अपने विभाग से जुड़ी अनुदान मांगों पर अपना भाषण प्रस्तुत किया कहा जा रहा है कि बजट सत्र से जुड़े अधिकांश विदाई और सरकारी कार्य करीब करीब संपादित हो चुके हैं । हालांकि अभी सदन की कार्रवाई आज मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के भाषण के बाद 5 मार्च सुबह 11:00 बजे तक स्थगित कर दी जाएगी इसलिए 5 मार्च को राजस्थान विधानसभा की कार्रवाई प्रश्न काल से फिर शुरू होगी लेकिन अब यह माना जा रहा है कि राजस्थान का बजट सत्र समापन के करीब करीब पहुंच गया है । जानकार लोगों का कहना है कि राजस्थान विधानसभा के चालू बजट सत्र में प्रतिपक्ष का व्यवहार और रवैया पूर्व के विधानसभा सत्र की तुलना में अच्छा कहा जा सकता है इस बार प्रतिपक्ष ने प्रश्न काल औरशून्यकाल और अन्य सभी सत्रों में प्रतिपक्ष ने अपनी उपस्थिति दिखाई। हालांकि कई बार प्रतिपक्ष ने विभिन्न बैठक में शोरगुल हंगामा भी किया और कई बार सदन की कार्रवाई का बहिष्कार भी किया लेकिन विपक्ष सदन में हमेशा मौजूद रहा जबकि इससे पहले वाले विधानसभा सत्र में प्रतिपक्ष सदन की कार्रवाई में ज्यादा उपस्थित नहीं दिखाई थी। कई ज्वलंत विषय और मामलों को लेकर प्रतिपक्ष के सदस्य विधानसभा में तो आते थे लेकिन सदन की कार्रवाई में बैठने की वजह है राजस्थान विधानसभा परिसर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए ही नजर आए थे। इसलिए पिछले विधानसभा सत्र की कार्रवाई में प्रतिपक्ष की उपस्थिति न के बराबर ही नजर आई जिसमें गोविंद सिंह डोटासरा और स्पीकर वासुदेव देवनानी के बीच आपस का विवाद काफी दिनों तक सदन की कार्रवाई में बाधित बना रहा लेकिन चालू बजट सत्र में प्रतिपक्ष ने अपनी हर बैठक में उपस्थित दिखाई इस दौरान प्रश्न काल में सवाल जवाब को लेकर जरूर सदन में शोरगुल हंगामा और बहस के नजारे देखने को मिले लेकिन फिर भी सदन में विपक्ष ने अपनी उपस्थिति दिखाने पर ज्यादा दिलचस्पी दिखाई । हालांकि यह भी सच है कि चालू बजट सत्र में चाहे सत्ता पक्ष हो या विपक्ष के सदस्यों हो बहुत कम अवसर ऐसे आए जब सत्ता पक्ष रुपए के सदस्य सदन में नजर आए अन्यथा दोनों ही पक्षों की ओर से सदन में सदस्यों की संख्या कई बार काफी कम देखी गई और कई बार कोरम पूरा नहीं होने का मामला भी सदन में उठा हालांकि विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सत्ता पर स्वरूपक्ष दोनों पक्षों के सचेतक को सदन में विधायकों की उपस्थिति को अनिवार्य रखने के निर्देश भी दिए लेकिन इसके बावजूद भी कई बार सदन में विधायकों की संख्या बहुत कम देखी गई जो कहीं ना कहीं चिंता का कारण जरूर है इस बात को राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भी स्वीकार किया और सदन में कहा कि सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्य सदन की कार्रवाई की वजह है समोसे खाने जाने पर ज्यादा रुचि दिखाते हैं जो ठीक नहीं है फिर भी राजस्थान विधानसभा का चालू बजट सत्र पिछले विधानसभा सत्र की तुलना में काफी अच्छी तरह से अब तक संपादित हुआ है जो अच्छी बात है ।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज जैसलमेर में प्रचंड हेलीकॉप्टर में भरेंगी उड़ान

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज प्रदेश के जैसलमेर एयर फोर्स स्टेशन से लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर प्रचंड में उड़ान भरेगी, यह उड़ान एक तरह का एरियल सर्वे होगी। जिसमें वह पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज और आसपास के इलाके का हवाई निरीक्षण करेंगी इस उड़ान की अवधि करीब 20 से 30 मिनट रहने की संभावना है। यह हेलीकॉप्टर पूरी तरह से भारत में विकसित किया गया है और इस कठिन परिस्थितियों में ऑपरेशन के लिए तैयार किया गया है। प्रचंड हेलीकॉप्टर ऊंचाई वाले इलाकों और रेगिस्तान क्षेत्र दोनों में प्रभावित तरीके से कम कर सकता है जानकारी के अनुसार प्रचंड हेलीकॉप्टर में उड़ान के बाद राष्ट्रपति एयरफोर्स स्टेशन पर मौजूद एयर फोर्स के अधिकारियों और जवानों से बातचीत करेंगी उनकी तैयारी और अनुभव के बारे में जानकारी हासिल लेंगे इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज के क्षेत्र में जाएगी जहां वायु शक्ति 2026 का मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में आयोजित होने वाले वायु शक्ति 2026 के मुख्य कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, तीनों सेना के प्रमुख और अनिल चौहान जैसी बड़ी शख्सियत भी शामिल रहेंगी द्य वायु शक्ति 2026 के इस कार्यक्रम में इंडियन एयर फोर्स के अधिकारी आसमान में रोमांचकारी प्रस्तुतियां प्रस्तुत करेंगे ।




CMYK

# जिला कलक्टर ने ली ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक

## आगामी दो माह में जिले में 25 हजार से अधिक वर्षा जल संग्रहण स्ट्रक्चर होंगे तैयार

## विभागीय योजनाओं में प्रगतिरत कार्यों को 31 मार्च तक पूर्ण करने के संबंध में दिए दिशा-निर्देश




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने मिनी सचिवालय स्थित सभागार में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने डीएमएफटी फण्ड, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा, एमजेएसए, जल संचय जन भागीदारी अभियान के तहत प्रगतिरत कार्यों को 31 मार्च से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि जल संचय जन भागीदारी अभियान के तहत आगामी दो माह में जिले में 25 हजार वर्षा जल संग्रहण स्ट्रक्चर बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस कार्य को पूर्ण करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में वर्षाजल संग्रहण हेतु 100-100 स्ट्रक्चर बनाने के प्रस्ताव तत्काल तैयार कर कार्य शुरू करें। स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिले के 37 शौचालय विहिन बालिका विद्यालयों एवं शौचालय विहिन 65 आंगनबाडियों में एक माह में शौचालय बनाने के साथ उन्हें चालू कराने के निर्देश दिये। उन्होंने पीएम आवास योजना के तहत विगत दो माह में 500 से अधिक आवास तैयार कर उनमें गृह प्रवेश कराने पर ग्रामीण विकास की टीम की सराहना कर निर्देश दिये कि शेष आवास के कार्यों को 31 मार्च तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने समस्त विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपखण्ड अधिकारी से समन्वय कर खेल मैदानों पर हो रहे अतिक्रमण को चिन्हित कर 30 जून तक हटवाने की कार्रवाई पूर्ण करें। इसी प्रकार स्वच्छ भारत मिशन में व्यक्तिगत शौचालयों एवं सामुदायिक स्वच्छता कॉम्पलेक्स की प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि शेष प्रगतिरत कार्य को 31 मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी उत्थान योजना की गाइडलाइन का अध्ययन कर इसके प्रावधानों के अनुरूप अप्रेल माह तक नए कार्यों के प्रस्ताव तैयार कर भिजवाएं। उन्होंने डीएमएफटी योजना के तहत 29 करोड रूपये की राशि से 161 कार्य स्वीकृत किए गए कार्यों की समीक्षा कर निर्देश दिये कि 31 मार्च तक सभी कार्य पूर्ण करा लिए जावे। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, सांसद एवं विधायक निधि कोष, मेवात क्षेत्रीय विकास योजना, मनरेगा, डीएमएफटी, पंच गौरव, गुरू गोवलकर आकांक्षी ब्लॉक योजना, श्यामा प्रसाद मुखर्जी उत्थान योजना, एमजेएसए सहित विभाग में संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेकर बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित करावे। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सालुखे गौरव रवीन्द्र ने जिला कलक्टर को विश्वास दिलाया कि बैठक में दिए गए निर्देशों की समयबद्ध रूप में पालना कराई जाएगी। बैठक में एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, जिला परिषद के सीईओ सालुखे गौरव रवीन्द्र, एसीईओ आरती गुप्ता, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता भूरी सिंह, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता रमेश चंद सैनी, एडीपीसी समसा मनोज शर्मा, वाटरशेड विभाग के अधिशासी अभियन्ता प्रहलाद मीना, ग्रामीण विकास विभाग के अधिशासी अभियन्ता प्यारेलाल मीना, नरेगा के अधिशासी अभियन्ता नरेन्द्र लाखीवाल सहित संबंधित अधिकारी एवं समस्त विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्रामीण क्षेत्र में बड़ी मात्रा में दूषित मिठाई नष्ट कराई





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर डॉ टी शुभ मंगला एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अलवर डॉ योगेंद्र शर्मा के निर्देशानुसार गुरुवार को ग्राम कैमरा स्थित मिठाई निर्माण इकाई में बालाजी पतीसा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उक्त इकाई पर करीब साढे चार सौ किलो पुरानी एवं दूषित मिठाइयां, जिनमें बदबू आ रही थी रखी पाई गई। उक्त इकाई से एक बालूशाही मिठाई एवं एक बर्फी का नमूना जांच हेतु लिया जाकर इकाई पर रखी करीब 450 किलो पुरानी दूषित मिठाई को मौके से नष्ट कराया गया। निरीक्षण दल ने बताया कि 60 फीट रोड अलवर स्थित पंकज स्वीट्स एवं हंस स्वीट मिष्ठान भंडार से मावे के नमूने जांच हेतु लिए गए। उक्त क्षेत्र के विभिन्न खाद्य कारोबार कर्ताओं को साफ सफाई से कार्य करने अपने फ़ूड लाइसेंस को दुकान पर लगा कर रखने एवं खाद्य सामग्री को ढककर बिक्री करने को निर्देशित किया गयातथा खाद्य कारोबार कर्ताओं को द्धह्यह्यड्ड 2006 के नियमों की भी जानकारी प्रदान की गई। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी के केशव गोयल, जय सिंह यादव, विश्व बंधु गुप्ता एवं अशोक लखेरा उपस्थित रहे।

## राजस्थान हैहयवंशी कलाल महासभा के अध्यक्ष घोषित हुए कैलाशी शिवचरण हाडा

### तीन वर्षीय कार्यकाल के लिए सर्वसम्मति से सौंपी गई जिम्मेदारी

जयपुर टाइम्स



**अलवर/जयपुर(निसं.) ।** राजस्थान हैहयवंशी कलाल महासभा सामाजिक संस्था की हाई पावर कमेटी की बैठक अजमेर स्थित जयसिंह चौहान के कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से कैलाशी शिवचरण हाडा को महासभा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उन्हें आगामी तीन वर्षीय कार्यकाल के लिए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने पर कैलाशी शिवचरण हाडा ने महासभा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संस्था की एकता, अखंडता एवं सामाजिक उत्थान के लिए तन-मन-धन से समर्पित रहकर कार्य करेंगे तथा समाज को संगठित करने की दिशा में निरंतर प्रयास करेंगे। इस अवसर पर कांवरिया सेना संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संचालक महंत त्रिलोकीनाथ जी महाराज, राजस्थान प्रभारी राजपाल सिंह जायसवाल, प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल मीणा, संरक्षक कन्हैयालाल सुवालका एवं रमेश अग्रवाल सहित समाज के अनेक पदाधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने कैलाशी शिवचरण हाडा को शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में महासभा सामाजिक गतिविधियों को नई दिशा प्रदान करेगी।

## पुराने भूरासिद्ध हनुमान मंदिर में चोरी, माता सीता के सोने के आभूषण ले गए चोर

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** शहर के अरावली विहार थाना क्षेत्र स्थित पुराने भूरासिद्ध हनुमान मंदिर में बीती रात चोर माता सीता के सोने के आभूषण और अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए। मंदिर के पुजारी पंडित महेश चंद्र शर्मा ने बताया कि चोरी की घटना की जानकारी सुबह मंदिर के कपाट खुलने पर हुई। जहां मंदिर में सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा मिला ओर प्रतिमाओं के पास बिखराव देखकर तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। पुजारी ने थाने में चोरी की रिपोर्ट लिखाई कि मंगलवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। रात करीब 9 बजे वे मंदिर से चले गए, उसके बाद चोर रात को मंदिर आए हैं। उसके बाद चोर माता सीता के सोने के आभूषण, मंगलसूत्र, एक जोड़ी झुमकी, नाक की नथ तथा चांदी के पात्र, आचमनी, घंटी, कटोरी और चम्मच अपने साथ ले गए। इसके अलावा हनुमान जी का तिलक एवं अन्य सामग्री भी गायब मिली है। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है ओर आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरो कि फुटेज खंगाल रही है घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश और चिंता का माहौल है। अनुमान है कि इसके बाद ही चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया।

## राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड की राज्य स्तरीय ट्रेनर्स मीट आयोजित

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर के तत्वाधान में नजर बगीची पर राज्य स्तरीय ट्रेनर्स मीट का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेशभर से लीडर ट्रेनर स्काउट गाइड एवं सहायक लीडर ट्रेनर स्काउट गाइड ने भाग लिया तथा मुख्यालय के राज्य प्रशिक्षण आयुक्त एवं सीओ स्काउट एल आर शर्मा ने भी मौजूद रहे। सीओ गाइड विजयलक्ष्मी रोहिला ने बताया ट्रेनिंग में प्रदेशभर से 40 से अधिक एलटी व एएलटी ने भाग लिया। यह स्काउट गाइड की वयस्क लीडर ट्रेनिंग की सर्वोच्च ट्रेनिंग है। शिविर संचालक स्टेट ट्रेनिंग कमिश्नर बनालाल ने बताया प्रशिक्षण के दौरान वयस्क लीडर्स ट्रेनिंग में पाठ्यक्रम में हुए बदलावों पर चर्चा के साथ बदलावों को कक्षा-कक्ष में प्रोजेक्टर के माध्यम से बताया गया। इस दौरान स्टेट ऑर्गनाइजिंग कमिश्नर सुयश लोढ़ा एवं द्वारा द्वारा सभी संभागियों का आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान सुरेश चन्द्र शर्मा, राजगुप्ता, चंद्रभान, दिनेश कुमार, शिवानी, पूजा, लावन्या, मनु, गुंजन सहित लीडर ट्रेनर स्काउट गाइड एवं सहायक लीडर ट्रेनर स्काउट गाइड मौजूद रहे है।

## अक्षय तृतीया पर आयोजित होगा दसवां सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन

### सेवा भारती समिति की बैठक में तैयारियों को लेकर बनी रूपरेखा



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** सेवा भारती समिति के तत्वावधान में श्रीराम जानकी विवाह समिति द्वारा आगामी 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर दसवें सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर समिति कार्यालय केशव कृपा, नेहरू नगर में बैठक आयोजित की गई, जिसमें 45 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

सेवा भारती समिति के जिलाध्यक्ष अतुल सिंह ने बताया कि इस वर्ष 11 जोड़ों का विवाह संपन्न कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिनमें से अब तक 8 जोड़ों का पंजीयन किया जा चुका है। विवाह हेतु पंजीकरण मल्होत्रा आयरन वर्क्स, घोड़ा फेर चौराहा तथा मनोमय एंटरप्राइजेज, शिव कॉम्प्लेक्स (जेल चौराहे के पास) पर किए जा रहे हैं।

जिला मंत्री राजन मल्होत्रा ने बताया कि पूर्व वर्षों की भांति इस बार भी विवाह समारोह आदर्श विद्या मंदिर, मालवीय नगर में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि समिति द्वारा अब तक 27 विभिन्न जातियों के 113 जोड़ों का विवाह सफलतापूर्वक कराया जा चुका है।

विवाह समिति के अध्यक्ष हरमीत सिंह मेंदीरत्ता ने बताया कि सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रत्येक नवदंपति को दानदाताओं के सहयोग से बेड सेट, गद्दा, रजाई, चादर, तकिया, साड़ियां, श्रृंगार सामग्री, मंगलसूत्र, बिछिया, पायजेब, नाक का कांटा, टीका, कानों की बाली, बर्तन सेट, कढ़ाई, भगोना, टिफिन, प्रेशर कुकर, कलश, पंखा, बिजली की प्रेस, सिलाई मशीन, लोहे का बक्सा, धार्मिक साहित्य, अलमारी तथा कुर्सी-मेज सहित आवश्यक गृहस्थी सामग्री प्रदान की जाएगी।

विवाह समिति संयोजक अशोक आहूजा ने बताया कि इच्छुक दानदाता एक या अधिक जोड़ों की विवाह राशि, भोजन अथवा आवास व्यवस्था का सहयोग भी कर सकते हैं।

समिति की उपाध्यक्ष ममता त्यागी ने बताया कि सेवा भारती समिति द्वारा वर्तमान में अलवर जिले में 37 सेवा प्रकल्प संचालित किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को संस्कार केंद्रों पर शिक्षा, खेलकूद, संस्कार एवं स्वावलंबन का प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके अतिरिक्त समिति द्वारा वर्षभर विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। बैठक की अध्यक्षता डॉ. कृष्ण कुमार गुप्ता ने की। लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने बताया कि बैठक में रुचि रानी, अर्चना गुप्ता, हंसा मित्तल, निशा शर्मा, डॉ. घनश्याम सैनी, डॉ. अजय वर्मा, डॉ. नरोत्तम लाल गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता, ताराचंद सैनी, बजरंग लाल शर्मा, मनीष गुप्ता, कमल गुप्ता सहित सकल समाज के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

## स्वास्थ्य कर्मचारी संघ में पदभार मिलने पर मनीष शर्मा व गोपाल सैनी का सम्मान

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** अखिल राजस्थान चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कर्मचारी संघ में महत्वपूर्ण दायित्व मिलने पर सामान्य चिकित्सालय, अलवर में फार्मासिस्ट संवर्ग एवं मंत्रालय संवर्ग द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में संघ के नव नियुक्त पदाधिकारियों मनीष शर्मा (नर्सिंग ऑफिसर) एवं गोपाल सैनी (वरिष्ठ रेडियोग्राफर) का गरिमामय सम्मान किया गया।

संघ द्वारा जारी आदेशानुसार मनीष शर्मा को जिलाध्यक्ष तथा गोपाल सैनी को जिला संयोजक पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस उपलब्धि पर विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए दोनों का पुष्पमालाएं पहनाकर एवं प्रशस्ति-पत्र भेंट कर अभिनंदन किया।

वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि दोनों पदाधिकारियों ने अपनी कार्यनिष्ठा, अनुशासन एवं सेवा भावना से सदैव विभाग की गरिमा को बढ़ाया है। उनके नेतृत्व एवं संगठनात्मक अनुभव से कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सहायता मिलेगी।

इस अवसर पर मनीष शर्मा एवं गोपाल सैनी ने सहकर्मियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन द्वारा सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता एवं ईमानदारी के साथ करते हुए कर्मचारियों के हितों की रक्षा एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु निरंतर प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में फार्मासिस्ट प्रभारी राजेश शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी मनु थापर, अनुभाग अधिकारी कामेश जैन, सुधीर यादव, मनोज जांगिड़, हितेश शर्मा, भूपेंद्र चौधरी, अक्षय, सूबे सिंह चौधरी, दीपक शर्मा, लोकेश कौशिक, अनवर अली, सुरेश सैनी सहित अन्य कर्मचारी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## नार्को कोऑर्डिनेशन केंद्र की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक का हुआ आयोजन

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में नार्को कोआर्डिनेशन केंद्र की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक का आयोजन हुआ।

बैठक के दौरान जिले में नशीले पदार्थों की तस्करी, ट्रामाडोल कोडिन आधारित खांसी की दवाई, भांग के वैध ठेको पर संचालित अवैध गतिविधियों की रोकथाम, पुलिस विभाग में अन्य विभागों द्वारा अभी तक की गई कार्यवाही, एनडीपीएस अधिनियम और दवाइयां के हानिकारक प्रभाव के प्रावधान के बारे में जागरूकता साहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने जिले में पुलिस विभाग को नशीले पदार्थों की तस्करी तथा बेचान के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही के निर्देश दिए। एनडीपीएस एक्ट में खैरथल पुलिस 1 जनवरी 2026 से 25 फरवरी तक द्वारा 17 प्रकरणों में 17 मुलजिमों को गिरफ्तार कर 57 लीटर हथकड शराब जप्त कर कार्रवाई की गई।आबकारी विभाग द्वारा 1 अप्रैल 2025 से 15 फरवरी 2026 तक 135 प्रकरण दर्ज किए गए तथा गत माह 27000 लीटर वाश नष्ट की व 85 लीटर हथकड जप्त कि एवं 65 फर्नेस को ध्वस्त कि गई। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने मेडिकल विभाग के अधिकारियों को कोरेक्स कप सिरप की अवैध बिक्री पर मेडिकल संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिले में ड्रग की समस्या से निपटने में युवाओं और महिलाओं की भागीदार हेतु जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए तथा उन्होंने पुलिस अधिकारियों को भी स्कूलों में कार्यशाला आयोजित कर छात्र-छात्राओं को जागरूक करने की निर्देश दिए। बैठक के दौरान डिप्टी एसपी तिजारा शिवराज, समाज कल्याण अधिकारी रमेश दहमीवाल, खनिज अभियंता मनोज कुमार, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रक लेखराज अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी शकुंतला मीणा, सहायक आबकारी अधिकारी कुलभूषण मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## होली मिलन उत्सव में दिखी सामाजिक समरसता की झलक

### मीरा धाम ट्रस्ट ने धूमधाम से मनाया होली मिलन, सद्भावना व समानता का दिया संदेश



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** मीरा धाम ट्रस्ट द्वारा राजगुप्ता सभागार, पुराना बर्फ खाना रोड स्थित परिसर में होली मिलन उत्सव हर्षोल्लास एवं पारंपरिक उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लेकर आपसी भाईचारे, प्रेम एवं सामाजिक एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम संयोजक समाजसेवी महेंद्र गोयल ने बताया कि उत्सव का शुभारंभ स्वतंत्रता सेनानी एवं कर्मठ आर्य समाजी नगर नायक के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं उपस्थित जनों ने एक-दूसरे को गुलाल का तिलक लगाकर तिलक होली खेली तथा समाज में सद्भावना और समानता बनाए रखने का संदेश दिया। इस दौरान किसानों की खुशहाली एवं समृद्धि के लिए विशेष प्रार्थना भी की गई।

संस्था के सचिव एवं सेवानिवृत्त अधिशासी अभियंता प्रमोद शर्मा ने युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़े रहने और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने का संदेश दिया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहन पूजा वाले ने अपनी मधुर गायकी से कार्यक्रम में उत्साह का संचार किया।

युवा नेता एवं समाजसेवी महेंद्र गोयल तथा लक्ष्मेश कुमार सिंह ने सभी उपस्थितजनों को तिलक लगाकर राजस्थान की वीर भूमि के गौरव को स्मरण कराया। समाजसेवी भव्य गोयल ने सभी का मुंह मीठा करवाकर होली की शुभकामनाएं दीं, वहीं राजेन्द्र सिंह (पप्पी) ने शेरो-शायरी प्रस्तुत कर कार्यक्रम को रोचक बना दिया।

नेहरू उद्यान विकास समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार खंडेलवाल ने सभी सदस्यों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम के अंत में नवीन शर्मा, आशा देवी सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने राज गुप्ता के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दीं। होली मिलन उत्सव सामाजिक सद्भाव एवं आपसी एकता के संदेश के साथ संपन्न हुआ।

## पवित्र कैलाश मानसरोवर तीर्थयात्री संस्था की आमसभा आयोजित

### जस्टिस जे.के. रांका बने अध्यक्ष, शिवचरण हाड़ा को संरक्षक की जिम्मेदारी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निसं.)।** वैशाली नगर स्थित बाइट लैंड स्कूल में पवित्र कैलाश मानसरोवर तीर्थयात्री संस्था राजस्थान की आमसभा का आयोजन किया गया, जिसमें संस्था के पुराने एवं नए सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक में संस्था के संगठन विस्तार, भवन निर्माण एवं राज्य सरकार से भूमि आवंटन संबंधी प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। आमसभा में सर्वसम्मति से जस्टिस जे.के. रांका को संस्था का अध्यक्ष तथा शिवचरण हाड़ा को संरक्षक मनोनीत किया गया। इसके साथ ही श्याम बिहारी अग्रवाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, आत्माराम गुप्ता को उपाध्यक्ष, रवि प्रकाश सैनी को महामंत्री, सुनीता भंडारी को मंत्री एवं चेनाराम सेपट को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक की अध्यक्षता शिवचरण हाड़ा ने की। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य संरक्षक एवं पर्वतारोही के.एन. सिंह, आर. के. जाजू, राजेंद्र अग्रवाल, बृजबिहारी शर्मा, कृष्ण गुप्ता, महेश वर्मा सहित विद्यालय स्टाफ एवं संस्था के सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

इस अवसर पर वर्ष 2019 एवं 2025 में कैलाश मानसरोवर यात्रा पूर्ण करने वाले तीर्थयात्रियों का माला एवं साफा पहनाकर सम्मान किया गया। साथ ही संस्था के भवन निर्माण एवं भूमि व्यवस्था के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया गया, जिसकी अध्यक्षता श्याम बिहारी अग्रवाल को सौंपी गई। कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त करते हुए सभी सदस्यों से संस्था की गतिविधियों में सक्रिय सहयोग बनाए रखने का आह्वान किया गया साथ ही सभी ने स्वरूचि भोज का आनंद लिया।

## मुख्यमंत्री रोजगार मेले का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा 28 को

### राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री करेंगे अध्यक्षता

**अलवर(निसं.)।** मुख्यमंत्री रोजगार मेले के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 28 फरवरी (शनिवार) को प्रातः 11 बजे से प्रताप ऑडिटोरियम में होगा। इस दौरान जिला स्तर के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में अजमेर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वर्चुअली प्रसारण किया जावेगा। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्य आवंटित करते हुए समुचित तैयारी यथासमय सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। इसके लिये अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम के पर्यवेक्षण में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को नोडल अधिकारी एवं उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सह नोडल तथा सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त निदेशक को तकनीकी नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में भाग लेने वाले नवनियुक्त कार्मिकों का कार्यक्रम स्थल पर पंजीकरण करने के साथ ही नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।

## होली पर्व पर यात्रियों की सुविधा हेतु मदार-रोहतक-मदार (प्रतिदिन) स्पेशल रेलसेवा का संचालन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** रेलवे द्वारा होली पर्व पर अतिरिक्त यात्री यातायात को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु मदार-रोहतक-मदार (प्रतिदिन) स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 09639, मदार-रोहतक (प्रतिदिन) स्पेशल रेलसेवा दिनांक 1.3.26 से 31.3.26 तक (31 ट्रिप) मदार से प्रतिदिन 4.30 बजे रवाना होकर 12.50 बजे रोहतक पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09640, रोहतक-मदार (प्रतिदिन) स्पेशल रेलसेवा दिनांक 1.3.26 से 31.3.26 तक (31 ट्रिप) रोहतक से प्रतिदिन 13.20 बजे रवाना होकर 22.35 बजे मदार पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में किशनगढ, नरेना, फुलेरा, रेनवाल, बधाल, रींगस, श्रीमाधोपुर, कावंट, भगेगा, नीम का थाना, मांवडा, डाबला, निजामपुर, नारनौल, अटेली, कुण्ड,रेवाडी ,गोकलगढ,पाल्हावास,झज्जर एवं अस्थल बोहर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 7 साधारण व 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 9 डिब्बे होगे।

## साइबर धोखाधड़ी से रेलवे पेंशन भोगी रहे सतर्क : गिरोह सक्रिय, फर्जी कॉल करके मांग रहे जानकारी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** भारतीय रेलवे के कर्मचारियों पर साइबर क्राइम से जुड़े लोगों ने अपनी निगाह जमाली है, कई गिरोह सक्रिय है जो रेलवे अधिकारी बनकर पेंशन भोगी कर्मचारी के यहां फोन कॉल करके उनसे बैंक और कई अन्य तरह की जानकारियां मांग रहे हैं इंडियन रेलवे के अधिकारियों ने साफ कहा है कि इंडियन रेलवे की ओर से रेलवे के वर्तमान और रिटायर्ड कर्मचारियों और अधिकारियों को किसी भी तरह का कोई फोन कॉल नहीं किया जा रहा है इसलिए इस तरह के फोन कॉल को इग्नोर करें और अपनी जानकारी शेयर नहीं करें ,यह बात सामने आई है कि कुछ साइबर जालसाज रेलवे अधिकारियों के नाम पर फर्जी फोन कॉल कर रहे हैं और एसएमएस,व्हाट्सएप संदेश भेज रहे हैं, जिसमें पीपीओ अपडेट, केवाईसी सत्यापन, अतिरिक्त पेंशन लाभ आदि के बहाने व्यक्तिगत और वित्तीय विवरण मांगे जा रहे हैं। पेंशनभोगियों को सूचित किया जाता है कि रेलवे पीपीओ या सेवा रिकॉर्ड को अपडेट करने के लिए कोई लिंक या संदेश नहीं भेजता है। किसी भी रेलवे अधिकारी को फोन कॉल, एसएमएस, व्हाट्सएप या सोशल मीडिया के माध्यम से बैंक विवरण, ओटीपी, पासवर्ड या कोई भी गोपनीय जानकारी मांगने का अधिकार नहीं है। पेंशनभोगियों को सतर्क रहने और अपने परिवार के सदस्यों को भी इस संबंध में जागरूक करने की सलाह दी जाती है। किसी भी संदिग्ध कॉल या संदेश की सूचना तुरंत पुलिस साइबर सेल और संबंधित प्रशासनिक कार्यालय को दी जानी चाहिए।

## होली पर्व पर साबरमती-हरिद्वार-साबरमती साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** रेलवे द्वारा होली पर्व पर अतिरिक्त यात्री यातायात को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेल प्रशासन की ओर से साबरमती-हरिद्वार-साबरमती साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 09425, साबरमती-हरिद्वार साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 23.2.26 से 23.3.26 तक (5 ट्रिप) साबरमती से प्रत्येक सोमवार को 18.45 बजे रवाना होकर मंगलवार को जयपुर स्टेशन पर 6.10 बजे आगमन व 6.20 बजे प्रस्थान कर 20.30 बजे हरिद्वार पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09426, हरिद्वार-साबरमती साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 24.2.26 से 24.3.26 तक (5 ट्रिप) हरिद्वार से प्रत्येक मंगलवार को 21.45 बजे रवाना होकर बुधवार को जयपुर स्टेशन पर 11.15 बजे आगमन व 11.25 बजे प्रस्थान कर 22.30 बजे साबरमती पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में महेसाना, पालनपुर, आबूरोड, पिंडवाडा, जवाईबांध, फालना, रानी, मारवाड जं., ब्यावर, अजमेर, किशनगढ, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, बांदीकुई, अलवर, रेवाडी, गुडगॉव, दिल्ली कैंट, दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ कैंट, मुजफ्फरनगर व रुडकी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 2 सैकण्ड एसी, 4 थर्ड एसी, 12 द्वितीय शयनयान, 2 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बो सहित कुल 22 डिब्बे होगे

## होली पर्व पर कोटा-रशीदपुर खोरी-कोटा होली एक्सप्रेस स्पेशल (1 ट्रिप) रेलसेवा का संचालन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** रेलवे द्वारा होली पर्व पर अतिरिक्त यात्री भार को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु कोटा-रशीदपुर खोरी-कोटा होली एक्सप्रेस स्पेशल (1 ट्रिप) रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 09807, कोटा-रशीदपुर खोरी होली एक्सप्रेस स्पेशल रेलसेवा कोटा से बुधवार दिनांक 4.0.26 को 21.55 बजे रवाना होकर गुरूवार को 5.20 बजे रशीदपुर खोरी पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09808, रशीदपुर खोरी-कोटा होली एक्सप्रेस स्पेशल रेलसेवा गुरूवार दिनांक 5.3.26 को रशीदपुर खोरी से 6.55 बजे रवाना होकर 15.55 बजे कोटा पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में लाखेरी, इंद्रगढ, सवाईमाधोपुर, दुर्गापुरा, जयपुर, ढेहर का बालाजी, चौमू सामोद, रींगस व सीकर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 1 फर्स्ट मय सैकण्ड एसी, 2 सैकण्ड एसी, 5 थर्ड एसी, 1 थर्ड एसी इकोनोमी, 7 द्वितीय शयनयान, 4 साधारण श्रेणी, 1 पॉवरकार व 1 गार्ड डिब्बों सहित कुल 22 डिब्बे होगे। पूर्व में जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार गाडी संख्या 09803/09804, कोटा-रशीदपुर खोरी-कोटा एक्सप्रेस स्पेशल रेलसेवा कोटा से दिनांक 4.3.26 एवं रशीदपुर खोरी से दिनांक 5.3.26 को रद्द रहेगी।

## नगर निगम जयपुर सतर्कता शाखा की टीम ने की कार्रवाई

### 34 हजार 500 रुपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 5 केन्टर सामान जब्त

**जयपुर(कास)।** नगर निगम जयपुर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देशानुसार व पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में गुरूवार को सतर्कता शाखा की ओर से नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में रामपुरा फाटक, कोहिनुर सिनेमा के सामने, डिग्गी रोड़ सांगानेर, प्रताप नगर द्वारकापुरी सर्किल, सेक्टर 8 प्रताप नगर टोंक रोड़, सांगानेर पुलिया बस स्टैण्ड, 60 फीट रोड प्रताप नगर चैराहा, केडिया पैलेस चैराहा मुरलीपुरा, अर्पित नगर गांधीपथ, श्रीराम नगर खिरणी फाटक रोड़ व महिमा सर्किल पत्रकार कॉलोनी आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 34 हजार 500 रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 5 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में रामपुरा फाटक, कोहिनुर सिनेमा के सामने, डिग्गी रोड़ सांगानेर, प्रताप नगर द्वारकापुरी सर्किल, सेक्टर 8 प्रताप नगर टोंक रोड़, सांगानेर पुलिया बस स्टैण्ड, 60 फीट रोड प्रताप नगर चैराहा, केडिया पैलेस चैराहा मुरलीपुरा, अर्पित नगर गांधीपथ, श्रीराम नगर खिरणी फाटक रोड़ व महिमा सर्किल पत्रकार कॉलोनी आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान 5 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया

# पंचायत के चुनाव नहीं करवाए तो केंद्र ने 3000 करोड रुपए नहीं दिए, गांव का विकास रुक गया : टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने गुरुवार को ग्रामीण विकास और पंचायत राज विभाग के अनुदान मांगों पर बहस के दौरान अपने भाषण में कहा कि गांव का व्यक्ति अपने और गांव के विकास के बारे में सरकार की तरफ देखा है इसीलिए हमारी पार्टी की सरकार ने गांव की आधारभूत व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने राजस्थान में नागौर से ही पंचायत राज विकास व्यवस्था की शुरुआत पूरे देश में की थी। इसके बाद मनमोहन सिंह सरकार ने गांव और पंचायत के विकास के लिए मनरेगा जैसी योजना शुरू की जिसको लेकर भारत में ही नहीं पूरे विश्व में यह योजना चर्चा में रही पूरा विश्व यह सोच रहा था कि आखिर इतने



बड़े देश में रोजगार की गारंटी की योजना कैसे लागू हो सकती है लेकिन हमारी सरकार ने इस योजना को शानदार तरीके से लागू किया जिसकी सभी राज्यों की सरकारों और केंद्र प्रशासित राज्य की सरकारों ने उस समय खूब प्रशंसा की इस योजना से गांव में कई तरह के विकास कार्य हुए गांव के लोगों को रोजगार मिला गांव से शहरों का पलायन रुका लेकिन गांव और ग्रामीण इलाकों के लोगों की खुशी भाजपा सरकार से नहीं देखी गई और मनरेगा योजना जो केवल खोजना नहीं थी बल्कि एक तरीके से कानूनी अधिकार था रोजगार हासिल करने का उसका पूरा पैटर्न ही भाजपा सरकार ने बदल दिया इस एक्ट को ही खत्म कर दिया उन्होंने कहा कि गांव और ग्रामीणों के विकास को लेकर भाजपा के पेट में दर्द था इसलिए इस योजना को उन्होंने बंद किया जूली ने कहा कि मनरेगा में राज्य का 10 प्रतिशत और केंद्र का 90 प्रतिशत हिस्सा निर्धारित था और अब राज्य का 40 प्रतिशत हिस्सा निर्धारित हुआ है उन्होंने कहा कि जब 10 प्रतिशत हिस्सा ही राजस्थान सरकार सहन नहीं कर पा रही थी तो अब 40 प्रतिशत हिस्सा कहां से सहन करेगी उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार के पास विकास कार्यों के लिए पैसा नहीं है दवाई के लिए पैसे नहीं है पेंशन के लिए पैसे नहीं है कृषक को सब्सिडी के लिए पैसे नहीं है और अब 125 दिन का रोजगार देने का वादा कर रहे हैं 125 दिन का रोजगार देने के लिए 21000 करोड रुपए की व्यवस्था करनी पड़ेगी यह पैसा सरकार कहां से लाएगी उन्होंने कहा कि केंद्र और राजस्थान सरकार प्रदेश के लोगों को देश के लोगों को सिर्फ इस योजना के नाम पर गुमराह कर रही है जो ठीक नहीं है उन्होंने कहा कि भारत के संविधान में हर 5 साल में पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव निहित है लेकिन 5 साल बीत जाने के कई दिनों बाद भी राजस्थान में पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव नहीं करवाए गए जिसकी वजह से केंद्र सरकार ने गांव के 3000 करोड रुपए नहीं दिए अगर यह पैसा समय पर मिल जाता तो प्रदेश के गांव के विकास के काम आता उन्होंने कहा कि सरकार संविधान को नहीं मान रही लोकतंत्र को नहीं मान रही और जानबूझकर संविधान और लोकतंत्र का उल्लंघन करके पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव नहीं करवा रही जूली ने अपने भाषण में कहा कि गांव गरीब और किस शुरू से ही भाजपा की आंख में खटकता है उन्होंने कहा कि किसान को परेशान करने के लिए पहले किसानों के लिए बिल लेकर आए जब दिल को लेकर देशभर जब इनको लेकर देश भर में जोरदार विरोध हुआ तो इन बिल को वापस लेना पड़ा अब अमेरिका से जो ट्रेड डील की गई उस देश के किसानों के हितों कोई नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया गांव में गरीबों के रोजगार चुना गया हर तरह से केंद्र और राजस्थान में भाजपा की सरकार गांव गरीब और किस का शोषण कर रही है उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत राजस्थान ही नहीं बल्कि पूरे देश में ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को व्यापक रोजगार मिल रहा था बड़े-बड़े कार्य इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र में हो रहे थे जिसकी वजह से गांव की दशा और दिशा बदलने लगी थी लेकिन यह विकास भाजपा को देखा नहीं गया ।

## प्रदेश में निजी बस संचालकों की हड़ताल जारी, महुआ में बस के चालक को जूते की माला पहनाई

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** पिछले सोमवार की आधी रात से प्रदेश में परिवहन विभाग की कार्रवाई के खिलाफ निजी बस वालों की शुरू हुई हड़ताल गुरुवार को भी जारी रही सरकार और निजी बस संचालकों के बीच किसी भी तरह का कोई संवाद अब तक नहीं हो पाया है जिसकी वजह से हड़ताल टूटने की कोई भी संभावना गुरुवार को भी नजर नहीं आई इसलिए गुरुवार को भी प्रदेश में परिवहन व्यवस्था काफी बाधित रही और लाखों की संख्या में यात्री परेशान नजर आए इस हड़ताल से प्रदेश में करीब 35000 निजी बस का संचालन नहीं हो पा रहा है राजधानी जयपुर सहित प्रदेश के सभी छोटे-बड़े शहर और कस्बे में हड़ताल का व्यापक असर देखने को मिल रहा है रोडवेज बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की संख्या कई गुना ज्यादा नजर आने लगी है इसलिए जैसे-जैसे हड़ताल लंबी खींचती जा रही है वैसे-वैसे होली पर्व मनाने के लिए अपने घर पर आने के लिए सोच रहे लोगों के लिए भी अब काफी मुश्किलें पैदा होती हुई दिख रही है दूसरी तरफ इस हड़ताल को लेकर निजी बस ऑपरेटर अब काफी गुस्से में भी दिखने लगे हैं अगर कोई निजी बस संचालक चोरी छुपे बस का संचालन करता हुआ दिख रहा है तो उसके हड़ताल में शामिल बस संचालक मार पिटाई के लिए भी उतारू नजर आ रहे हैं इसका एक नजर प्रदेश के दोसा जिले के महुआ में देखने को मिला जहां पर एक निजी बस के चालक को बस का संचालन करता हुआ देखकर हड़ताल में शामिल निजी बस संचालक गुस्से में हो गए और उस बस चालक के साथ मारपीट करके उसे जूते की माला पहनाई गई गौरतलब है कि प्रदेश में परिवहन विभाग की कार्रवाई के खिलाफ निजी बस संचालकों ने फिर से पिछले सोमवार से हड़ताल शुरू की है पूर्व में भी इस तरह की हड़ताल हुई थी बाद में सरकार और निजी बस संचालकों के बीच आपस में समझौता हुआ था समझौते के मुताबिक निजी बस संचालकों का कहना है कि सरकार से पूर्व में जो समझौता हुआ था उसके मुताबिक हमने बस की बॉडी से संबंधित सभी मानक पूरे किए थे जिसमें हमारे लाखों रुपए खर्च भी हुए कुछ दिन तक परिवहन विभाग ने समझौते के तहत कार्रवाई नहीं की लेकिन अब फिर से परिवहन विभाग की ओर से नाजायज तरीके से निजी बस वालों को परेशान किया जा रहा है और लाखों रुपए का चालान काटा जा रहा है उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग की मनमर्जी से निजी बस संचालकों की आर्थिक हालत काफी खराब हो गई है निजी बस संचालकों का यह भी कहना है कि परिवहन विभाग की टीम बीच रास्ते में ही बस को रुकवा लेती है और फिर यात्रियों को भी बस से नीचे उतार देती है जिसकी वजह से यात्रियों को भी काफी परेशानी होती है उन्होंने कहा कि इस तरह से परिवहन विभाग की ओर से प्रदेश के इतिहास में पहले कभी भी कार्रवाई नहीं हुई जब बीच रास्ते में यात्रियों को भी चेकिंग व्यवस्था से परेशान होना पड़े उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोग यात्रा करने में परेशान हो रहे हैं इसको लेकर उन्हें भी काफी कष्ट पहुंच रहा है क्योंकि होली का त्योहार बिल्कुल नजदीक है बहुत से लोग कई दिनों बाद वापस अपने घर लौट के लिए सोच रहे हैं लेकिन हमारी भी मजबूरी है हमको नाजायज तरीके से परिवहन विभाग परेशान कर रहा है हमारे इस धंधे से लाखों लोग जुड़े हुए हैं उन्हें भी हड़ताल से परेशानी हो रही है लेकिन क्या करें परिवहन विभाग पूरी तरह से मनमर्जी पर उतरा हुआ है इसलिए मजबूरी में हड़ताल पर आना पड़ा लेकिन चार दिन भी जाने के बावजूद भी सरकार की ओर से इस हड़ताल को समाप्त करने के लिए कोई गंभीर प्रयास शुरू नहीं किए गए हैं इस बात को लेकर निजी बस संचालकों में काफी आक्रोश और नाराजगी जरूर छाई हुई है ।

## राजस्थान को 15वें वित्त आयोग की तुलना में 16 वें वित्त आयोग से कम हिस्सा मिला, घोषणा हुई लेकिन काम नहीं हुआः हरीश चौधरी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी, पूर्व मंत्री और कांग्रेस पार्टी के विधायक हरीश चौधरी ने गुरुवार को राजस्थान विधानसभा में जोर देकर कहा कि 15वें वित्त आयोग की तुलना में 16 वित्त आयोग में राजस्थान का हिस्सा काफी कम निर्धारित किया गया इसकी वजह से प्रदेश में विकास कार्य संपादित नहीं हो पाए उन्होंने कहा कि 15 वे वित्त आयोग में राजस्थान का हिस्सा 6.53 प्रतिशत था और 16 वे वित्त आयोग में यह हिस्सा 5.93 प्रतिशत ही रह गया उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोगों को डबल इंजन की सरकार का झांसा देकर बड़ी-बड़ी बातें और बड़े-बड़े दावे विकास कार्यों को लेकर किया जा रहे हैं पिछले दो साल में सरकार ने घोषणा भी की लेकिन पैसों की कमी की वजह से घोषणाएं पूरी नहीं हुई इसलिए प्रदेश में विकास कार्य पूरी तरह से बंद पड़े हैं उन्होंने कहा कि बीकानेर जिले में पानी की गंभीर समस्या है सरकार कोई योजना तैयार नहीं कर रही है गर्मी शुरू हो गई है लोगों को पीने के पानी उपलब्ध कराने का कोई रोड मैप तैयार नहीं किया जा रहा है दूसरी तरफ कश्मीर राजस्थान में बड़ी संख्या में खेजड़ी के पेड़ों की कटाई करके क्षेत्र के पर्यावरण के लिए गंभीर समस्या पैदा कर दी है चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री बार-बार यह कहते हैं कि मैं दिल्ली जब भी जाता हूं प्रदेश के लिए कुछ लेकर आता हूं लेकिन वित्त आयोग के आंकड़ों से साफ दिखता है कि केंद्र सरकार राजस्थान के हिस्से में लगातार कटौती कर रही है इसकी वजह से पैसों की कमी से प्रदेश सरकार विकास कार्य संपादित नहीं कर पा रही उन्होंने कहा कि अगर वित्त आयोग से ज्यादा पैसा मंजूर करवाने में सरकार सफल होती तो माना जा सकता था कि केंद्र सरकार राजस्थान सरकार का पूरा सहयोग कर रही है लेकिन पहले की तुलना में कम पैसा मंजूर करके वित्त



आयोग ने यह साफ दिखा दिया है कि राजस्थान को लेकर केंद्र सरकार गंभीर नहीं है उन्होंने कहा कि घोषणाएं करने और झूठी वह वाही लूटने की बजाय सरकार प्रदेश में अच्छा वित्त प्रबंधन करें ताकि प्रदेश में विकास कार्य नजर आए उन्होंने कहा कि पिछले 2 साल में हर क्षेत्र में प्रदेश का विकास बाधित हुआ है लेकिन सरकार आंकड़ों के माया जाल में प्रदेश के लोगों को गुमराह कर रही है हरीश चौधरी ने कहा कि पश्चिमी राजस्थान में खेजड़ी आंदोलन को लेकर सरकार का रवैया ठीक नहीं रहा यह आंदोलन राजनीतिक नहीं था बल्कि इस आंदोलन में साधु संत और क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों ने अपनी उपस्थिति दिखाई थी लेकिन सरकार ने गंभीरता नहीं दिखाई उन्होंने कहा कि खेजड़ी का वृक्ष पश्चिमी राजस्थान के लोगों में काफी पूजनीय माना जाता है यह वृक्ष एक तरफ रेगिस्तान को रोकने से बचा रहा है तो दूसरी तरफ क्षेत्र के पर्यावरण संतुलन को भी बनाए रखने में अपनी बड़ी भूमिका निभा रहा है उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर हजारों खेजड़ी के पेड़ काट दिए जाएं यह कौन सा विकास है उन्होंने कहा कि गर्मी शुरू हो गई है ग्रामीण क्षेत्रों में पीने के पानी की समस्या के निवारण के लिए सरकार को गंभीरता से काम करना होगा हरीश चौधरी ने पंचायत राज चुनाव नहीं करवाने पर भी भजनलाल सरकार को कटकारी में खड़ा किया।

## हर घर में नल, हर खेत में पानी और किसानों को उपज का अच्छा मूल्य मिले, इस भावना से कर रहे कार्य : स्पीकर ओम बिरला

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को अपने निर्वाचन क्षेत्र कोटा बूंदी में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि उनके निर्वाचन क्षेत्र में हर घर में नल हर खेत में पानी पहुंचाने के संकल्प के साथ-साथ हम इस भाव से कार्य कर रहे हैं कि हमारे किसान अपनी उपज को मुंबई दिल्ली के बाजारों में बेचकर अच्छा मूल्य हासिल कर सके उन्होंने कहा कि पिछले 2 साल में उनके निर्वाचन क्षेत्र में पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा, उद्योग ,रोजगार, पर्यटन, कानून व्यवस्था, पुलिस इत्यादि सभी क्षेत्रों में व्यापक तौर पर कार्य हुए हैं उन्होंने कहा कि लोगों को पीने का समुचित शुद्ध जल मिले और किसानों को किसी भी बात की परेशानी नहीं हो इसके लिए वे निरंतर प्रयास और कार्य करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे जानकारी के अनुसार गुरुवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला और ऊर्जा मंत्री हीरालाल नगर कोटा, बूंदी , नागार्जुन क्षेत्र के सांगोद क्षेत्र में 110 करोड रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए थे दोनों ही नेताओं का वहां मौजूद लोगों ने शानदार तरीके से स्वागत किया लोगों से मिले प्यार और सम्मान को देखकर ओम बिरला काफी खुश और प्रभावित नजर आए इसमें कोई संदेह नहीं है लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला अपने निर्वाचन क्षेत्र कोटा बूंदी के समुचित विकास के लिए अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहे जिन्हें योजनाओं और प्रोजेक्ट में केंद्र सरकार के सहयोग और स्वीकृति की आवश्यकता होती है उन योजनाओं को भी अपने बड़े पद के प्रभाव की वजह से संपादित करवाने में सफल हो रहे हैं जिसमें कोटा, बूंदी ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट को मंजूरी दिलवाने एक बहुत बड़ा उनका प्रयास माना जाता है इस एयरपोर्ट के लिए पिछले कई सालों से ओम बिरला लगातार प्रयास कर रहे थे और लोकसभा चुनाव के दौरान भी उन्होंने इस एयरपोर्ट के लिए लोगों से वादा किया था अब इस एयरपोर्ट के निर्माण की दिशा में कार्य भी शुरू होने जा रहा है इसी तरह से यहां पर्यटन के क्षेत्र में भी ओम बिरला ने काफी कुछ कार्य किया है बड़ी बात यह है कि ओम बिरला जब दिल्ली में संसद की कार्रवाई चल रही होती है उन दिनों में ही दिल्ली में बिरला रहते हैं अन्यथा बाकी के दिनों में ओम बिरला अपने निर्वाचन क्षेत्र में ही नजर आते हैं।

## किरोड़ी से बोले डोटासरा-मैं तुम्हारा साडू... तुम्हारे साथ हूं.. चिंता मत करो : गोविंद सिंह डोटासरा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान विधानसभा में गुरुवार को राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष और विधायक गोविंद सिंह डोटासरा ने बहस के दौरान पंचायत राज विभाग में ग्राम पंचायत में ग्राम विकास अधिकारी को डेपुटेशन पर नियुक्ति देने के मामले को लेकर पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर पर जोरदार हमला बोला और कहा कि उनके और प्रदेश में कई निर्वाचन क्षेत्र में हजारों की संख्या में ग्राम विकास अधिकारियों को डेपुटेशन पर नियुक्त किया गया है जो कहीं ना कहीं भ्रष्टाचार की ओर इंगित कर रहा है उन्होंने कहा कि मैं यह नहीं कह रहा कि यह डेपुटेशन मंत्री की निगाह में है या नहीं या फिर अधिकारियों ने अपने स्तर पर इस तरह से बड़े पैमाने पर ग्राम विकास अधिकारियों को डेपुटेशन पर तबादले किए और नियुक्ति दी गई लेकिन इससे एक बात बिल्कुल साफ हो रही है कि कहीं ना कहीं डॉक्टर किरोडी लाल मीणा को ठीक तरह से काम नहीं करने दिया जा रहा इस तरह के तबादले करके उन्हें अच्छा काम करने के लिए विभाग में रोका जा रहा है ताकि डॉक्टर किरोड़ी मीणा परफॉर्मेंस के आधार पर उपमुख्यमंत्री न बन जाए डोटासरा ने डॉक्टर किरोड़ी मीणा की ओर इंगित करते हुए कहा कि डॉक्टर किरोड़ी मीणा पिछले कई दिनों से काफी उदास है उन्हें उनकी इच्छा के मुताबिक कार्य नहीं करने दिया जा रहा उन्हें रोका जा रहा है लेकिन मैं उनका साडू हूं और हमेशा



उनके साथ हर संघर्ष में साथ रहूंगा डोटासरा ने अपने भाषण में पंचायत राज मंत्री गाय का दूध पीकर बड़े हुए या फिर भैंस का दूध पीकर बड़े हुए यह भी समझना बहुत जरूरी हो गया है डोटासरा ने कहा कि अगर कोई नियम और कायदों के मुताबिक ट्रांसफर किए जाते हैं तो अच्छी बात है ट्रांसफर होने चाहिए लेकिन नियम और कायदों के विपरीत बड़े स्तर पर ग्राम विकास अधिकारियों को पंचायत समितियां में डेपुटेशन पर काम दे देना यह कहीं ना कहीं भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने की बात है उन्होंने कहा कि उनके लक्ष्मणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अलावा खंडेला और कई अन्य विधानसभा क्षेत्र में बड़ी संख्या में ग्राम विकास अधिकारियों को डेपुटेशन पर नियुक्त किया गया है जो पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त हैं और किसी की भी नहीं सुन रहे ।

# आज एकादशी पर्व पर रथ पर भर सवार होकर खाटू श्याम जी करेंगे नगर भ्रमण, पुलिस प्रशासन के कड़े प्रबंध

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** विख्यात खाटू श्याम जी मेला की रंगत चरम सीमा पर है रोजाना लाखों की संख्या में भक्त यहां दर्शन करने आ रहे हैं लगातार श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है आज एकादशी पर्व पर बाबा खाटू श्याम जी रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे इसके लिए बहुत ही सुंदर तरीके से बाबा श्याम के लिए चांदी का रथ सजाया गया है इस रथ पर सवार होकर खाटू श्याम जी नगर का भ्रमण करेंगे आज खाटू बाबा खुद लोगों को दर्शन देने के लिए आ रहे हैं इससे पहले लोग उनके दर्शन के लिए मंदिर में जा रहे थे लेकिन आज एकादशी पर्व पर खाटू बाबा खुद लोगों को दर्शन देने के लिए काफी बेताब दिख रहे हैं जानकारी के अनुसार पिछले 6 दिनों में 9 लाख से ज्यादा श्रद्धालु यहां पर दर्शन कर चुके हैं आज एकादशी पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के यहां आने की उम्मीद है इसलिए पुलिस और प्रशासन बाबा के नगर भ्रमण को लेकर पूरी




तरह से तैयार है जानकारी के अनुसार खाटू श्याम जी में इस समय पूरे शहर में कई जगहों पर बड़े-बड़े भंडारे लगे हुए हैं जहां पर साउथ इंडियन और विभिन्न राज्यों के शाकाहारी व्यंजन यहां पर विभिन्न भंडारों में श्रद्धालुओं को आदर भाव के साथ खिलाई जा रहे हैं यहां पर हरियाणा ,मध्य प्रदेश ,गुजरात, कोलकाता,महाराष्ट्र, बिहार, बंगाल, दिल्ली , पंजाब, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश ,उत्तराखंड इत्यादि सभी राज्यों से यहां बड़ी संख्या में लोग खाटू श्याम जी के मेले में दर्शन करने के लिए आते हैं यहां लोग परिवार के साथ आए हुए हैं यहां पर पूरे शहर में सैकड़ो की संख्या में भंडारे स्थापित हैं तो श्रद्धालुओं के लिए खाने-पीने ठहरने नहाने चिकित्सा इत्यादि सभी सुविधाएं यहां पर जगह-जगह निशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है जानकारी के अनुसार इस बार किसी ने सोशल मीडिया पर बाबा खाटू श्याम के दर्शनों के लिए एक ऐसा वीडियो अपलोड कर दिया था जिसमें बताया जा रहा था कि करीब 40 किलोमीटर पैदल रास्ता तय करने के बाद खाटू श्याम जी के दर्शन होंगे इसलिए इस वीडियो के वायरल होने के बाद इस बार यहां पर पहले की तुलना में भक्तों की संख्या थोड़ी कम देखने को मिली है लेकिन मंदिर प्रशासन की ओर से बाकायदा बार-बार यह बताया जा रहा है कि यहां पर बाबा श्याम के दर्शन करने के लिए आपको ज्यादा परेशानी का सामना करना नहीं पड़ेगा लेकिन भारी भीड़ और सुरक्षा प्रबंधन की वजह से यहां पर बाबा के दर्शन के लिए कई घंटे तक इंतजार करना भी पड़ता ही है उल्लेखनीय है कि खाटू श्याम जी के भक्ति देश के विभिन्न राज्यों में बड़ी संख्या में मौजूद है बड़े-बड़े राजनेता उद्योगपति व्यापारी डॉक्टर इंजीनियर और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े विशिष्ट लोग बाबा के दरबार में वर्ष पर्यंत आते रहते हैं यहां कहा जाता है कि जो एक बार बाबा के दर्शन कर लेता है उसकी जिंदगी बदल जाती है जो एक बार बाबा के दर पर आकर मन्नत मांगता है उसकी मन्नत हर हाल में पूरी होती है और जब उसकी मन्नत पूरी हो जाती है तो वह बार-बार यहां आने से खुद को नहीं रोक पाता इसीलिए खाटू श्याम जी में वर्ष पर्यंत रोजाना बड़ी संख्या में लोग दर्शन करने के लिए आते हैं इन दोनों खाटू श्याम जी का विशेष मेला भर रहा है इस मेले का समापन 28 फरवरी को होगा आज एकादशी पर्व पर बाबा श्याम रथ में सवार होकर लोगों को दर्शन देंगे पूरे शहर का भ्रमण करेंगे इसलिए शहर के लोग और यहां दर्शन करने आने वाला प्रत्येक व्यक्ति बाबा के रथ को छूकर उनसे आशीर्वाद लेने का प्रयास भी करता हुआ दिखेगा इसलिए आज यहां सुरक्षा के अतिरिक्त प्रबंध भी किए गए हैं बाबा के नगर भ्रमण के दौरान किसी भी तरह की व्यवस्था नहीं बिगड़े और भगदड़ का माहौल नहीं बने इसके लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं ।

## सम्पादकीय

### विमान सुरक्षा की कसौटी: बढ़ते हादसे और गिरता भरोसा



झारखंड में चतरा जिले के कर्माटाड जंगल में सोमवार शाम एक चार्टर्ड एअर एंबुलेंस के हादसे का शिकार होने और उसमें सभी सात लोगों की मौत ने एक बार फिर इस सवाल को गहरा किया है कि क्या दिनोंदिन विमान सेवाएं असुरक्षित होती जा रही हैं। गौरतलब है कि एक मरीज और उनके परिजनों को दिल्ली ले जा रही एअर एंबुलेंस मौसम खराब होने की वजह से मार्ग बदलने की कोशिश कर रही थी। मगर थोड़ी देर बाद यह विमान रडार से गायब हो गया और कुछ समय बाद उसका मलबा घने जंगल में मिला। यह हादसा पिछले कुछ समय से लगातार सामने आ रही वैसी घटनाओं की एक कड़ी है, जिनसे विमान यात्रा के पूरी तरह सुरक्षित होने की धारणा कमजोर होती है। झारखंड में हुए हादसे के अगले ही दिन मंगलवार को दिल्ली से लेह जा रही स्पाइसजेट की एक उड़ान को तकनीकी खराबी के कारण वापस उतारना पड़ा। इसके अलावा, सरकारी कंपनी पवन हंस के एक हेलिकाप्टर को अंडमान क्षेत्र में उड़ान के दौरान तकनीकी कारणों से समुद्र में आपात अवस्था में उतारना पड़ा। गनीमत रही कि इसमें सवार सभी सात लोगों को बचा लिया गया। दो दिन के भीतर होने वाली ये घटनाएं बताती हैं कि हाल के वर्षों में यात्रा के एक बेहतर विकल्प के रूप में उभर रही विमान सेवा अब कई स्तर पर जोखिम से गुजर रही है। जबकि विमान यात्रा को कहीं आने-जाने का सबसे सुरक्षित जरिया माना जाता रहा है। आखिर क्या वजह है कि पिछले कुछ समय से लगातार विमानों के हादसे का शिकार होने से लेकर उड़ान के बाद तकनीकी खराबी के कारण वापस उतारने की घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है? विमान सेवाओं के मामले में एक आम स्थिति यह है कि समय-समय पर तकनीकी स्तर पर हर पहलू से उच्च स्तरीय जांच होती है और हर कसौटी पर खरा उतरने के बाद ही उसे उड़ान के लिए तैयार माना जाता है। हर उड़ान के पहले सुरक्षा जांच की एक सघन प्रक्रिया पूरी की जाती है, ताकि बीच रास्ते में कोई अड़चन न आए। मगर हाल के समय में कई विमानों की उड़ान के बाद रास्ते में तकनीकी खराबी का पता चलने पर वापस उतारने की घटनाएं यह बताती हैं कि या तो तकनीकी स्तर पर उसमें कोई खराबी थी या फिर सुरक्षा जांच में किसी स्तर पर कमी की गई। इसी महीने के शुरू में सरकार ने लोकसभा में बताया था कि भारतीय विमान सेवा के जिन विमानों की तकनीकी जांच हुई, उनमें से लगभग आधे में बार-बार खराबी पाई गई। इस क्रम में पिछले वर्ष जनवरी से छह बड़ी एअरलाइंस के 754 विमानों का विश्लेषण किया गया, जिनमें से 377 में बार-बार खामी आने की बात सामने आई। सवाल है कि इन विमानों में जो गड़बड़ियां पाई गईं, वे कितनी संवेदनशील थीं और उनसे पैदा होने वाले जोखिम का स्तर क्या था। अगर किसी तकनीकी खामी को नजरअंदाज करके या उसे सुरक्षा से संबंधित नहीं मान कर उड़ान की इजाजत दी जाती है, तो अक्सर ऐसी घटनाएं क्यों सामने आ रही हैं कि किसी तकनीकी खराबी की वजह से विमान को बीच सफर से आपात स्थिति में वापस उतारा गया? विमान यात्रा को सबसे सुरक्षित जरूर माना जाता है, लेकिन इसकी सुरक्षा से जुड़े हर पहलू बेहद संवेदनशील भी होते हैं। इसमें किसी भी स्तर पर अनदेखी, कोताही या खराबी की आशंका के बावजूद उड़ान की इजाजत देने के गंभीर और त्रासद नतीजे सामने आ सकते हैं। भारत-ब्राजील समझौताः ड्रैगन के एकाधिकार को चुनौती और ग्लोबल साउथ का सुनहरा उदय 7 संपादकीय मौजूदा दौर में दुनिया भर में भू-राजनीति के स्वरूप में जिस तेजी से उतार-चढ़ाव देखे जा रहे हैं



## कहानी

### शरणागति का महत्त्व

बालमित्रो, आइए आज हम अर्जुन तथा हनुमान जी का यह प्रसंग सुनते हैं । आनंद रामायण में वर्णन है कि अर्जुन के रथ पर हनुमान के विराजित होने के पीछे भी एक कारण है । एक बार रामेश्वरम् तीर्थ में अर्जुन का हनुमानजी से मिलन हो जाता है । इस पहली भेंट में हनुमानजी से अर्जुन ने कहा, 'अरे राम और रावण के युद्ध के समय तो आप थे ' हनुमानजी ने कहा 'हां', तभी अर्जुन ने कहा, 'आपके स्वामी श्रीराम तो बड़े ही श्रेष्ठ धनुर्धर थे तो फिर उन्हें समुद्र पार जाने के लिए पत्थरों का सेतु बनवाने की क्या आवश्यकता थी यदि मैं वहां उपस्थित होता तो समुद्र पर बाणों का सेतु बना देता जिस पर चढ़कर आपका पूरा वानर दल समुद्र पार कर लेता ।' अर्जुन के इन वाक्यों में उनका अहंकार दिखाई दे रहा था । इस पर हनुमानजी ने कहा, 'असंभव, बाणों का सेतु वहां पर कोई काम नहीं कर पाता । हमारा यदि एक भी वानर चढ़ता तो बाणों का सेतु छिन्न-भिन्न हो जाता।' अर्जुन तो अहंकार के कारण कोई बात मानने को तैयार नहीं थे । उन्होंने कहा, 'नहीं, देखो ये सामने सरोवर है, मैं उस पर बाणों का एक सेतु बनाता हूं । आप इस पर चढ़कर सरोवर को आसानी से पार कर लेंगे ।'

हनुमानजी ने कहा, 'असंभव । तब अर्जुन ने कहा, 'यदि आपके चलने से सेतु टूट जाएगा तो मैं अग्नि में प्रवेश कर जाऊंगा और यदि नहीं टूटता है तो आपको अग्नि में प्रवेश करना पडेगा ।' हनुमानजी ने कहा, 'मुझे स्वीकार है । मेरे दो चरण ही इसने झेल लिए तो मैं हार स्वीकार कर लूंगा ।' अर्जुन इस मुद्दे पर अहंकार से चूर थे तथा हनुमान को सीधी चुनौती दे रहे थे । अर्जुन ने अपनी कलाकारी दिखानी प्रारंभ की । अर्जुन ने कुछ ही समय में अपने प्रचंड बाणों से सरोवर पर एक मजबूत सेतु बना दिया । जब तक सेतु बन रहा था, तब तक हनुमानजी का रूप लघु ही था; परंतु सेतु जैसे ही बन गया । हनुमानजी ने विराट रूप धारण कर लिया । हनुमान का विराट रूप अद्भुत था ।

अर्जुन बजरंग बली को हलके में ले रहे थे । यद्यपि अर्जुन धनुर्विद्या में निपुण थे, तब भी उनमें अहंकार था । अहंकार सदैव चूर- चूर हो जाता है । हनुमानजी, राम का स्मरण करते हुए उस बाणों के सेतु पर चढ़ गए । पहला पग रखते ही संपूर्ण सेतु डगमगाने लगा, दूसरा पैर रखते ही चरमराया और तीसरा पैर रखते ही सरोवर में गिर पडा । तभी श्रीहनुमानजी सेतु से नीचे उतर आए और अर्जुन से कहा कि अग्नि तैयार करो । अग्नि प्रज्वलित हुई और जैसे ही अर्जुन अग्नि में प्रवेश करनेवाले थे, वैसे भगवान श्रीकृष्ण प्रकट हो गए और बोले ठहरो ! तभी अर्जुन और हनुमानजी ने उन्हें प्रणाम किया । कृष्ण ने अर्जुन से पुनः पुल बनाने के लिए कहा और बोले अब प्रभु श्रीराम की शरण में जाकर तथा उनका नाम लेकर पुल बनाओ, अर्जुन ने भगवान श्रीकृष्णजी की आज्ञा का पालन किया । अब हनुमानजी को उस पुल पर चलने के लिए कहा । अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयासों के बावजूद हनुमान पुल को तोड नहीं सके; इस समय हनुमानजी को भगवान कृष्ण में प्रभु श्रीराम का दर्शन हुआ । उस समय हनुमानजी ने वचन दिया कि महाभारत के युद्ध में वह अर्जुन के रथ के ध्वज पर विराजमान रहेंगे और युद्ध में अर्जुन की सहायता करने का वचन दिया । इस प्रकार हनुमानजी अर्जुन के रथ के ध्वज पर विराजमान रहे तथा उनकी युद्ध में रक्षा की । बालमित्रो, अब आप शरणागति का महत्त्व समझ ही गए होंगे ।

# लोकतंत्र में भरोसा बढ़ाने वाला निर्णय

लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति चुनाव में नहीं, बल्कि उस विश्वास में निहित होती है, जिसके साथ नागरिक चुनाव प्रक्रिया में भाग लेते हैं। यह विश्वास मतदाता सूची से प्रारंभ होता है। मतदाता सूची केवल नामों का संकलन नहीं, बल्कि नागरिक की संवैधानिक पहचान का प्रमाण है। यदि किसी पात्र नागरिक का नाम इस सूची से अनुपस्थित हो जाता है, तो वह अपने मताधिकार से वंचित हो जाता है और यदि अपात्र व्यक्ति इसमें सम्मिलित हो जाता है तो वह चुनाव की निष्पक्षता को प्रभावित करता है। इसीलिए मतदाता सूची की शुचिता, लोकतंत्र की वैधता का आधार है। सुप्रीम कोर्ट ने लक्ष्मी चरण सेन बनाम एकेएम हसन (1985) के ऐतिहासिक निर्णय में स्पष्ट किया था कि मतदाता सूची की शुद्धता चुनाव की वैधता की आधारशिला है और इसे सुनिश्चित करना लोकतांत्रिक व्यवस्था की अनिवार्य शर्त है। न्यायालय ने इस पर बल दिया कि मतदाता सूची में त्रुटियां केवल प्रशासनिक चूक नहीं होतीं, बल्कि वे लोकतंत्र की विश्वसनीयता को प्रभावित कर सकती हैं। बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर के दौरान लगभग 45 लाख विवादित मतदाता दावों का लंबित होना इसी संवेदनशील प्रश्न की गंभीरता को दर्शाता है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 326 प्रत्येक वयस्क नागरिक को मताधिकार प्रदान करता है, जो लोकतंत्र में उसकी संप्रभुता की अभिव्यक्ति है। वहीं अनुच्छेद 324 निर्वाचन आयोग को चुनावों




गत शुक्रवार को देश एक अभूतपूर्व अदालती निर्णय का साक्षी बना। सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल में मतदाता सूची से जुड़े विवादित दावों को निपटाने के लिए न्यायिक अधिकारियों की मदद लेने का ऐतिहासिक आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार और चुनाव आयोग के बीच जारी गतिरोध को देखते हुए यह फैसला सुनाया। बाद में उसने यह भी कहा कि अगर जरूरत पड़ती है, तो ओडिशा और झारखंड के न्यायिक अधिकारियों को बंगाल में मतदाता सूची से संबंधित दावों और आपत्तियों को तय करने के लिए लगाया जा सकता है।

यह हस्तक्षेप केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया को गति देने का उपाय नहीं, बल्कि लोकतंत्र के उस मूल आत्मा की रक्षा का संवैधानिक संकल्प है, जिसका आधार प्रत्येक नागरिक का निर्बाध और सुरक्षित मताधिकार है। जब मतदाता सूची जैसे मूल दस्तावेज की शुचिता पर प्रश्न उठ खड़े हों और लाखों नागरिकों की लोकतांत्रिक पहचान पर संशय हो, तब न्यायपालिका का यह हस्तक्षेप लोकतंत्र की विश्वसनीयता को पुनर्स्थापित करने का एक निर्णायक प्रयास बन जाता है।

लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति चुनाव में नहीं, बल्कि उस विश्वास में निहित होती है, जिसके साथ नागरिक चुनाव प्रक्रिया में भाग लेते हैं। यह विश्वास मतदाता सूची से प्रारंभ होता है। मतदाता सूची केवल नामों का संकलन नहीं, बल्कि नागरिक की संवैधानिक पहचान का प्रमाण है। यदि किसी पात्र नागरिक का नाम इस सूची से अनुपस्थित हो जाता है, तो वह अपने मताधिकार से वंचित हो जाता है और यदि अपात्र व्यक्ति इसमें सम्मिलित हो जाता है तो वह चुनाव की निष्पक्षता को प्रभावित करता है। इसीलिए मतदाता सूची की शुचिता, लोकतंत्र की वैधता का आधार है।

सुप्रीम कोर्ट ने लक्ष्मी चरण सेन बनाम एकेएम हसन (1985) के ऐतिहासिक निर्णय में स्पष्ट किया था कि मतदाता सूची की शुद्धता चुनाव की वैधता की आधारशिला है और इसे सुनिश्चित करना लोकतांत्रिक व्यवस्था की अनिवार्य शर्त है। न्यायालय ने इस पर बल दिया कि मतदाता सूची में त्रुटियां केवल प्रशासनिक चूक नहीं होतीं, बल्कि वे लोकतंत्र की विश्वसनीयता को प्रभावित कर सकती हैं। बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर के दौरान लगभग 45 लाख विवादित मतदाता दावों का लंबित होना इसी संवेदनशील प्रश्न की गंभीरता को दर्शाता है।

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 326 प्रत्येक वयस्क नागरिक को मताधिकार प्रदान करता है, जो लोकतंत्र में उसकी संप्रभुता की अभिव्यक्ति है। वहीं अनुच्छेद 324 निर्वाचन आयोग को चुनावों के अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण की व्यापक शक्ति देता है, ताकि चुनाव प्रक्रिया स्वतंत्र और निष्पक्ष बनी रहे। हालांकि इन संवैधानिक प्रविधानों की वास्तविक प्रभावशीलता तभी संभव है, जब मतदाता सूची पूर्णतः शुद्ध, अद्यतन और विश्वसनीय हो। यदि इस आधार में ही त्रुटि हो, तो लोकतंत्र की संपूर्ण संरचना प्रभावित होती है। इस संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट का यह हस्तक्षेप संविधान के अनुच्छेद 32 और अनुच्छेद 142 के अंतर्गत उसकी संवैधानिक शक्तियों का एक महत्वपूर्ण प्रयोग है। अनुच्छेद 32 नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए सर्वोच्च न्यायालय को प्रत्यक्ष हस्तक्षेप का अधिकार देता है, जबकि अनुच्छेद 142 न्यायालय को 'पूर्ण न्याय' सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करने की शक्ति प्रदान करता है। इन प्रविधानों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जब संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए असाधारण कदम उठाना आवश्यक हो, तब न्यायपालिका प्रभावी और निर्णायक भूमिका निभा सके। न्यायिक अधिकारियों की सहायता सुनिश्चित करने का निर्णय इसी संवैधानिक दायित्व का प्रकटीकरण है। इस हस्तक्षेप का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि इससे मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया को प्रशासनिक विवेक से ऊपर उठाकर न्यायिक विश्वसनीयता प्रदान की गई है। न्यायिक अधिकारी अपनी विधिक समझ के कारण इस प्रकार के संवेदनशील कार्य के लिए सर्वाधिक उपयुक्त होते हैं। यह घटनाक्रम भारतीय संविधान की संस्थागत परिपक्वता का भी सशक्त उदाहरण है। निर्वाचन आयोग, उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय ने अपने-अपने संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए लोकतंत्र की रक्षा के लिए समन्वित भूमिका निभाई है। यह उस संवैधानिक संतुलन का प्रमाण है, जिसमें संस्थाएं केवल अपने अधिकार क्षेत्र तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि राष्ट्रहित और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाती हैं। कोलकाता उच्च न्यायालय द्वारा न्यायिक अधिकारियों की छुट्टियां रद करना भी इसी संवैधानिक प्राथमिकता का प्रतीक है। यह निर्णय स्पष्ट करता है कि जब लोकतंत्र की मूल प्रक्रिया की शुचिता का प्रश्न हो, तब संस्थागत सुविधा नहीं, बल्कि संवैधानिक दायित्व सर्वोपरि होता है।

# अपने मूल उद्देश्य से भटक गया रेरा

रेरा को इस तरह बनाया गया था कि वह नुकसान होने से पहले ही उसे रोके। यानी लगातार निगरानी और सख्त कार्रवाई इसकी असली ताकत थी। सवाल यह है कि क्या इसे सही तरीके से लागू किया गया? अगर रेरा के प्रविधानों को सख्ती से लागू किया जाता और पंजीकरण के समय बिल्डरों की पूरी और गंभीर जांच होती तो अधिकतर प्रोजेक्ट समय पर और बिना किसी शिकायत के पूरे होते। ऐसी स्थिति में बिल्डर समय पर प्रोजेक्ट पूरा करना अपनी प्रतिष्ठा का विषय बनाते। सही तरीके से लागू किया गया कानून सिर्फ सजा नहीं देता। वह ऐसी व्यवस्था बनाता है, जहां अच्छा प्रदर्शन दिखे भी और उसे मापा भी जा सके।
समय पर और बिना विवाद के प्रोजेक्ट पूरा होने पर ही 'रेरा है तो भरोसा है' जैसे नारे सच में भरोसा पैदा करते, सिर्फ नारा बनकर नहीं रह जाते, लेकिन हकीकत यह है कि पंजीकरण

जब भू-संपदा (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 यानी रेरा के नौ साल पूरे हो चुके हैं, तब पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट की ओर से उसके खिलाफ की गई सख्त टिप्पणी ने सबका ध्यान खींचा। इस कानून को इस उम्मीद में बनाया गया था कि इससे घर-फ्लैट खरीदारों को मदद मिलेगी और उन्हें बिल्डरों की मनमानी और भ्रष्टाचार से राहत मिलेगी, लेकिन हो रहा उलटा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि रेरा को बंद कर देना ही बेहतर है, क्योंकि यह डिफाल्टर बिल्डरों को फायदा पहुंचा रहा है और रिटायर्ड आइएएस अधिकारियों का पुनर्वास केंद्र बन गया है। अब समय आ गया है कि राज्य सरकारें रेरा के गठन पर दोबारा विचार करें। संसद ने रेरा इसलिए बनाया था, ताकि रियल एस्टेट सेक्टर में अनुशासन, पारदर्शिता आए और लोगों का भरोसा बने। उपभोक्ता कानून की तरह सिर्फ नुकसान होने के बाद मुआवजा देना इसका उद्देश्य नहीं था।

रेरा को इस तरह बनाया गया था कि वह नुकसान होने से पहले ही उसे रोके। यानी लगातार निगरानी और सख्त कार्रवाई इसकी असली ताकत थी। सवाल यह है कि क्या इसे सही तरीके से लागू किया गया? अगर रेरा के प्रविधानों को सख्ती से लागू किया जाता और पंजीकरण के समय बिल्डरों की पूरी और गंभीर जांच होती तो अधिकतर प्रोजेक्ट समय पर और बिना किसी शिकायत के पूरे होते। ऐसी स्थिति में बिल्डर समय पर प्रोजेक्ट पूरा करना अपनी प्रतिष्ठा का विषय बनाते। सही तरीके से लागू किया गया कानून सिर्फ सजा नहीं देता। वह ऐसी व्यवस्था बनाता है, जहां अच्छा प्रदर्शन दिखे भी और उसे मापा भी जा सके। समय पर और बिना विवाद के प्रोजेक्ट पूरा होने पर ही 'रेरा है तो भरोसा है' जैसे नारे सच में भरोसा पैदा करते, सिर्फ नारा बनकर नहीं रह जाते, लेकिन हकीकत यह है कि पंजीकरण सिर्फ कागज अपलोड करने की प्रक्रिया बनकर रह गई है। ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां बिल्डर के ब्रोशर में देशभर में कई परियोजनाएं दिखाई गईं,



लेकिन रेरा पोर्टल पर केवल एक ही पंजीकृत परियोजना दर्ज थी और शिकायतों का डाटा भी बहुत कम था।

जब प्रोजेक्ट की सुविधाओं की जानकारी बिल्डर की वेबसाइट, स्वीकृत नक्शों और रेरा पोर्टल पर अलग-अलग दर्ज हो तो फिर कोई घर-खरीदार प्रोजेक्ट के बारे में सही और सटीक जानकारी कहां से हासिल करे? यदि जानकारी ही स्पष्ट न हो तो रेरा के वेब पोर्टल का घर-खरीदार को वास्तविक लाभ क्या मिला? बिक्री समझौते का मसौदा भी कई बार उपलब्ध नहीं होता, जिसे कानून के तहत अनिवार्य रूप से रेरा वेबसाइट पर अपलोड किया जाना चाहिए। यह दिखाता है कि परियोजनाओं का पंजीकरण ठीक से नहीं किया जा रहा है और शुरुआत में ही सही जांच नहीं हो रही है।

रेरा कहता है कि प्रोजेक्ट की समय सीमा बढ़ाना सिर्फ खास परिस्थितियों में होना चाहिए, लेकिन कई राज्यों में एक्सटेंशन आम बात है। एक्सटेंशन मिलने के बाद भी सभी खरीदारों को अपने-आप मुआवजा मिलना शुरू नहीं होता। आम तौर पर देरी का कोई सीधा आर्थिक असर बिल्डर पर नहीं पड़ता, लेकिन घर-खरीदार के लिए देरी बहुत ही महंगी पड़ती है। कायदे से यह बिल्डर को भी महंगी पड़नी चाहिए। आज डाटा एनालिटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का जमाना है। प्राधिकरण चाहें तो निर्माण की वास्तविक प्रगति की तुलना रिपोर्ट से कर सकते हैं, पैसों के प्रवाह को देख सकते हैं, जोखिम पहले से पहचान सकते हैं और भविष्य में उत्पन्न होने वाले किसी भी विलंब या विवाद को पहले ही पकड़ सकते हैं और समय रहते सुधारात्मक कदम उठा सकते हैं, लेकिन इस रोकथाम पर उनका ध्यान ही नहीं है जो कानून का मुख्य उद्देश्य है। महाराष्ट्र रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथारिटी (महारेरा) की वेबसाइट पर उपलब्ध एक बिक्री समझौते में लिखा है कि अगर खरीदार 15 दिनों में कब्जा नहीं लेता तो 40 रुपये प्रति वर्ग फुट प्रति माह होल्डिंग चार्ज देना होगा।

# न्यायपालिका में भ्रष्टाचार

इस पर बहस होना तय है कि आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को यह पढ़ाना कितना सही है कि भ्रष्टाचार, लंबित मुकदमों की बड़ी संख्या और न्यायाधीशों की पर्याप्त कमी न्यायिक प्रणाली के सामने आने वाली चुनौतियों में शामिल हैं। चूंकि सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद यानी एनसीईआरटी की सामाजिक विज्ञान की नई पुस्तक में 'हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका' शीर्षक वाले संशोधित अध्याय को लेकर आपत्ति जताते हुए कहा कि यह एक सोची-समझी चाल प्रतीत होती है, इसलिए संभव है कि इस पुस्तक से उक्त अध्याय हटा दिया जाए। जो भी हो, यदि ऐसा



होता है तो इससे न्यायपालिका में भ्रष्टाचार का प्रश्न ओझल होने वाला नहीं है। न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के अनेक मामले सामने आ चुके हैं और उन पर व्यापक चर्चा भी होती रहती है। हाल में सबसे अधिक चर्चा हुई दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश रहे यशवंत वर्मा के भ्रष्टाचार की। उनके आवास से करोड़ों के अधजले नोट बरामद किए गए थे। चूंकि उनके खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हो सकी है, इसलिए वे अपने पद पर बने हुए हैं। भ्रष्टाचार के कारण अन्य अनेक न्यायाधीश भी कठघरे में खड़े हो चुके हैं। इनमें से कई न्यायाधीशों के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया शुरू हुई, लेकिन किसी के भी विरुद्ध वह अंजाम तक नहीं पहुंच सकी। इसका यह मतलब नहीं हो सकता कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार है ही नहीं।एनसीईआरटी की पहले की पुस्तक में भी न्यायपालिका के बारे में उल्लेख था, लेकिन वह न्यायालयों की संरचना और भूमिका तक सीमित था। कहना कठिन है कि एनसीईआरटी ने क्या सोचकर न्यायपालिका वाले पाठ को संशोधित किया और उसमें लंबित मुकदमों का विवरण आदि देते हुए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई के इस कथन का भी उल्लेख किया कि न्यायपालिका के भीतर भ्रष्टाचार की घटनाओं का जनता के भरोसे पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है? हो सकता है कि उसकी ओर से इस पर कोई स्पष्टीकरण दिया जाए, लेकिन प्रश्न तो यह भी उठेगा कि क्या इस पुस्तक में कार्यपालिका और विधायिका में भी व्याप्त भ्रष्टाचार के बारे में भी इसी तरह विस्तार से बताया गया है? भ्रष्टाचार व्यवस्था के किसी एक अंग तक सीमित नहीं है। वह व्यवस्था के हर अंग में व्याप्त है

## उत्कृष्ट कार्य करने पर आईपीएस एसीपी उषा यादव का अभिनंदन

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** थाना मोड़ के सामने तहसील परिसर में स्थित दी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट चरण सिंह जाट व अधिवक्ताओं ने उत्कृष्ट कार्य करने पर आईपीएस एसीपी उषा यादव का स्वागत किया। अध्यक्ष चरण सिंह जाट, महासचिव मुकेश मोदी, पूर्व अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा, हेमाराम चौधरी, विजय चौधरी, नानूराम जाट, रामकुमार बराला, महेंद्र डागर, रतन नटवाड़िया, कमल राज मीणा, भीवाराम यादव, रमेश नटवाड़िया, दिनेश कुमार, विजय भदाला, सुनील गरेड, राजेंद्र शर्मा, सुभाष गरेड आदि ने एसीपी का स्वागत किया।



## पंडितपुरा में रात्रि चौपाल, असामाजिक तत्वों पर सख्ती के निर्देश



जयपुर टाइम्स

**पावटा(निस)।** उपखण्ड अधिकारी पावटा डॉ. साधना शर्मा की ओर से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पंडितपुरा में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में क्षेत्र के ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। रात्रि चौपाल के दौरान मुख्य रूप से सुरक्षा संबंधी परिवाद सामने आए। ग्रामीणों ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पंडितपुरा के खुले मैदान में विद्यालय समय समाप्त होने के बाद शाम के समय कुछ असामाजिक तत्व एकत्रित होकर शराब पीते हैं और उत्पात मचाते हैं, जिससे आसपास के क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल बनता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए उपखण्ड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा ने मौके पर उपस्थित थानाधिकारी, थाना प्रागपुरा भजनाराम को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस पर थानाधिकारी भजनाराम ने विद्यालय परिसर व आसपास के क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाने तथा असामाजिक गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखने का आश्वासन दिया। रात्रि चौपाल में उपखण्ड पावटा के समस्त विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रशासन ने आश्वस्त किया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे।

## सरपंच राधामोहन शर्मा को मिला बेस्ट सरपंच ऑफ द ईयर-2026 अवार्ड

जयपुर टाइम्स

**चाकसू(निस)।** चाकसू उपखंड क्षेत्र की एकमात्र ग्राम पंचायत टूंटोली के सरपंच को जयपुर में आयोजित ग्राम संसद कार्यक्रम में बेस्ट सरपंच ऑफ द ईयर -2026 अवार्ड से नवाजा गया। यह सम्मान सरपंच राधामोहन शर्मा को केन्द्र व राज्य सरकार से प्राप्त राशि का शिक्षा, सड़क-नाली निर्माण, स्वच्छता सहित अन्य विकास कार्यों में पंचायत के सर्वांगीण विकास कार्यों में प्रभावी तरीके से उपयोग करने पर राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने प्रदान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि सरपंच ग्रामीण विकास के वास्तविक भागीरथ है। सरपंच गांवों के विकास के असली भागीरथ है। सरपंच (प्रशासक) राधामोहन शर्मा ने बताया कि पिछले पांच वर्षों में ग्राम पंचायत के सर्वांगीण विकास के लिए केन्द्र व राज्य सरकार से मिली राशि से सड़कों के साथ नालियों का निर्माण करवाकर टूंटोली को गंदगी मुक्त किया। जिसके कारण चाकसू पंचायत समिति की सभी ग्राम पंचायतों में टूंटोली को अव्वल नंबर पर स्वच्छ ग्राम पंचायत का दर्जा मिला। महिलाओं व गांव में सुरक्षा की दृष्टि से चारों तरफ 22 सीसीटीवी कैमरे लगाए। शिक्षा के क्षेत्र में कुछ ग्राम पंचायत बजट का 20 प्रतिशत हिस्सा खर्च कर टूंटोली स्कूल में प्रार्थना स्थल पर टीनशैड, मानसर स्कूल में 3 लाख रुपयों से 5 कमरों की मरम्मत व 15 लाख की लागत से स्कूल तक सीसी सड़क,मारख्या स्कूल में 2 लाख रुपयों से कमरों की छत मरम्मत कार्य व 20 लाख से मय पुलिया स्कूल तक सीसी सड़क कार्य करवाया। वहीं 70 साल बाद आयुर्वेद औषधालय भवन का गांव की मुख्य आबादी में पट्टा, 9 भूमिहीन परिवारों को आवासीय पट्टा, गांव में आपराधिक मामलों में कमी के साथ ही 72 परिवारों को पीएम आवास योजना में जोड़कर लाभ दिलाने सहित विभिन्न विकास कार्यों के चलते यह सम्मान दिया जो पूरी ग्राम पंचायत के लिए गर्व का क्षण है।



## रंगीला किसान मेला 2026: दुग्ध उत्पादन प्रतियोगिता के विजेताओं का होगा सम्मान

जयपुर टाइम्स

**जयपुरू(निस)।** रंगीला (किसान मेला) 2026 के अंतर्गत आयोजित दुग्ध उत्पादन प्रतियोगिता के विजेता पशुपालकों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट दुग्ध उत्पादन करने वाले पशुपालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मेले के दौरान स्वदेशी व विदेशी नस्ल के पशुओं की प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। प्रतियोगिता में देश की प्रमुख दुग्ध नस्लों जैसे गिर, साहिवाल, थारपारकर, राठी तथा भैंस की उन्नत नस्ल मुर्रा को शामिल किया गया है। वहीं विदेशी नस्लों में होल्सटीन फ्रिज़ियन (एचएफ), जर्सी व विभिन्न क्रॉसब्रीड गायें भी प्रतियोगिता का हिस्सा बनी हैं। आयोजन समिति के अनुसार प्रतियोगिता का उद्देश्य पशुपालकों को उन्नत नस्लों के पालन के लिए प्रोत्साहित करना व दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देना है। मेले में बड़ी संख्या में किसान व पशुपालक भाग ले रहे हैं।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर 75 मीटर नियम के विरोध में पावटा में आक्रोश रैली

### उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**पावटा(निस)।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर 75 मीटर व 40 मीटर नियम को लागू किए जाने के विरोध में गुरुवार को पावटा कस्बे में व्यापारियों, सामाजिक संगठनों, प्रभावित दुकानदारों व आमजन का आक्रोश खुलकर सामने आया। मुख्य मार्ग से उपखंड कार्यालय तक भारी नारेबाजी के साथ पैदल मार्च निकाला गया और नियम को वापस लिए जाने की मांग को लेकर आर-पार की लड़ाई का ऐलान किया गया। बताया गया कि राजस्थान उच्च न्यायालय की जोधपुर स्थित मुख्यपीठ की ओर से नियमानुसार प्रदेशभर के राष्ट्रीय राजमार्गों पर केंद्र बिंदु से 75 मीटर व 40 मीटर के दायरे में नियम लागू करने के आदेश दिए गए हैं। इसी निर्णय के विरोध में पावटा कस्बा व्यापार महासंघ के आह्वान पर विशाल आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। रैली को संबोधित करते हुए प्रागपुरा के पूर्व सरपंच एलन स्वामी, सामाजिक कार्यकर्ता गोपाल अग्रवाल, जगदीश मीणा, बंशी गेट, दुलीचंद जांगिड, बद्री प्रसाद चौहान, राहुल गोयल, रामोतार टेपण, मातादीन सहित अन्य वक्ताओं ने निर्णय की कड़ी आलोचना की। वक्ताओं ने इसे 'अंधा कानून' करार देते हुए कहा कि 75 मीटर नियम लागू होने से छोटे व मध्यम वर्ग के दुकानदारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा और हजारों परिवार प्रभावित होंगे। वक्ताओं ने राज्य सरकार से मांग की कि वह इस निर्णय के विरुद्ध विधिक उपचार अपनाए या फिर सुप्रीम कोर्ट से स्थगन आदेश प्राप्त कर प्रभावितों को राहत दिलाए। उनका कहना था कि यह मसला केवल कोटपूतली-बहरोड़ जिले तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे प्रदेश के लाखों परिवारों की आजीविका से जुड़ा हुआ है। वर्षों से संचालित प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की आशंका से व्यापार जगत में असुरक्षा और चिंता का माहौल है। व्यापारियों ने इसे जनहित के विपरीत बताते हुए राज्य सरकार से तुरंत हस्तक्षेप की मांग की। इस निर्णय से दशकों पुराने व्यापारिक प्रतिष्ठान प्रभावित होंगे और हजारों परिवारों की रोजी-रोटी पर सीधा असर पड़ेगा। आक्रोशित लोग मुख्य बाजार से होते हुए उपखंड कार्यालय पावटा पहुंचे और उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा को मुख्यमंत्री सहित अन्य के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में 75 व 40 मीटर नियम से उत्पन्न होने वाली आर्थिक व सामाजिक समस्याओं का विस्तृत उल्लेख किया गया। इस पर उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा ने कहा कि उक्त कार्रवाई राजस्थान उच्च न्यायालय के निर्देशों के तहत की जा रही है, इसलिए इस विषय में स्पष्ट रूप से कुछ कहना उचित नहीं होगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रभावितों की मांगें राज्य सरकार तक पहुंचा दी जाएंगी तथा आगे की कोई भी कार्रवाई पारदर्शी तरीके से और प्रभावितों को भरोसे में लेकर की जाएगी। इस दौरान गोपाल अग्रवाल, एलन स्वामी, जगदीश मीणा, रामोतार टेपण, राहुल गोयल, दुलीचंद जांगिड, बजरंग जांगिड, चिराग खान, मोहित जांगिड, विकास चौधरी, रामस्वरूप, मोहन सिंह, श्रीराम, मुकेश कुमार जाट, रमजान खान, रिजवान कुरैशी, पूरण, एस.सी.गोयल, अशोक कुमावत, कैलाश चंद जांगिड, महेश जांगिड, राधेश्याम जांगिड, इस्लामुद्दीन, घीसाराम, बद्री प्रसाद चौहान, आनंदी लाल जांगिड, रघुवीर सोनी, शंकर लाल यादव, हरिचंद कुम्हार, ग्यारसी लाल, अशोक कुमार, रोशन सैनी, रामसिंह, रतनलाल सहित व्यापार मंडल के पदाधिकारी, विभिन्न बाजार संघों के प्रतिनिधि, नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## जब बेटियां बनीं सहारा: सांभर में पिता को मुखाग्नि देकर अर्पिता-अर्जिता ने दी भावभीनी विदाई

जयपुर टाइम्स

**सांभरलेकू(निस)** सामाजिक परंपराओं की सीमाओं को संवेदनाओं ने पीछे छोड़ दिया, जब सांभर की दो बेटियों ने अपने पिता को अंतिम विदाई देते हुए न केवल अर्थी को कांधा दिया, बल्कि मुखाग्नि देकर बेटे का दायित्व भी निभाया। यह मार्मिक दृश्य हर किसी की आंखें नम कर गया और बदलते सामाजिक सरोकारों की एक सशक्त मिसाल बन गया। जयपुर ग्रामीण मरुधरा बैंक, सांभर में पदस्थापित रहे पूर्व प्रबंधक एवं कायस्थ समाज के पूर्व सचिव आलोक कुमार जोहरी का गुरुवार को देहरादून में निधन हो गया। पिछले कुछ दिनों से उनके स्वास्थ्य में अचानक गिरावट आने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत गंभीर होने पर वेंटिलेटर सपोर्ट पर भी रखा गया, लेकिन तमाम चिकित्सकीय प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। उन्होंने देहरादून के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली। परिजनों के अनुसार वे इन दिनों अपनी पुत्री के पास देहरादून गए हुए थे। निधन के पश्चात उनकी पार्थिव देह को सांभर लाया गया, जहां अंतिम दर्शन के लिए समाजबंधुओं एवं परिचितों की भीड़ उमड़ पड़ी। अंतिम यात्रा के दौरान उनकी पुत्रियां अर्पिता एवं अर्जिता ने पिता की अर्थी को कांधा दिया। श्मशान घाट पर बड़ी बेटी द्वारा मुखाग्नि दिए जाने का क्षण अत्यंत भावुक रहा। इस दौरान उपस्थित परिजन, मित्र एवं समाजजन अपने आंसू नहीं रोक सके। इस घटना ने यह संदेश भी दिया कि आज की बेटियां हर जिम्मेदारी निभाने में सक्षम हैं और जरूरत पड़ने पर परिवार की हर परंपरा को सम्मानपूर्वक आगे बढ़ा सकती हैं।



## चौमूं विधायक डॉ. शिखा मील बराला ने बस ऑपरेटर्स की हड़ताल पर सरकार को घेरा

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** विधायक डॉ. शिखा मील बराला ने राजस्थान विधानसभा में स्थगन प्रस्ताव के अंतर्गत राज्यभर में जारी बस ऑपरेटर्स की हड़ताल का मुद्दा जोरदार ढंग से उठाया। विधायक डॉ. बराला ने कहा कि पिछले तीन दिनों से राज्य के बस ऑपरेटर्स हड़ताल पर हैं, जिससे लगभग साढ़े तीन लाख लोगों की आजीविका प्रभावित हो रही है। एक बस में लगभग दस कर्मचारी कार्य करते हैं, जो सीधे तौर पर इस हड़ताल से बेरोजगारी की स्थिति में आ गए हैं। विधायक डॉ. शिखा मील बराला ने कहा कि होली जैसे बड़े पर्व के निकट आने के बावजूद सरकार समाधान निकालने में असफल रही है। मजदूर अपने घर नहीं पहुँच पा रहे हैं, मरीज अस्पताल नहीं जा पा रहे हैं और आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। डॉ. बराला ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि खाटू श्याम जी मंदिर के मेले में शामिल होने आए हजारों श्रद्धालु जयपुर में फंसे हुए हैं और टैक्सी संचालक 70 किलोमीटर के लिए सात-सात हजार रुपये वसूल कर शोषण कर रहे हैं। विधायक डॉ. शिखा मील बराला ने विधानसभा आते समय चौमूं पुलिया पर देखे गए दृश्य का उल्लेख करते हुए कहा कि महिलाएं और बच्चे भारी सामान के साथ असहाय खड़े थे। यह केवल उनका सामान नहीं, बल्कि सरकार की अकर्मण्यता और अनिर्णय का बोझ है, जिसे आमजन ढोने को मजबूर है। विधायक ने कहा कि बस ऑपरेटर्स की 23 मांगें घटकर 14 और फिर 9 रह गई हैं, जो इस बात का संकेत है कि वे समाधान के लिए तैयार हैं। सरकार को चाहिए कि वह तुरंत ठोस और सार्थक वार्ता कर गतिरोध समाप्त करे। उन्होंने यह भी कहा कि जब 'वन नेशन, वन इलेक्शन' और 'वन नेशन, वन आधार' जैसे मुद्दों पर चर्चा हो सकती है, तो परिवहन क्षेत्र के लिए 'वन इंडिया, वन टैक्स' जैसी व्यवस्था पर भी गंभीरता से विचार होना चाहिए। डॉ. शिखा मील बराला ने सरकार से शीघ्र हस्तक्षेप कर आमजन को राहत प्रदान करने और बस ऑपरेटर्स के साथ सकारात्मक संवाद स्थापित कर समाधान निकालने की मांग की।



## कन्या महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य व वेलबिंग पर चर्चा

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** राजकीय महाविद्यालय कॉलेज, चौमूं में राजस्थान राज्य महिला नीति, शास्त्रीय सुरक्षा समिति, मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्र और आईक्यूसी के संयुक्त छात्र में 'मानसिक स्वास्थ्य: स्वास्थ्य और शैक्षणिक संस्थान' विषय पर एक महत्वपूर्ण परिचर्चा का आयोजन कार्यशाला में राजेंद्र कुमार की अध्यक्षता की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता विकसित करना और उनके समग्र शारीरिक व मानसिक मनोविज्ञान को बढ़ावा देना है। कार्यशाला प्रो.राजेन्द्र कुमार ने नायिका को जीवन में सफलता पाने के लिए मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बताते रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य सहायक प्रोफेसर रीना शक्तावत मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने अपने मानसिक स्वास्थ्य का खुलासा करते हुए 'वर्तमान में जीने' की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाकर और अपने आस-पास के वातावरण को सुव्यवस्थित वास्तुशिल्प, आधुनिक सभ्यता से उत्पन्न तनाव से स्वयं को सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्म-चिंतन, समय प्रबंधन, नियमित प्रयोग एवं संवाद की संस्कृति विकसित करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर राजस्थान राज्य महिला नीति की समर्थक प्रो. रफीच गोस्वामी ने मनोविज्ञान को मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न आयाम, तनाव प्रबंधन, आत्म-संवेदना व सकारात्मक सोच के महत्वपूर्ण पहलू विस्तार प्रकाश डाला। वृद्धाश्रमिक सदस्य मिनाक्षी जैन ने भी मानसिक संतुलन बनाए रखने के लिए व्यावहारिक उपाय साझा किए। कार्यक्रम में रेलवे सुरक्षा समिति के रजिस्ट्रार डॉ. हंसा लुनायच सहित लिटरेचर सदस्य डॉ. प्रीति सिंह, शाहिना परवीन व भगवान सहायता शर्मा की उपस्थिति रही। सभी स्टार्स ने स्वस्थ्य संतुलन, नियमित योग-प्राणायाम, आहार व सकारात्मक सोच के माध्यम से मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को शामिल करने का संदेश दिया।



## सात दिवसीय सेवा शिविर का समापन, भव्य भजन संध्या ने बांधा समां

जयपुर टाइम्स

**पावटा(निस)।** श्याम भक्तों की आस्था और श्रद्धा को सशक्त करने के उद्देश्य से आयोजित सात दिवसीय सेवा शिविर का गुरुवार को विधिवत समापन हुआ। शिविर के अंतर्गत मंगलवार की रात्रि को आयोजित भव्य भजन संध्या श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में भक्त उमड़े। कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन कलाकार रतन फौजी ने सुमधुर और भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति देकर पंडाल को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। वहीं भारती चौधरी ने नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। भजनों के दौरान पूरा पंडाल बाबा श्याम की भक्ति में लीन नजर आया और श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में डूबे रहे। भजन संध्या के माध्यम से भक्तों को भक्ति, सेवा और समर्पण की भावना से जोड़ने का प्रयास किया गया। श्याम बाबा के दरबार को आकर्षक रूप से सजाया गया था तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता हरि चोरिया, सामाजिक कार्यकर्ता सत्तार खान, शिवराम चिकना, युवा नेता अमन खोजा, युवा नेता महिपाल यादव, शंकर खातोदिया, मुकेश डाबड़, सतपाल यादव, सुरेश कामलोडीया, पृथ्वी कामलोडीया, पत्रकार जितेंद्र प्रजापति, सुभाष गल्डवाल, विक्रम शेखावत, भीमसिंह यादव, सुभाष यादव,भागीरथ मीणा, ललित यादव, राकेश सिंह, राजेश बा, बनवारीलाल मोटन सहित अनेक श्रद्धालु व नागरिक उपस्थित रहे। शिविर के समापन अवसर पर आयोजकों ने बताया कि सात दिनों तक चले सेवा शिविर में धार्मिक, सामाजिक और सेवा गतिविधियों के माध्यम से समाज में समरसता और आध्यात्मिक ऊर्जा का संदेश दिया गया। क्षेत्रभर से आए श्याम भक्तों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायी बताया।यह आयोजन पावटा क्षेत्र में भक्ति, सेवा और सामाजिक एकता का सशक्त उदाहरण बनकर उभरा।



## 28 फरवरी को कायड़ क्षेत्र में बढ़ेगा यातायात दबाव, एडवाइजरी जारी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** 28 फरवरी को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक किशनगढ़-गेगल-कायड़- ब्यावर व किशनगढ़-गेगल-कायड़-अजमेर मार्ग पर यातायात दबाव बढ़ने की संभावना को देखते हुए पुलिस मुख्यालय ने भारी वाहन चालकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। एडीजी कानून व व्यवस्था वी.के. सिंह के अनुसार उक्त समयावधि में इन मार्गों पर ट्रैफिक कंजेशन की स्थिति बन सकती है। आमजन की सुविधा एवं सुगम यातायात संचालन सुनिश्चित करने के लिए ट्रैफिक पुलिस की ओर से आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। भारी वाहनों (ट्रक, ट्रेलर व अन्य मालवाहक वाहन) को सलाह दी गई है कि वे 28 फरवरी को निर्धारित समय के दौरान कायड़ एवं गेगल टोल मार्ग से गुजरने से बचें तथा वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। संबंधित जिलों की पुलिस को डायवर्जन प्लान प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस प्रशासन ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए पूर्व योजना के साथ यात्रा करें और सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

## मालेरा डामर सडक के लिए 20 लाख का बजट स्वीकृत

जयपुर टाइम्स

**जयपुरू(निस)।** चौमू विधानसभा के जाटावाली ग्राम पंचायत के राजस्व गांव मालेरा में डामर सडक के मरम्मत कार्य के लिए 20 लाख का बजट स्वीकृत हुआ है। भाजपा जिला कार्यालय जयपुर सह प्रभारी प्रकाश हाटवाल ने बताया कि जाटावाली मोड के पास से मालेरा गांव तक 15 वर्ष पहले पीडब्ल्यूडी की ओर से 1 किलोमीटर की डामर सड़क बनाई गई थी। जो अधिकांशतः जगह से टूटकर खराब हो चुकी थी। जिसको लेकर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा चौमूं को ज्ञापन देकर नवीन डामरीकरण कार्य करवाने के लिए अवगत करवाया गया था। ग्रामीणों की मांग को लेकर शर्मा ने सरकार से अनुशंसा कर मांग की थी। डामर व सीसी सडक के मरम्मत कार्य के लिए सरकार द्वारा 20 लाख का बजट स्वीकृत किए जाने पर ग्रामीण रघुनाथ हाटवाल, श्यामलाल हाटवाल, शिवपाल, प्रभु दयाल, फूलचंद नंछू राम, छाजू राम मीणा, साधु मीणा मीणा आदि ने भाजपा पूर्व विधायक का आभार जताया।

# पागल कुत्ते का आतंक, 16 लोगों को काटा, तीन गंभीर जयपुर रैफर

जयपुर टाइम्स

**पावटा(निस)।** कस्बे में उस समय दहशत का माहौल बन गया जब कथित तौर पर एक पागल कुत्ते ने अलग-अलग स्थानों पर अचानक हमला कर 16 लोगों को काटकर घायल कर दिया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार प्रभात कॉलोनी और नाई के मोहल्ले सहित कई स्थानों पर राहगीरों पर कुत्ते ने अचानक हमला कर दिया। शोर मचाने पर कुत्ता मौके से भाग गया, लेकिन तब तक कई लोग घायल हो चुके थे। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल उपजिला अस्पताल पावटा पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार कर एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाए। तीन घायलों घिसी देवी मीणा निवासी भांकरी उम्र 60 साल, विकास सिंह निवासी पावटा उम्र 40 साल, शांति देवी मीणा निवासी पावटा उम्र 72 साल की हालत गंभीर होने पर उन्हें बेहतर उपचार के लिए जयपुर रैफर कर दिया गया। उपजिला अस्पताल पावटा प्रभारी चिकित्सक रवि बंसल व डॉ.राजेश डूचानिया ने बताया कि कुत्ते के काटने से घायल कुल 16 मरीज अस्पताल लाए गए थे। सभी को आवश्यक उपचार और एंटी-रेबीज वैक्सीन दी गई है। तीन मरीजों को गहरे घाव और अधिक रक्तस्राव के कारण उच्च उपचार के लिए जयपुर के एसएमएस अस्पताल रैफर किया गया है। शेष मरीजों की स्थिति फिलहाल स्थिर है।' घटना के बाद स्थानीय लोगों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों पर नियंत्रण के लिए ठोस कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उपखंड अधिकारी पावटा डॉ.साधना शर्मा ने घटना को गंभीर बताते हुए कहा कि कस्बे में पागल कुत्ते की ओर से कई लोगों को काटने की सूचना मिलते ही प्रशासन अलर्ट हो गया है। नगरपालिका व चिकित्सा विभाग को तुरंत आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। प्रभावित क्षेत्रों में टीम भेजकर आवारा कुत्तों को पकड़ने की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही आमजन से भी अपील है कि वे सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध पशु की सूचना तुरंत प्रशासन को दें। घायलों को समुचित उपचार उपलब्ध करवाया जा रहा है। वही पाव टा प्रागपुरा नगरपालिका अधिशासी अधिकारी फतेह सिंह मीणा ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही नगरपालिका की टीम को मौके पर भेजा गया है। पागल कुत्ते को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। प्रभावित इलाकों में निगरानी बढ़ा दी गई है। आवारा कुत्तों की धरपकड़ व टीकाकरण अभियान को और तेज किया जाएगा, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। आमजन से सहयोग की अपील की जाती है।



## 36 साल बाद मिला पट्टा-विलेख तो खिल उठा चेहरा



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** अम्बाबाड़ी निवासी रतनलाल वर्मा को 36 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद गुरुवार को नगर निगम मुख्यालय में अतिरिक्त आयुक्त नरेंद्र कुमार बंसल की ओर से व्यवसायिक पट्टा-विलेख प्रदान किया गया। पट्टा प्राप्त करते ही वर्मा के चेहरे पर खुशी झलक उठी और उन्होंने निगम प्रशासन का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपायुक्त श्यामलाल जांगिड़ व अशोक कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे। लाभार्थी रतनलाल वर्मा ने बताया कि उन्होंने वर्ष 1990 में पट्टे के लिए आवेदन किया था। वर्ष 2017 में पट्टा जारी भी हुआ, लेकिन किसी कारणवश वे उसे प्राप्त नहीं कर सके। इसके बाद वर्ष 2022 में पुनः आवेदन करने पर निगम अधिकारियों के सहयोग से उन्हें अब पट्टा-विलेख प्राप्त हुआ। वर्मा ने इस प्रक्रिया में सहयोग के लिए निगम प्रशासन व संबंधित अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## धौलपुर में 'ए' श्रेणी की नाकाबंदी, 471 वाहनों की जांच; 45 जब्त, 13 चालक नशे में वाहन चलाते मिले



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने व आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से धौलपुर पुलिस ने 25 फरवरी की रात 7:30 बजे से 10:00 बजे तक जिलेभर में 'ए' श्रेणी की प्रभावी नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की गहन जांच की। महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज कैलाश विश्नोई के निर्देशन व जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा, एडीएफ मुख्यालय बाड़ी कमल कुमार जांगिड़ और समस्त वृताधिकारी के सुपरविजन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सुनियोजित कार्रवाई की गई। नाकाबंदी के दौरान कुल 471 वाहनों की जांच कर दस्तावेजों का सत्यापन किया गया तथा राजकॉप एप के माध्यम से वाहनों के पंजीकरण व सवार व्यक्तियों की पहचान की पुष्टि की गई। इस दौरान एमवी एक्ट के उल्लंघन में 45 वाहनों को जब्त किया गया। वहीं 13 वाहन चालकों के विरुद्ध शराब पीकर वाहन चलाने पर कार्रवाई की गई 57 वाहन चालकों के पास वैध दस्तावेज नहीं पाए जाने पर चालान बनाए गए। इसके अलावा 8 व्यक्तियों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधिकारियों ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में चल रही नाकाबंदी का औचक निरीक्षण भी किया। अभियान के दौरान बीमार, महिला व वरिष्ठ नागरिकों को अनावश्यक असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आमजन की सुरक्षा व असामाजिक तत्वों की धरपकड़ के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## बकाया बिजली बिल पर डिस्कॉम सख्तः जालोर में 1520 कनेक्शन काटे, 29 ट्रांसफार्मर हटाए

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** बकाया विद्युत राजस्व की शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जोधपुर डिस्कॉम की ओर से जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। डिस्कॉम जालोर के अधीक्षण अभियंता निमेन्द्रराज सिंह ने बताया कि निगम की वित्तीय सुदृढ़ता व निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के लिए बकाया राशि की प्रभावी वसूली सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखी गई है तथा निरंतर मॉनिटरिंग व क्षेत्रवार समीक्षा की जा रही है। अभियान के तहत अधिकारियों व कर्मचारियों की ओर से बकायादार उपभोक्ताओं से व्यक्तिगत एवं दूरभाष के माध्यम से संपर्क कर नियत समय में बकाया राशि जमा कराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके बावजूद निर्धारित तिथि तक भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में फरवरी 2026 तक जिले के विद्युत उपभोक्ताओं पर करीब 14 करोड़ रुपए बकाया हैं। इसमें से 24 फरवरी 2026 तक 394.56 लाख रुपए की बकाया राशि वाले 1520 दोषी उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन विच्छेदित किए जा चुके हैं तथा 29 उपभोक्ताओं के ट्रांसफार्मर हटाने की कार्रवाई भी की गई है। डिस्कॉम ने समस्त बकायादार उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने विद्युत बिलों की बकाया राशि तत्काल संबंधित सहायक अभियंता कार्यालय या ऑनलाइन माध्यम से जमा कराकर विद्युत संबंध विच्छेदन जैसी असुविधा से बचें।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति व विशेष टास्क फोर्स की बैठक में दिए अहम निर्देश

### शहर की सड़कों पर बने गड्ढों की मरम्मत तत्काल कराई जाएः कलक्टर




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, सड़क सुरक्षा से जुड़ी सभी एजेंसिया आपसी समन्वय करते हुए जिम्मेदारी से भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर एनएचएआई समेत सभी संबंधित विभाग किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति व विशेष टास्क फोर्स की बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। बैठक की शुरुआत पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों की अनुपालना की समीक्षा से हुई। जिला कलक्टर ने कहा कि निराश्रित गौवंश सड़क पर बैठ जाते है। रात्रि में अंधेरे के कारण सड़कों पर बैठे आवारा पशु वाहन चालकों दिखाई नहीं देते हैं, जिस कारण जहां वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं वहीं पशु भी चोटिल हो जाते हैं। उन्होंने बेसहारा गौवंशों से होने वाले हादसे रोकने को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाकर उनको गौशाला में भेजने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।
ब्लैक स्पॉट पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने एनएचएआई अधिकारियों को निर्देशित किया कि संभावित ब्लैक स्पॉट्स को चिह्नित कर वहां संकेतक बोर्ड, रंबल स्ट्रिप्स, स्पीड ब्रेकर और गति सीमा निर्धारण जैसे उपाय तत्काल प्रभाव से लागू किए जाएं। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं की आशंका वाले क्षेत्रों में साइनेज लगाये जाए। उन्होंने ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आई-रैड पोर्टल पर दर्ज डाटा का गहन विश्लेषण किया जाना चाहिए। इससे दुर्घटनाओं के कारणों की पहचान कर प्रभावी निवारक कदम उठाए जा सकते हैं। उन्होंने सभी विभागों से आई-रैड पर सटीक व समयबद्ध डेटा अपलोड करने के निर्देश भी दिए। साथ ही उन्होंने सड़क दुर्घटना में पीड़ितों के लिए शुरू की गई राष्ट्रीय कैशलेस आपातकालीन चिकित्सा योजना पीएम राहत का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर परिषद को निर्देशित किया कि शहर की सड़कों पर बने गड्ढों की मरम्मत तत्काल कराई जाए और नालियों की सफाई भी नियमित रूप से सुनिश्चित की जाए। शहर में खुले नालों पर फैरो कवर लगाने के निर्देश दिए। एनएचएआई के अधिकारी को एनएच 44 की सर्विस रोड को सीमेंटेड करने के निर्देश दिए। साथ ही बाड़ी और सरमथुरा के मध्य हाईवे पर ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर साइन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने शहर में अवैध रूप से रोड़ पर खड़े हुए वाहनों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए। वाहन पार्किंग समस्या के समाधान के लिए गांधी पार्क के सामने उद्यान विभाग के पास खाली पड़ी जगह की साफ-सफाई कर उपयोग में लेने के निर्देश दिए। साथ ही छोटी सब्जी मण्डी के पास पड़ी खाली जगह को भी पार्किंग के रूप में विकसित कर उपयोग में लेने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने शहर में ज्यादा ट्रफिक से होने वाली असुविधा को ध्यान में रखते हुए मुख्य बाजारों में सर्वे कर वन वे बनाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिससे आमजन को राहत प्रदान की जा सके। सड़क पर खड़े ठेले और वेंडर्स को पीछे करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग समयबद्धता और समन्वय के साथ कार्य करें। यातायात प्रबंधन में बेहतर रणनीति और तालमेल के साथ योगदान दें। बैठक के दौरान अधीक्षण अभियंता मधुसूदन राव, जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव, एनएचएआई के अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व समिति सदस्य उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी केंद्रों पर अंतर्विभागीय समन्वय से विकास कार्य सुनिश्चित किए जाएंः सोमनाथ





जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** महिला व बाल विकास विभाग अंतर्गत अंतर्विभागीय गतिविधियों की समीक्षा बैठक मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद अवहाद निवृति सोमनाथ की अध्यक्षता में जिला परिषद सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण, मरम्मत, पोषण, शिक्षा व अन्य योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। सीईओ ने विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि नीति आयोग के अंतर्गत जिन आंगनबाड़ी केंद्रों के नवीन भवन निर्माणाधीन हैं, उन्हें अनिवार्य रूप से 15 दिवस में पूर्ण कराया जाए। वहीं एसडीआरएफ मद से चल रहे मरम्मत कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए आगामी तीन दिवस में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला व बाल विकास विभाग के समस्त सीडीपीओ को पोषण ट्रेकर की नियमित मॉनिटरिंग, बच्चों की उचित वृद्धि निगरानी तथा अपार आईडी एवं आभा आईडी बनाने के कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। जिन आंगनबाड़ी केंद्रों पर शौचालय क्रियाशील नहीं हैं, उनकी सूची संबंधित विकास अधिकारियों को उपलब्ध कराने को कहा। सीईओ ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों से ही बच्चों के सीखने की नींव मजबूत होती है, इसलिए पूर्व-प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही मरम्मत योग्य व विद्युत विहीन केंद्रों की सूची तैयार कर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों पर क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं वेदांता फाउंडेशन, जेएसआई फाउंडेशन, रॉकेट लर्निंग तथा वात्सल्य के सहयोग से समुदाय की सहभागिता बढ़ाने पर बल दिया। बैठक में सम्पूर्णता अभियान के तहत ब्लॉक व जिला स्तर के संकेतकों की माहवार मॉनिटरिंग कर शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उड़ान योजना के अंतर्गत नैपकिन प्राप्ति के बाद उनके वितरण की नियमित मॉनिटरिंग तथा ई-औषधि पोर्टल पर समयबद्ध प्रविष्टि सुनिश्चित करने को कहा गया। इस अवसर पर नन्दघर फाउंडेशन की प्रतिनिधि ने जिले में नंदघर की प्रगति तथा जेएसआई फाउंडेशन के प्रतिनिधि ने प्रोजेक्ट बालवर्धन पर जानकारी साझा की। बैठक में उपनिदेशक महिला व बाल विकास धौलपुर, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश मंगल, एडीपीसी समसा जितेंद्र जादौन, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी चेतराम मीणा, सभी विकास अधिकारी व बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिला जल व स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित

## लंबित कार्यों को पूरा कर जलापूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाएः कलक्टर




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला जल व स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में जल जीवन मिशन के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई तथा जलापूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुचारू व प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने उन योजनाओं पर विशेष ध्यान देने को कहा, जिनका कार्य पूर्ण हो चुका है, किन्तु जलापूर्ति प्रारंभ होना शेष है। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसी योजनाओं को शीघ्र ही ग्राम जल व स्वच्छता समितियों को हस्तांतरित किया जाए, ताकि ग्रामीण स्तर पर जलापूर्ति का संचालन स्थानीय स्तर पर सुचारू रूप से हो सके और किसी भी समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जहां कार्य धीमी गति से प्रगति पर है, वहां संबंधित ठेकेदारों को नोटिस जारी कर कार्य में तेजी लाई जाए। पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आगामी ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित जलापूर्ति बनाए रखने और सभी जल स्त्रोतों की गुणवत्ता परीक्षण नियमित रूप से कराने के निर्देश भी दिए गए। जिला कलक्टर ने विशेष रूप से शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के सभी राजकीय विद्यालयों में स्वच्छ व सुरक्षित पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विद्यालयों में संचालित पेयजल टंकियों की सफाई तथा जल गुणवत्ता परीक्षण समय-समय पर करवाने के निर्देश दिए गए, ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि जल आपूर्ति बढ़ाने के लिए विभागीय समन्वय अत्यंत आवश्यक है। स्वीकृत योजनाओं की कार्य गति तेज कर अधिक से अधिक ग्रामीण क्षेत्रों में नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए। पाइपलाइन बिछाने के पश्चात क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत भी सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को आवागमन में परेशानी न हो। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ ने अधिकारियों को जल जीवन मिशन की प्राथमिकताओं को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## मंत्री के गृह क्षेत्र में 10 साल से पेयजल संकट, टूटने लगा धैर्य



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** सरकार भले ही पेयजल उपलब्धता को लेकर संवेदनशील होने के दावे कर रही हो, लेकिन कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत के गृह क्षेत्र में ही हालात इसके उलट नजर आ रहे हैं। जवाई रोड स्थित ग्राम पंचायत गलथनी की द्वारकाधीश कॉलोनी पिछले करीब एक दशक से पेयजल संकट से जूझ रही है। लगातार शिकायतों के बावजूद समाधान नहीं होने से अब कॉलोनीवासियों में रोष बढ़ता जा रहा है और उन्होंने आंदोलन की चेतावनी दी है। रहवासियों के अनुसार 9 अक्टूबर 2017 को पाइपलाइन बिछाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया था। इसके बाद समस्या की गंभीरता को देखते हुए करीब 50 लाख रुपए की स्वीकृति मिलने की जानकारी दी गई, लेकिन आज तक कॉलोनी में पाइपलाइन का कार्य शुरू नहीं हो सका। 12 जून 2020 को जलदाय विभाग को पुनः पत्र सौंपा गया। इसके अलावा जिला कलेक्टर पाली, एसडीएम सुमेरपुर, एईएन, सरपंच, विधायक एवं विकास अधिकारी को भी कई बार ज्ञापन दिए गए, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। कॉलोनी में जलापूर्ति की व्यवस्था नहीं होने से महिलाओं को सुबह-शाम हैंडपंप पर लंबी कतारों में लगना पड़ता है, जहां कई बार विवाद की स्थिति भी बन जाती है। गर्मियों के दौरान हैंडपंप जवाब दे देते हैं, जिससे टैंकर ही एकमात्र सहारा रह जाता है और लोगों को अतिरिक्त आर्थिक भार उठाना पड़ता है। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, वहीं बुजुर्गों के लिए पानी ढोना भी चुनौती बना हुआ है। कॉलोनी प्रतिनिधियों ने प्रशासन से पाइपलाइन कार्य शीघ्र शुरू कराने, घर-घर नल कनेक्शन उपलब्ध कराने, नियमित जलापूर्ति का समय निर्धारित करने और स्वीकृत राशि की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। मांगें पूरी नहीं होने पर बड़े स्तर पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब मंत्री के गृह क्षेत्र में ही पेयजल की यह स्थिति है, तो अन्य क्षेत्रों की हालत का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। अब देखना यह है कि प्रशासन जल्द समाधान करता है या फिर लोगों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

## अवैध हथकढ़ शराब केखिलाफ कार्रवाई

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** अवैध हथकढ़ शराब के खिलाफ आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। जिला आबकारी अधिकारी पवन शर्मा के निर्देशन में सदर थाना इलाके के आदर्श नगर पंचगांव क्षेत्र में छापेमार कार्यवाही को अंजाम दिया गया। अवैध हथकढ़ शराब निर्माण की सूचना पर टीम ने मौके पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान करीब 3,000 लीटर वॉश को नष्ट किया गया। वहीं शराब बनाने में इस्तेमाल हो रही 3 भट्टियों को भी तोड़कर नष्ट कर दिया गया। मौके से हथकढ़ शराब बनाने के उपकरण भी जब्त किए गए हैं। आबकारी निरीक्षक राहुल खंडेलवाल और प्रहराधिकारी देवकरण गुर्जर के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जिला आबकारी अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब निर्माण और तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### जेडीए कार्यकारी समिति की बैठक में लिए अहम निर्णय।

# सांगानेर में 240 करोड़ की एलिवेटेड रोड को स्वीकृति, यातायात जाम से मिलेगी राहत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निस)।** जेडीए आयुक्त सिद्धार्थ महाजन की अध्यक्षता में मंथन सभागार में गुरुवार को कार्यकारी समिति की 260 वी बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विकासात्मक व अवसंरचनात्मक प्रकरणों पर विस्तृत विचार-विमर्श के उपरांत आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक में महाजन की ओर से जोन-8 के अंतर्गत सांगानेर फ्लाईओवर से मालपुरा गेट के समीप तक, चोरड़िया पेट्रोल पंप होते हुए प्रस्तावित एलिवेटेड रोड निर्माण कार्य को कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।




उल्लेखनीय है कि सांगानेर क्षेत्र में यातायात दबाव व निरंतर जाम की समस्या के निराकरण हेतु सांगानेर फ्लाईओवर से चोरड़िया पेट्रोल पंप, जयपुर होते हुए मालपुरा गेट के समीप तक तथा चोरड़िया पेट्रोल पंप से कल्याणपुरा आरओबी तक यातायात सुधार के उद्देश्य से एलिवेटेड रोड निर्माण का निर्णय बजट घोषणा वर्ष 2024-25 के अंतर्गत लिया गया था । सांगानेर क्षेत्र में यातायात मूवमेंट/सर्कुलेशन का विस्तृत सर्वेक्षण कराए जाने के उपरांत यह पाया गया कि उक्त मार्गों पर नियमित रूप से यातायात जाम की स्थिति बनी रहती है। कंसल्टेंट की ओर से प्रस्तुत सुझावानुसार सांगानेर फ्लाईओवर से कल्याणपुरा आरओबी के निकट तक चार लेन एलिवेटेड रोड तथा चोरड़िया पेट्रोल पंप से डिग्गी मालपुरा गेट के समीप तक दो लेन एलिवेटेड रोड के निर्माण का प्रस्ताव है। इस परियोजना पर लगभग 240 करोड़ रुपये व्यय होने का अनुमान है। परियोजना के पूर्ण होने पर सांगानेर क्षेत्र में यातायात सुगमता, समय की बचत तथा प्रदूषण में कमी होगी। इसी के साथ सांगानेर क्षेत्र में सीवरेज सुदृढ़ीकरण के अंतर्गत बंबाला क्षेत्र के समीप सीक्वेंशियल बैच रिएक्टर (एसबीआर) तकनीक पर आधारित 40 एमएलडी क्षमता के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के इंजीनियरिंग, प्रोक्योरिंग, कंस्ट्रक्शन एंड कमीशनिंग और परफॉर्मेंस आधारित कार्यों के लिए स्वीकृति प्रदान की गई। यह परियोजना क्षेत्र में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण व सतत शहरी विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी। बैठक में निदेशक वित्त सुरेश वर्मा, निदेशक अभियांत्रिकी-द्वितीय अजय गर्ग, निदेशक आयोजना मृणाल जोशी व अतिरिक्त आयुक्त भागचंद बधाल उपस्थित रहे। कार्यकारी समिति की ओर से लिए गए ये निर्णय राज्य सरकार की जनहितकारी नीतियों के अनुरूप शहरी विकास के सुदृढ़ीकरण और सुगम, सुरक्षित व आधुनिक जयपुर के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं।

राज्य जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
27 फरवरी, 2026

## भगवान से राग होने पर ही वैराग्य की दिशा तय होती हैं: मुनि योग सागर



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** साधु-संतों के सत्संग से मानव जीवन का कल्याण संभव हैं। वर्तमान में मनुष्य अंतरंग भाव से धर्म नहीं कर रहा हैं जिससे उसे वास्तविक फल नहीं मिल पाता हैं। भगवान से राग होने पर ही वैराग्य की दिशा तय होती हैं। यह विचार दिगंबर जैन मुनि योग सागर महाराज ने गुरुवार को बिजौलियां दिगंबर जैन पारसनाथ तीर्थ क्षेत्र पर धर्म सभा में व्यक्त किए। दिगंबर जैन मुनि वैराग्य सागर महाराज ने कहा कि मनुष्य का जीवन बहुत दुर्लभ हैं। इसमें धर्म को अंगीकार करना चाहिए और सांसारिक कार्यों में अधिक रुचि नहीं करनी चाहिए। प्रवचन समाप्ति के पश्चात भीलवाड़ा आरके कॉलोनी से आए प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्यों ने भीलवाड़ा प्रवास के लिए निवेदन किया। बिजौलियां सकल दिगंबर जैन समाज ने बिजौलियां गांव के लिए निवेदन किया। आचार्य विद्यासागर महाराज की पूजन संगीत के साथ सुमित सेठिया और श्रद्धा ठग ने करवाया।

## होली को लेकर प्रशासन सख्त, मावा व मिठाइयों के नमूने लिए



जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** होली के पर्व को दृष्टिगत रखते हुए जिले में आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग तथा खाद्य सुरक्षा दल की ओर से विशेष अभियान चला कर सैंपलिंग की जा रही है। मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ भैराराम जाणी ने बताया कि होली के अवसर पर मिठाइयों, मावा, घी, रंगीन मिठाइयों व अन्य खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए जिले भर में मिठाई की दुकानों एवं थोक विक्रेताओं पर सघन निरीक्षण कर विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जा रहे हैं। इसी संदर्भ में खाद्य सुरक्षा दल की ओर से गुरुवार को जालौर शहर में गुप्ता स्वीट्स एंड जलपान गृह से मीठा मावा, गायत्री स्वीट होम से रसगुल्ला ओर मीठा मावा, लहरिया स्वीट एंड केटर्स से कलाकंद के नमूने लिए गए। नमूनों को जांच के लिए जनस्वास्थ्य प्रयोगशाला भिजवाया गया है, जांच रिपोर्ट में मिलावट या मानकों के विपरीत पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा दल की ओर से मिठाई विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि वे साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें, ढंके हुए खाद्य पदार्थ ही विक्रय करें तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप ही सामग्री का उपयोग करें। आमजन से भी अपील की गई है कि वे खुली व संदिग्ध खाद्य सामग्री खरीदने से बचें तथा किसी भी प्रकार की मिलावट की शिकायत खाद्य सुरक्षा विभाग को करें।

## राजाखेड़ा तहसील में शौचालयों की बदहाल स्थिति से आमजन परेशान



जयपुर टाइम्स

**राजाखेड़ा(धौलपुर)।** तहसील भवन की रंगाई-पुताई कर भले ही उसे नया रूप दिया जा रहा हो, लेकिन मूलभूत सुविधाओं के अभाव में आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राजाखेड़ा तहसील कार्यालय में प्रतिदिन रजिस्ट्री, बैनामा व अन्य कार्यों के लिए बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष पहुंचते हैं, लेकिन उनके लिए स्वच्छ एवं उपयोग योग्य शौचालय की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। तहसील परिसर में बने शौचालयों की स्थिति बेहद जर्जर व अस्वच्छ बनी हुई है। गंदगी के चलते लोग उनका उपयोग करने से कतराते हैं, जिससे महिलाओं व बुजुर्गों को विशेष रूप से असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। कई बार लोगों को मजबूरन परिसर से बाहर शौचालय की तलाश में जाना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से तहसील परिसर में स्वच्छ व सुव्यवस्थित शौचालय व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानियों से राहत मिल सके। लोगों का कहना है कि तहसील जैसे महत्वपूर्ण कार्यालय में मूलभूत सुविधाओं का अभाव चिंता का विषय है और इस दिशा में शीघ्र प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए।

## पोयणा में पांच दिवसीय फागोत्सव 4 मार्च से

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** होली के अवसर पर पोयणा माताजी मंदिर सेवा संस्था (ट्रस्ट) के तत्वावधान में इस वर्ष पांच दिवसीय फागोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजन के तहत मंदिर प्रांगण से लेकर गांव के प्रमुख चौकों तक गैर नृत्य, ढोल-नगाड़ों की थाप और भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय रहेगा। कार्यक्रम के अनुसार 4 मार्च को धुलंडी के बाद शाम 5 से 7 बजे तक माताजी मंदिर प्रांगण में गैर नृत्य होगा। 5 मार्च को चौहट्टा में महादेवजी व जुझारजी के नाम गैर नृत्य आयोजित किया जाएगा। 8 मार्च को रामदेव चौक में तथा 10 मार्च को हनुमान चौक में शाम 5 से 7 बजे तक गैर नृत्य होंगे। वहीं 25 मार्च को वरु मोमाजी मंदिर प्रांगण में सुबह 9 से 12 बजे तक चढ़ावा व प्रसादी (लापसी) वितरण तथा रात्रि 9 से 12 बजे तक भजन-कीर्तन का आयोजन होगा।

# सुमेरपुर से उठी हुंकार: अब नहीं होगा बाल विवाह

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** पाली जिले की धरती से बाल विवाह के खिलाफ एक जोरदार हुंकार गूंजी, जब बाल विवाह मुक्त भारत 100 दिवसीय अभियान के तहत जागरूकता रथ यात्रा का भव्य शुभारंभ हुआ। तखतगढ़ के उप तहसीलदार जीतेन्द्र बबेरवाल ने हरी झंडी दिखाकर इस जनआंदोलन की शुरुआत की और साफ शब्दों में कहा कि बच्चों का बचपन छीनने वालों को अब बख्शा नहीं जाएगा। कार्यक्रम में मौजूद जनसमूह ने एक स्वर में संकल्प लिया कि 18 वर्ष से कम आयु की बालिका और 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह न तो करेंगे और न ही होने देंगे। पूरे क्षेत्र में जोश, उत्साह और सामाजिक बदलाव की स्पष्ट तस्वीर देखने को मिली। यह रथ अब पाली जिले के हर




ब्लॉक और ग्रामीण अंचल में पहुंचेगा। ऑडियो संदेशों, पोस्टर विमोचन, पंपलेट वितरण, जनसंवाद और शपथ कार्यक्रमों के जरिए लोगों को बताया जाएगा कि बाल विवाह न केवल सामाजिक अभिशाप है, बल्कि कानूनन दंडनीय अपराध भी है। जिला समन्वयक अमन कुमार वैष्णव ने कहा कि बाल विवाह से बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य पर गहरा आघात होता है। उन्होंने चेताया कि प्रशासन और सामाजिक संगठनों की संयुक्त निगरानी में अब किसी भी प्रकार का बाल विवाह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### संगठनों का साझा संकल्प:

अभियान का आयोजन जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन लस्ङ्गस, महिला अधिकारिता विभाग, बाल अधिकारिता विभाग और ङ्खलरुके संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम के दौरान पोस्टर का विमोचन किया गया और आमजन को बाल विवाह उन्मूलन की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में अमन कुमार वैष्णव, अमिता, धन्नाराम, हरिराम, सविता, खेरुनिशा तथा आईजीएल से प्रमोद सारण सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पाली बनेगा बाल विवाह मुक्त जिला:

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह सिर्फ एक रथ यात्रा नहीं, बल्कि सामाजिक क्रांति की शुरुआत है। प्रशासन, सामाजिक संगठन और आमजन मिलकर पाली जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं। अब संदेश साफ है– 'बचपन नहीं बंधन चाहिए, शिक्षा और सम्मान चाहिए।' सुमेरपुर से उठी यह चिंगारी अब पूरे जिले में जागरूकता की मशाल बनकर फैलने को तैयार है।

## सांडेराव पुलिस चौकी से भूतमगरी स्कूल तक बदहाल

### मार्ग से विद्यार्थियों की मुश्किलें बढ़ीं

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** सांडेराव नगर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भूतमगरी पहुंचने के लिए विद्यार्थियों, स्टाफ एवं ग्रामीणों को रोजाना कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। सांडेराव पुलिस चौकी के पास से गांव के अंदर आने वाला मुख्य मार्ग आज भी सड़क सुविधा से वंचित है। कच्चा और ऊबड़-खाबड़ रास्ता होने के कारण यहां से आवागमन करना जोखिमभरा और अत्यंत दुष्कर बना हुआ है। विद्यालय के प्रधानाचार्य घनश्याम लोहार व मारवाड़- गोडवाड़ जनकल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष जयदेव सिंह राणावत ने जानकारी देते हुए बताया कि बस स्टैंड से पुलिस चौकी के पास से विद्यालय तक जाने वाला यह मार्ग लंबे समय से बदहाल स्थिति में है। बरसात के दिनों में यह रास्ता कीचड़मय हो जाता है, जिससे छात्र-छात्राओं को विद्यालय पहुंचने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में अध्ययनरत बालक-बालिकाओं के साथ-साथ शिक्षक, दूध वितरक, अखबार वितरक तथा आसपास के ग्रामीण भी इसी मार्ग से आवागमन करते हैं। सड़क नहीं होने के कारण दुपहिया वाहन चालकों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। कई बार वाहन फिसलने और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों, विधायक व मंत्री प्रतिनिधियों से इस मार्ग के निर्माण के लिए अनेक बार आग्रह किया जा



चुका है, किंतु अभी तक सड़क निर्माण की स्वीकृति नहीं मिल पाई है। जनप्रतिनिधियों द्वारा आश्वासन तो दिए गए, परंतु धरातल पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षा के मंदिर तक पहुंचने का मार्ग ही जब दुर्गम होगा तो विद्यार्थियों का मनोबल प्रभावित होना स्वाभाविक है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर इस महत्वपूर्ण मार्ग के निर्माण की मांग की है, ताकि विद्यार्थियों को सुरक्षित व सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। अब देखना यह है कि प्रशासन कब तक इस गंभीर समस्या पर ध्यान देता है और भूतमगरी विद्यालय तक पक्की सड़क का सपना साकार होता है।

## सुमेरपुर में 'विकास' बना विनाश! गैस लाइन खुदाई ने फोड़ी पाइप लाइन

### जूना जाखामाजी रोड पर बही हजारों लीटर जलधारा

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** शहर के जूना जखमाजी रोड पर चल रहा गैस लाइन बिछाने का काम अब 'विकास' नहीं बल्कि 'विनाश' की कहानी बन गया है। लापरवाही की हद तब पार हो गई जब खुदाई के दौरान जगह-जगह पानी की पाइपलाइन फूट गई और देखते ही देखते हजारों लीटर पेयजल सड़क पर बह गया। सड़क तालाब में बदल गई, दुकानों के आगे कीचड़ और घरों तक पानी पहुंच गया। इस संबंध में कंपनी के कर्मचारियों से बात करने पर बताया कि कुछ जगह पानी की लाइन फूट गई है जिसकी जानकारी जलदायिक विभाग को दी गई है।



पानी यूं ही बहता रहा,लेकिन जिम्मेदार विभाग का कोई अधिकारी मौके पर नजर नहीं आया।

### बिना सर्वे सीधे खुदाई, शहर भुगत रहा सजा:

स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिना किसी तकनीकी सर्वे और मानचित्र के सीधे जेसीबी चला दी गई। नतीजा शहर की जीवनरेखा मानी जाने वाली पानी की लाइनें छलनी हो गईं। कई मोहल्लों में पानी की सप्लाई ठप होने की बात सामने आ रही है, सड़क पर जल भराव होने के कारण राहगीरों को परेशानी हो रही है।

### पानी की किल्लत वाले शहर में हजारों लीटर बर्बाद:

जहां शहर में एकांत्रिय पानी की सप्लाई हो रही है, वही दूसरी और एक-एक बूंद के लिए लोग जूझते हैं, वहीं सड़कों पर बहता पानी प्रशासनिक असंवेदनशीलता की गवाही दे रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक,घंटों तक

### जनता का फूटा गुस्सा:

स्थानीय नागरिकों ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि विकास कार्य के नाम पर शहर की बुनियादी सुविधाओं को बर्बाद किया जा रहा है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि गैस लाइन डालते समय पानी की लाइन तोड़ने के जिम्मेदार कौन? क्या संबंधित विभाग ने भूमिगत पाइपलाइन का नक्शा देखा था? क्या कार्य शुरू करने से पहले जलदाय विभाग से समन्वय किया गया?हजारों लीटर पानी की बर्बादी की भरपाई कौन करेगा? इन सभी बिंदुओं का सुमेरपुर अब जवाब मांग रहा है। विकास की आड़ में हो रही लापरवाही कब रुकेगी? क्या प्रशासन इस 'पानी कांड' पर कोई ठोस कार्रवाई करेगा या फिर मामला ठंडे बस्ते में चला जाएगा? सुमेरपुर की जनता अब चुप नहीं बैठेगी।

## स्पर्धा 2.0 के चौथे दिन खेल प्रतिभाओं का शानदार प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय धौलपुर में आयोजित खेल सप्ताह 'स्पर्धा 2.0' के चौथे दिन विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर जीत हासिल की। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य ने संबोधित करते हुए सभी छात्रों को अधिक से अधिक संख्या में खेलों में भाग लेने तथा पूर्ण अनुशासन के साथ खेल भावना बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। सर्व प्रथम 400 मीटर व 800 मीटर दौड़ हुई। जिसमें उत्तम सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त की। प्रतियोगिताओं के समन्वयक शिवकांत शर्मा, कुलदीप तिवारी रहे, इसके पश्चात आयोजित शॉटपुट प्रतियोगिता में गौरव सिंह व पलक सिंघल विजेता रहे। इस प्रतियोगिता के समन्वयक मिलेश चौहान व गिर्राज गिरी रहे। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसमें टीम्, कप्तान मनीष चौधरी के नेतृत्व में विजेता रही। वॉलीबॉल प्रतियोगिता के समन्वयक ब्रजेश कुमार त्यागी, मोहित




श्रीवास्तव, रहे। वहीं शतरंज प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबले में मोहित वर्मा ने शानदार विजय प्राप्त की। शतरंज प्रतियोगिता के समन्वयक विनय बघेला रहे। साथ ही आयोजित ट्रेजर हंट प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता के समन्वयक निरंजन सिंह रहे, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन किया। इस दौरान डॉ. कृष्णकांत उपाध्याय, माधव गर्ग, सौरव शर्मा, विजय कुमार, विवेक कुमार व अतुल कुमार, वंशिका यदुवंशी, मनीष कुमार आदि मौजूद रहे।

## साईबाबा मंदिर बना 'सेहत का दरबार, सैकड़ो मरीज लाभान्वित

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** नगरपालिका रोड साईबाबा मंदिर परिसर गुरुवार को मानव सेवा के बड़े केंद्र में बदल गया, जहां वाइटल होम्योपैथिक एसोसिएशन, अरुणोदय कल्याण फाउंडेशन और डॉ. कुलदीप रोहिन निजी क्लिनिक के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर में 500 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर का शुभारंभ एसडीएम, नगर पालिका ईओ नरपतसिंह राजपुरोहित सहित कई अतिथियों ने किया। डॉ. कुलदीप रोहिन ने कहा कि होम्योपैथी शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर बीमारी को जड़ से खत्म करने में कारगर है। गठिया, चर्म रोग, माइग्रेन और बच्चों की पुरानी बीमारियों के कई मरीजों को विशेष परामर्श दिया गया। क्षेत्रवासियों ने इसे जनसेवा की बड़ी पहल बताते हुए भविष्य में भी ऐसे शिविरों के नियमित




आयोजन की मांग की। साईबाबा मंदिर में लगा यह शिविर स्वास्थ्य और सेवा का प्रेरक उदाहरण बन गया। शिविर उद्घाटन समारोह में एसआई जशवंत परिहार, भाजपा जिला प्रकोष्ठ प्रभारी दीपक भाटी, शिक्षक संघ अध्यक्ष शैतानसिंह हाड़ा, विश्व हिंदू परिषद के शैतानसिंह विरोलिया, ँश्टष्ट सदस्य विनोद पारिक, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ.मनोज महाजन और समाजसेवी भरत माली ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया।

## शुद्ध आहार वमिलावट पर वार अभियान: धौलपुर में व्यापक कार्रवाई

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** खाद्य सुरक्षा व औषधि नियंत्रण विभाग, राजस्थान की आयुक्त डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देशानुसार 24 फरवरी से जिले में 'शुद्ध आहार एवं मिलावट पर वार' अभियान सघन रूप से संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत गत तीन दिनों में विभिन्न प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण, नमूनीकरण एवं जब्ती की प्रभावी कार्रवाई की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ धर्मसिंह मीणा की ओर से गठित खाद्य सुरक्षा दल ने अभियान के दौरान रीको इंडस्ट्रियल एरिया स्थित कैलादेवी फूड प्रोडक्ट्स से बेसन का नमूना लेकर लगभग 900 किलो बेसन जब्त किया गया। काली माई रोड स्थित आकाश ऑयल मिल से सरसों तेल का नमूना लेकर 300 किलो तथा गोयल ऑयल मिल से 150 किलो सरसों तेल जब्त किया गया। इसी क्रम में जानकी उद्योग, रीको इंडस्ट्रियल एरिया से गेहूं के आटे के 8 नमूने लेकर करीब 600 किलो आटा जब्त किया गया, जबकि दीपक उद्योग से गेहूं के आटा व मैदा के नमूने लेकर लगभग 2000 किलो आटा जब्त किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार ने बताया कि अभियान के साथ ही गुरुवार को कंचनपुर में आयोजित लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन शिविर में 41 व्यापारियों को मौके पर ही खाद्य लाइसेंस/पंजीयन जारी किए गए। साथ ही सूरज ऑयल मिल, कंचनपुर से 100 किलो, राजकुमार ऑयल मिल, काली माई रोड से 100 किलो तथा अंतराम ऑयल मिल, काली माई रोड से 360 किलो सरसों तेल नमूना लेकर जब्त किया गया। विजय ऑयल मिल से भी सरसों तेल का नमूना लिया गया। सभी नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाए जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 व नियम 2011 के तहत नियमानुसार कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि होली पर्व तक अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा मिलावटखोरों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।


## कार्यालय उप वन संरक्षक, जयपुर (उत्तर)

कोल डिपो, झोटवाडा रोड, पानी पेच, जयपुर-302016 e-mail dcf.jprn.forest@rajasthan.gov.inPh. 0141-2303165

निविदा संख्या :-एफ () उवसंजउ / स्टोर / 2025-26/1146 दिनांक :- 21-2-26

### खुली निविदा

इस वनमण्डल अधीन RANGE-PAOTA मे SILT DETNNTION STRUCTURE WORK करवाया जाना है। इस कार्य हेतु सर्वसाधारण विशेषकर SILT DETNNTION STRUCTURE WORK करने वाली फर्मों को निविदा के लिये आमंत्रित किया जाता है । इच्छुक निविदादाता दिनांक 23.02.2026 को 11.00 बजे से sppp.rajasthan.nic.in पोर्टल से निविदा डाउनलोड कर निविदा प्रपत्र मय अन्य वांछित दस्तावेज अपलोड कर सकते है। निविदादाता को मूल डी. डी. / बिड सिक्योरिटी का घोषणा पत्र व अन्य दस्तावेज इस कार्यालय में दिनांक 04.03.2026 को दोपहर 02.00 बजे तक जमा करवाने होंगे। निविदाएँ नियमानुसार वन मण्डल कार्यालय में दिनांक 04.03.2026 को सांय 04:00 बजे खोली जावेगी

| क्र.सं. | नाम कार्य | कार्य क्षेत्रफल | अनुमानित राशि (रूपयों मे) | बोली अमानत राशि 2% (रूपयों में) | बोली शुल्क (रूपयों में) 18 प्रतिशत GST सहित | ऑनलाईन टेन्डर डाउनलोड करने की तिथि | डी.डी. जमा कराने का दिनांक | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि एंव समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SILT DETNNTION STRUCTURE WORK | AS PER G-SCHEDULE | 484000/ | 9680/- | 590/- | दिनांक 23.02.2026 से 04.03.2026 01.00 बजे तक | दिनांक 23.02.2026 से 04.03.2026 02.00 बजे तक | दिनांक 04.03.2026 04.30 बजे |


UBN- FOR2526WSOB05891

01. निविदा की अन्य शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है एवं इसके अतिरिक्त यदि निविदादाता को निविदा के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त करनी हो तो इस कार्यालय मे किसी भी कार्य दिवस में जानकारी प्राप्त कर सकते है ।
02. निविदा प्रपत्र SPPP पोर्टल से भी डाउनलोड किया जा सकता है, पोर्टल से निविदा प्रपत्र प्राप्त कर निविदा शुल्क राशि रू 500/- रू0 का डी.डी. उप वन संरक्षक जयपुर (उत्तर) के नाम निविदा के साथ संलग्न करना होगा।
03. मूल दस्तावेज मोहरबंद लिफाफे मे दिनांक 04.03.2026 को दोहपर 02.00 बजे तक कार्यालय उप वन संरक्षक जयपुर (उत्तर) के नाम जमा करायी जावे ।
04. निर्धारित समय के पश्चात निविदा प्राप्त होने पर अमान्य कर दी जावेगी
05. अधोहस्ताक्षरकर्ता को किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत या अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार होगा ।

उप वन संरक्षक,
जयपुर (उत्तर)

DIPR/C/4307/2026

## प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर ए श्रेणी की नाकाबंदी




जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राजस्थान प्रदेश में आगामी प्रस्तावित दौरे को लेकर पुलिस महानिदेशक व चूरू पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार थानाधिकारी सीआई सतपाल बिश्नोई के नेतृत्व तारानगर पुलिस ने बुधवार देर शाम को साहवा सर्किल पर हथियारबद ए श्रेणी की नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान आने जाने वाले वाहनों की गहनता से जांच की एवं नियमों की पालना न करने वाले वाहन चालकों के चालान भी काटे गए। इस मौके पर एएसआई रोहिताश, महावीर, हैड कॉंस्टेबल राजेंद्र कुमार, कॉंस्टेबल राजकुमार, राजू नायक सहित पुलिस के जवान मौजूद रहे।

## दलित-आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना पर शिविरः युवाओं को आसान ऋण योजनाओं की दी जानकारी




जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करने के लिए वार्ड 21 स्थित वर्षा कंदोई गेस्ट हाउस में बुधवार को 'डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना-2022' के तहत जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, चूरू ने किया। कैंप प्रभारी अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी उद्योग विभाग चूरू आदूसिंह गुर्जर ने योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के माध्यम से पात्र युवाओं को आसान शर्तों व कम लागत पर ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है, जिससे वे स्वयं का रोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकें। शिविर में उपस्थित प्रतिभागियों को विभाग की अन्य स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इस दौरान एडवोकेट त्रिलोक रैगर ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए समय-समय पर विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिससे सामाजिक एवं आर्थिक विकास को गति मिल रही है। शिविर में अमरचंद सबलानिया, नंदलाल सबलानिया, राकेश सबलानिया, किशन सबलानिया, मनीराम, चुन्नीलाल, मुकेश, दलीप मोहरिया, पवन सबलानिया सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## आज से मचेगी फाग की धूम, गीगराज घींदड़ कमेटी की बैठक



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** क्षेत्र की लोक संस्कृति गीगराज घींदड़ कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी फागोत्सव को भव्य रूप देने का निर्णय लिया गया है। कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि 27 फरवरी से 2 मार्च तक विशाल सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान चंग-धमाल, डांडिया और पारंपरिक घींदड़ नृत्य की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। कमेटी ने आमजन से अपील की है कि इन कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर अपनी पुरानी संस्कृति और विरासतों को आगे बढ़ाने में अपना सहयोग दें।

## अनुपयोगी से उपयोगी सामग्री निर्माण प्रदर्शनी लगाई

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय पंडितपुर में अणुव्रत समिति रतनगढ़ के तत्वावधान में वेस्ट से बेस्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी के पर्यावरण संरक्षण प्रकल्प के अंतर्गत प्लास्टिक मुक्त भारत कार्यक्रम के संदर्भ में विद्यालय में वेस्ट प्लास्टिक से उपयोगी सामग्री निर्माण कर




प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा अध्यक्ष मोतीलाल तातेड, अणुव्रत समिति रतनगढ़ अध्यक्ष कुलदीप व्यास, हनुमान सीताराम सेवा समिति अध्यक्ष सीताराम शर्मा, भामाशाह प्रेरक राकेश गहलोत ने किया। संस्थाप्रधान नरेंद्र सांकृत्य ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम प्रभारी अध्यापिका वंदना शर्मा ने बताया कि विभिन्न प्रकार के यूज्ड प्लास्टिक से विद्यालय में नो बैग डे पर उपयोगी सामग्री का निर्माण किया गया और बच्चों को प्लास्टिक सामग्री के कम उपयोग, पुनः उपयोग, पुनः चक्रण के लिए सतत् रूप से प्रेरित किया जा रहा है। अणुव्रत समिति अध्यक्ष कुलदीप व्यास ने विद्यालय के इस कार्य को प्रेरणादायक बताया और इसे सतत रूप से जारी रखने हेतु कहा। वरिष्ठ अध्यापक रामचंद्र माली ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सचिन दाधीच, अशोक कुमार गौड़, अर्चना पोद्दार, राधेश्याम प्रजापत, प्रवीण कुमार, सरोज, संजय बुनकर आदि उपस्थित रहे।

# सौंदर्यीकरण के नाम पर लोहिया स्टेडियम में हरे पेड़ों की चढ़ा दी बलि

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** पेड़ों को पालने-पोषने में 10-20 सालों का वक्त लग जाता है। लेकिन हरे पेड़ों को काटने में 10-20 मिनट का समय नहीं लगता। शहर के एन के लोहिया स्टेडियम में सौंदर्यीकरण के नाम पर करीब 30 साल पुराने हरे पेड़ों की निर्मम हत्या कर दी गई। दरअसल यहां पर मिट्टी भराई के बाद चारदीवारी निर्माण का कार्य शुरू किया गया है। जिसके लिए जंगली जलेबी के पेड़ों और सफेदा (यूकेलिप्टस) के पेड़ों को काटा गया है। दिन दहाड़े जब जेसीबी की सहायता से पेड़ों को उखाड़ा गया, तो लोगों में मन में एक ही सवाल आया कि सरकारी विभाग इस प्रकार से पेड़ों को गिराने की परमिशन कैसे दे सकता है। दूसरी ओर इस बारे में



सहायक अभियंता विक्रम जोरवाल से दोपहर में बात करने पर उन्होंने बताया कि जोधपुर के जिला कलक्टर के आदेश हैं, जिनके आधार पर नगरपरिषद अपने स्तर पर परमिशन दे सकती है। वहीं लोहिया स्टेडियम के सवाल पर उन्होंने परमिशन होने से मना कर दिया। दूसरी ओर चारदीवारी का निर्माण कार्य करवा रहे ठेकेदार कुलदीप सारण से बात करने पर उन्होंने बताया कि नगरपरिषद अपने स्तर पर परमिशन दे सकती है। लेकिन जब उनसे ये पूछा गया कि आपके पास परमिशन है क्या, तो वो कोई सटीक जवाब नहीं दे सके। वहीं सरेआम हरे पेड़ों की कटाई से पर्यावरण प्रेमियों में आक्रोश है और प्रशासन से इस प्रकार की परमिशन जारी नहीं करने की मांग की गई है, क्योंकि ये पेड़ कोई आम रास्ते पर नहीं थे।

### इनका कहना है

नगरपरिषद कार्यवाहक आयुक्त चारवी ने बताया कि पांच से कम पेड़ों को गिराने की परमिशन दी गई है, बाकी पेड़ों की टहनियां काटी गई हैं। जितने पेड़ गिराए गए, उससे कहीं ज्यादा वापस लगाने की हिदायत ठेकेदार को दी गई गई है। पर्यावरण प्रेमी पीथाराम ज्याणी ने बताया कि जंगली जलेबी का पेड़ पर्यावरणीय महत्व के मद्देनजर मृदा अपरदन को कम करता है व नमी का संतुलन बनाए रखने में मदद करता है। इस प्रकार के छायादार व औषधीय पेड़ काटे जाने पर वन संरक्षण अधिनियम के तहत दोषियों पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। पर्यावरण प्रेमी व साहित्यकार डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने कहा कि मुझे यह जानकार काफी दुःख हुआ कि हरे पेड़ों की कटाई गई है। करीब तीस साल पहले कड़ी मेहनत से तत्कालीन सफाई निरीक्षक राजाराम ने ये पेड़ लगाए थे, लेकिन व्यक्ति समान पेड़ को काटकर हजारों पक्षियों का बसेरा उजाड़ दिया गया। सौंदर्यीकरण के नाम पर पहले भी नगरपरिषद ने पेड़ काटे थे और अब ये घटना दुबारा हो गई। ऐसे में इस निंदनीय कृत्य पर सरकार को संज्ञान लेना चाहिए।

## 16 माह से बिना स्थायी ईओ चल रही बीदासर नगरपालिका

### बार-बार तबादलों से विकास कार्य प्रभावित

जयपुर टाइम्स




**बीदासर(निस)।** कस्बे की नगरपालिका पिछले करीब 16 महीनों से स्थायी अधिशासी अधिकारी (ईओ) के अभाव में संचालित हो रही है। अक्टूबर 2024 से फरवरी 2026 तक आधा दर्जन से अधिक अधिकारियों को केवल अतिरिक्त कार्यभार देकर लगाया गया, लेकिन कुछ समय बाद उनका तबादला कर दिया गया। लगातार अधिकारियों के बदलने से विकास कार्यों की रफ्तार प्रभावित हो रही है तथा आमजन को छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी बार-बार नगरपालिका के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। जानकारी के अनुसार 15 अक्टूबर 2024 को तत्कालीन ईओ सोहनलाल नायक के स्थानांतरण के बाद से अब तक स्थायी नियुक्ति नहीं हो पाई है। इसके बाद 24 से 27 अक्टूबर 2024 तक सहदेव चारण ने अतिरिक्त चार्ज संभाला। वहीं 28 अक्टूबर 2024 से 23 फरवरी 2025 तक मुकेश कुमार स्वामी, 24 फरवरी से 8 जून तक कुंदन देथा, 9 जून से 4 सितंबर तक पूनमचंद नाई, 4 सितंबर से 16 सितंबर तक विकास कुमार मीणा तथा 17 सितंबर 2025 से 25 फरवरी 2026 तक भरत गौड़ ने अधिशासी अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार संभाला। गुरुवार को एक बार फिर नगरपालिका में कार्यरत राजस्व अधिकारी पूनमचंद नाई को अधिशासी अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। प्रतिपक्ष नेता गोपाल गुर्जर ने कहा कि बार-बार अधिकारियों के बदलने से नगरपालिका के विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। कई स्वीकृत टेंडरों के कार्य समय पर शुरू या पूरे नहीं हो पा रहे हैं, जिसका सीधा असर कस्बे की जनता पर पड़ रहा है। वहीं निवर्तमान पालिका अध्यक्ष सीताराम भोभरिया ने आरोप लगाया कि कुछ जनप्रतिनिधियों की ओर से अधिकारियों पर दबाव बनाकर अपने अनुसार कार्य करवाने का प्रयास किया जाता है, जिससे प्रशासनिक अस्थिरता की स्थिति बनी रहती है। स्थायी ईओ की नियुक्ति नहीं होने से नगरपालिका में विकास कार्यों के साथ ही आमजन को मूलभूत सेवाओं से जुड़े कार्यों में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## बाय के श्याम मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

### फाल्गुनी बयारों के बीच निकली भव्य निशान शोभा यात्रा

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** शेखावाटी की पावन धरा इन दिनों श्याम के रंग में रंगी हुई है। इसी कड़ी में गुरुवार को तारानगर क्षेत्र के गाँव बांय में स्थित प्राचीन श्याम बावड़ी मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय श्याम फाल्गुन महोत्सव का भव्य आगाज हुआ। महोत्सव के प्रथम दिन आयोजित विशाल शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

### आसमान गूंजे श्याम के जयकारे

ठाकुर जी के मंदिर से शुरू हुई इस शोभा यात्रा का दृश्य अलौकिक था। हाथों में श्याम बाबा का निशान (ध्वजा) थामे हजारों भक्त फाल्गुनी बयारों के बीच झूमते-गाते नजर आए। चंग की थाप और श्याम भजनों की धुन पर नाचते श्रद्धालुओं के उत्साह ने पूरे क्षेत्र को 'बाबो म्हारो श्याम' के जयकारों से गुंजायमान कर दिया। ?बाय की प्राचीन श्याम बावड़ी मंदिर की अपनी विशेष मान्यता है। शोभा यात्रा मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई, जहां बाबा



का विशेष श्रृंगार किया गया। महोत्सव के दौरान आसपास के विभिन्न शहरों और गांवों से पैदल यात्री अपनी मनोकामनाएं लेकर 'धोक' लगाने पहुंच रहे हैं। महोत्सव के अगले दो दिनों तक भजन संध्या और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। बाबा का भव्य दरबार और अलौकिक श्रृंगार भक्तों के आकर्षण का मुख्य केंद्र बना हुआ है। ?स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार बाय का यह मंदिर ऐतिहासिक और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र है। मेले के मद्देनजर प्रशासन और मंदिर कमेटी की ओर से सुरक्षा व व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं ताकि दूर-दराज से आने वाले पैदल यात्रियों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े।

## अन्नपूर्णा रसोई में श्रमिक से अवैध वसूली व मारपीट !

जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** कस्बे के छापर रोड स्थित नगर पालिका बीदासर की ओर से संचालित रैन बसेरा में चल रही अन्नपूर्णा रसोई में भोजन करने गए एक श्रमिक के साथ अवैध वसूली व मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित श्रमिक ने जिला कलेक्टर व




नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 28 निवासी मनोज मेघवाल पिछले करीब दो वर्षों से नियमित रूप से रैन बसेरा स्थित अन्नपूर्णा रसोई में भोजन करता आ रहा है। पीड़ित का आरोप है कि वहां टोकन काटने वाला कर्मचारी राकेश रैगर उर्फ पिंटू निर्धारित दर 8 रुपये के बजाय उससे 10 रुपये वसूल रहा था।

### विरोध करने पर मारपीट का आरोप

ज्ञापन में उल्लेख है कि 24 फरवरी की दोपहर करीब 12:53 बजे जब मनोज ने अतिरिक्त 2 रुपये वसूले जाने का विरोध किया तो कर्मचारी आवेश में आ गया और गाली-गलौच करने लगा। आरोप है कि इसके बाद कर्मचारी ने मनोज के साथ मारपीट की और उसे धक्का देकर रसोई से बाहर निकाल दिया। पीड़ित मनोज मेघवाल ने नगरपालिका ईओ को पत्र लिखकर आरोपी कर्मचारी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और उससे वसूली गई अतिरिक्त राशि वापस दिलाने की मांग की है। घटना के बाद से स्थानीय श्रमिकों में रोष व्याप्त है और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की जा रही है।

## 11 साल की बच्ची के नाक और गले का राजकीय उपजिला चिकित्सालय में सफल ऑपरेशन

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के राजकीय उप जिला चिकित्सालय में लगातार चिकित्सा व्यवस्थाओं में बड़ा सुधार हुआ है। पहले जहां छोटी सी बीमारियों के लिए बड़े शहरों में रेफर कर दिया जाता था। वहीं अब बड़े-बड़े ऑपरेशन राजकीय उपजिला चिकित्सालय में होने लगे हैं। ऐसा ही एक मामला आया है जहां सीकर जिले के फतेहपुर की 11 साल की बच्ची को सांस लेने में काफी समय से दिक्कत थी। परिजनों ने बच्ची को जब सीकर जिले के बड़े अस्पतालों दिखाया तो डॉक्टरों ने ऑपरेशन होना बताया और उसका काफी खर्चीला बताया। उसके बाद बच्ची के परिजनों को पता चला कि सरदारशहर के राजकीय उपजिला चिकित्सालय में ईएनटी रोग विशेषज्ञ डॉ लोकेंद्र सिंह राठौड़ बड़े-बड़े ऑपरेशन पूरी तरह से निशुल्क कर रहे हैं। उसके बाद परिजन बच्ची को लेकर राजकीय उप जिला चिकित्सालय में आए और डॉ लोकेंद्र सिंह राठौड़ को बच्ची को दिखाया। डॉ लोकेंद्र सिंह राठौड़ ने बच्ची की कुछ जरूरी आवश्यक जांच करवाई और परिजनों की सहमति से ऑपरेशन किया। डॉ लोकेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि फतेहपुर की 11 वर्षीय बच्ची जारा को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। क्योंकि उसके नाक का मांस



बढ़कर गले में लटक रहा था। ऐसे में बच्ची रात के समय में सही से सो नहीं पाती थी। उन्होंने बताया कि बच्ची का नाक पूरी तरह से बंद था और मांस गले में लटकाने की वजह से गले से भी सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। उन्होंने कहा कि ऐसी बीमारी में मरीज पूरी तरह से नींद नहीं ले पता है। उन्होंने कहा कि यह जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया है और बच्ची अब एकदम स्वस्थ है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के ऑपरेशन आमतौर पर मेडिकल कॉलेज लेवल में ही किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि उपजिला चिकित्सालय लेवल का यह पहला ऑपरेशन है। इस ऑपरेशन में डॉ कमलेश भारतीय, ऑपरेशन थिएटर इंचार्ज ओम वर्मा, नर्सिंग स्टाफ दौलत सुंडा, रेणु पूनियां, श्यामलाल जांगिड़ और वार्ड बॉय नदीम का सहयोग रहा।

## श्री श्याम निशान व कलश यात्रा आज

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** श्री श्याम सखा मंडल की ओर से 33 वां श्याम महोत्सव बड़े धूम धाम से मनाया जाएगा। मंडल के सेंटलर रामावतार मंत्री में बताया कि कैलाश पूरी मंदिर से शुक्रवार को श्याम निशान व कलश यात्रा सुबह 10 बजे निकलेगी, जो शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई श्याम बाग नया बास क्लब में पहुंचेगी। दोपहर में श्याम सखी मंडल का प्रोग्राम होगा। रात्रि में विशाल भजन संध्या होगी, जिसमें छोटू सिंह रावणा बाड़मेर अपने भजनों की प्रस्तुति देंगे। सभी श्याम भक्त व्यस्था में जुटे हुए हैं।

## तारानगर में दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**तारानगर.** दुष्कर्म के एक सनसनीखेज मामले में तारानगर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन को भी जब्त कर लिया है। डीएसपी रोहित सांखला ने बताया कि 23 फरवरी को पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया कि तारानगर के वार्ड 3 निवासी मोहम्मद हुसैन उर्फ हसन पुत्र लाल मोहम्मद 3 फरवरी की रात करीब 11 बजे उसे अस्पताल ले जाने का झांसा देकर अपने खेत में ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। साथ ही घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर थानाधिकारी सीआई सतपाल बिश्नोई के नेतृत्व में टीम का गठन किया।

### बीदासर में रॉयल्टी नाके के कार्मिक फैला रहे दहशत

## आक्रोशित ग्रामीणों ने उपखंड कार्यालय पर किया विरोध प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम मानपुरा के ग्रामीणों ने रॉयल्टी नाके पर कार्यरत कार्मिकों पर दहशत फैलाने व असामाजिक गतिविधियों में लिप्त होने के आरोप लगाते हुए गुरुवार को उपखंड कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी अमीलाल यादव को ज्ञापन सौंपकर मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि मानपुरा



स्थित रॉयल्टी नाके पर तैनात कर्मचारी पहचान पत्र के बिना कार्य कर रहे हैं और रात के समय गांव की गलियों, ढाणियों और खेतों में सींवें फांदकर प्रवेश करते हैं। साथ ही बिना नंबर प्लेट के वाहन तेज गति से चलाए जाते हैं, जिससे आमजन की सुरक्षा को खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि नाके पर अक्सर 20-25 व्यक्तियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे आसपास के क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार 24 फरवरी 2026 की रात कुछ अज्ञात व्यक्ति लाठी-डंडे व सरियों के साथ गढ़वालों की ढाणी तथा कालूराम मेघवाल के खेत में घुसकर हंगामा करने लगे तथा एक व्यक्ति के साथ मारपीट की गई। घटना की सूचना पुलिस को देने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने का आरोप भी लगाया गया है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में रॉयल्टी नाके पर कार्यरत कर्मचारियों के लिए पहचान पत्र अनिवार्य करने, वाहनों पर नंबर प्लेट लगाने, बिना अनुमति खेतों व ढाणियों में प्रवेश पर रोक लगाने तथा घटना में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान पूर्व पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश बैगाणी ने क्षेत्र में संचालित पत्थर खदानों से अवैध रूप से रॉयल्टी वसूली के आरोप लगाते हुए खनिज विभाग की भूमिका पर भी सवाल उठाए। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
27 फरवरी, 2026

## मंडावा में पर्यावरण विषय पर सेमिनार आयोजित



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय झुंझुनू के तत्वाधान ट्रेनिंग सेंटर भारु में चल रहे शिविर कब मास्टर फ्लॉक लिडर बेसिक प्रशिक्षण शिविर के दौरान पर्यावरण विषय को लेकर सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सूबेदार मेजर धर्मपाल सिंह भांबू, अध्यक्ष पूर्व सैनिक सेवा परिषद झुन्झनू, विशिष्ट अतिथि कैप्टन सुमेर बोला व सुबेदार सुमेर महला रहे। कार्यक्रम में जिला ओर्गेनाइजर स्काउट प्रदीप कुमार ईशरवाल की ओर से सभी अतिथियों का स्काउट रीति के अनुसार स्वागत किया गया। अतिथियों ने पर्यावरण विषय के उपर विशेष जानकारी दी। पर्यावरण प्रेमी संजय शर्मा की ओर से पर्यावरण विषय से संबंधित प्रश्नोत्तरी की गई। सही जवाब देने वाले का अतिथियों ने सम्मान किया। अतिथियों व सेना अधिकारियों ने जिला ऑर्गेनाइजर स्काउट प्रदीप कुमार ईशरवाल व पर्यावरण प्रेमी संजय शर्मा का स्वागत किया। कार्यक्रम में आय अतिथियों का मंडावा ब्लॉक उपाध्यक्ष सत्यवीर पुनिया ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त अध्यापिका मीरा ईशरवाल, सुरेन्द्र, रामनिवास, दीपक, दीपिका बिरख, प्रियंका, रीना, पिंकू भारु, मोनिका, राजबाला, आदी सभी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक प्रभारी आशीष गुडेसर ने किया।

## लकी इंटरप्राइजेज का पोस्टर विमोचन व सोलर जागरूकता अभियान




जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** पीएम सूर्य घर योजना में रजिस्ट्रेशन को लेकर गुरुवार को कस्बे के वार्ड 2 में फतेहपुर मार्ग स्थित श्री सम्राट सिद्दि विनायक मंदिर में शिविर आयोजित हुआ।लकी इंटरप्राइजेज की ओर से उपभोक्ताओं में हर घर सोलर लगवाने को लेकर जागरूक व प्रेरित किया गया। नदीम ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से छत पर सोलर पैनल लगवाने कि उपभोक्ताओं को विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि इससे आपके बिजली बिल में बचत होगी तथा हर घर में सोलर पैनल लगाना चाहिए। घरेलू उपभोक्ताओं को राज्य सरकार की ओर से 150 यूनिट प्रति माह तक निशुल्क बिजली सोलर पैनल लगाने पर ही मिलेगी। तथा उपभोक्ताओं को पीएम सूर्य घर योजना के तहत रूफटॉप सोलर लगवाना होगा। दिलीप सिंह वाहिदपुरा ने बताया कि शिविर में 1.1 किलोवाट के लिए तीन, 3 किलोवाट के लिए आठ तथा 5 किलोवाट के लिए तीन उपभोक्ताओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया। शिविर में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नरेश सोनी, गणेश मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुशील लुहारुवाला, राकेश चेजारा, राजू खालासी, मनोज शर्मा, विष्णु शर्मा, बनवारी चौधरी, लालुदास महाराज आदि उपस्थित रहे।

## मण्डावाः फागोत्सव, चंग धमाल का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** होली पर्व नजदीक आने के साथ ही मण्डावा कस्बे में उत्सव का माहौल बन गया है। रम्मतों, फागोत्सव और चंग धमाल के कार्यक्रमों से शहर होली के रंगों में सराबोर है। गुरुवार शाम को श्री सर्व हितैषी व्यायामशाला की ओर से सुभाष चौक स्थित कमला अतिथि गृह में चंग धमाल कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। देर रात तक पारंपरिक धमाल का आयोजन किया जा रहा है। होली चंग धमाल कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। यहां चंग की थाप पर पारंपरिक होली गीतों ने समां बांध दिया। कार्यक्रम संयोजक पंकज शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में पारंपरिक धमाल गायन के साथ रसिये झूमते नजर आए। कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन क्रमशः सज्जन मिश्रा, नरेश सोनी, शिक्षाविद्ध भोलासिंह, वीके देवड़ा, पीताम्बर मिश्रा, सुरेश पलड़ीवाला, सुभाषचन्द्र बावलिया, संदीप शर्मा, कैलाश पीपलवा, राजेन्द्र सनोदिया, एचपी रैगर सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



## विश्व एनजीओ दिवस पर सम्मान समारोह आज

**चूरू(निस)।** विश्व एनजीओ दिवस पर युक्ति सामाजिक शोध संस्थान की ओर से परिचर्चा व सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। सचिव राजकौर राहड़ ने बताया कि संस्थान की ओर से 27 फरवरी शुक्रवार को विकसित भारत निर्माण में एनजीओ की भूमिका पर विकसित भारत निर्माण में एनजीओ की भूमिका विषय पर परिचर्चा कार्यक्रम व सम्मान समारोह का आयोजन नगर श्री सभागार में शुक्रवार शाम 4 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सरोज हारित करेगी। वहीं कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक नगेंद्र सिंह राठौड़ व मुख्य वक्ता समाज शास्त्र परिषद् के राज्य अध्यक्ष डॉ. सुशील त्यागी होंगे।

# होली के त्यौंहारी को लेकर सीएलजी सदस्यों की बैठक

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** होली के त्यौंहार को मध्यनजर रखते हुए सीएलजी सदस्यों की बैठक का आयोजन कोतवाली थाना परिसर में सीआई बैगाराम मीणा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक के दौरान नगरपरिषद की आयुक्त चारवी, विद्युत निगम की ओर से कनिष्ठ अभियंता गौतम मेघवाल, नगरपरिषद के सफाई निरीक्षक ओमप्रकाश स्वामी, मुन्नालाल मीणा मौजूद रहे। इस अवसर पर शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप तोदी ने कहा कि नगरपरिषद जाली लगाने तक की व्यवस्था समय पर नहीं करती। दिनेश तंवर ने कहा कि कई बार शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होता है। अरविंद सोनी ने आयुक्त से कहा कि आपके कर्मचारी गंभीरता से काम नहीं करते। इस अवसर पर होली मंगळाने के स्थान पर पर्याप्त साफ-सफाई और रोशनी व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर चर्चा की गई। सीआई बैगाराम मीणा ने कहा कि कुछ युवकों का गिरोह डाउन पेमेंट पर बाईक, मोबाईल आदि लेने का काम कर रहा है और फिर ये लोग दूसरे राज्यों में बाईक भेज देते हैं, इसलिए इस प्रकार के लोगों से सतर्क रहने की आवश्यकता है। सीआई ने कहा कि स्कूटी छोटे बच्चों को देकर बाहर मत भेजें। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में फिर से सीएलजी सदस्यों की नियुक्ति होगी, इसलिए प्रत्येक वार्ड में कम से कम एक सक्रिय व्यक्ति, जो जन समस्याओं को समझ सके, ऐसे लोगों के नाम सुझावें। कॉमरेड जगदीश नाथ ने कहा कि आपणी योजना वाले सड़क तोड़कर वापस ठीक नहीं करते। बैठक के दौरान रफीक खींची, श्याम स्वर्णकार, कोमल गौड, सुनील सोनी, खड़गसिंह बांठिया, जगदीश नाथ, बजरंग सेन, प्रकाश सोनी, गिरधारीलाल बुगालिया, पांचीराम, विनोद खटीक, कन्हैयालाल जाखड़, सैयद, मदन सोनी, शिवभगवान चौहान, विमल गोदारा आदि लोग मौजूद रहे।

## होली से पहले बनाए जा रहे गोबर के बड़कुल्ये

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ(नि.सं.)।** होली का त्यौंहार ज्यों-ज्यों नजदीक आ रहा है, त्यों -त्यों परम्परागत रूप से घरों में रस्मों रिवाजों का निभाय जाना भी शुरू हो चुका है। एक तरफ जहां घरों में साफ-सफाई का दौर चल रहा है। वहीं परम्परागत रूप से घरों में गोबर के बड़कुल्ये बनाया जाना भी शुरू किया जा चुका है। गृहिणी गायत्री प्रजापत ने बताया कि गोबर के बड़कुल्यों के साथ-साथ चांद, सूरज, तारे, होलका आदि भी गोबर से बनाए जा रहे हैं। इनकी माला के साथ होलिका दहन किया जाता है। परम्परागत रूप से बनाये जावे वाले इन बड़कुल्यों के निर्माण में बच्चे भी गृहिणियों का हाथ बंटा रहे हैं।

## सडक़ों की मरम्मत के लिए विधायक ने की 10 करोड़ के पैकेज की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** विधानसभा में बजट चर्चा के दौरान विधायक मनोज मेघवाल लगातार क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और मांगों को उठाते हुए एक अलग ही छाप छोड़ रहे हैं। चिकित्सा व स्वास्थ्य, ऊर्जा, उद्योग, खेल, युवा व किसानों के बाद विधायक ने नगर निकायों से जुड़ी समस्याओं और मांगों विधानसभा के पटल पर उठाते हुए सरकार का ध्यान आर्कषित किया। विधानसभा के बजट सत्र में क्षेत्र के विकास से जुड़े प्रत्येक मुद्दे को छूने के साथ ही सरकार से समस्याओं का समाधान करवाने व मांगों की पूर्ति के लिए विधायक मनोज मेघवाल प्रयासरत हैं। विधानसभा में स्वायत शासन व नगरीय विकास के अनुदान की मांगों पर हुई चर्चा में शामिल होते हुए विधायक मनोज मेघवाल ने सडक़ों की खराब स्थिति पर चिंता जताते हुए शहरों में सडक़ों के लिए बजट में विशेष प्रावधान न होने पर निराशा जताई। उन्होंने सडक़ों की गुणवत्ता और उनकी मॉनिटरिंग पर सवाल उठाते हुए कहा कि सडक़ें बनने के 2-3 साल बाद ही खराब हो जाती हैं। उन्होंने सुजानगढ़ नगर परिषद के लिए सडक़ों की मरम्मत के लिए 10 करोड़ रुपये के विशेष पैकेज की मांग की। मेघवाल ने बताया कि सुजानगढ़ में सीवरेज का काम संतोषजनक नहीं है। लाइनें ओवरफ्लो हो रही हैं और एसटीपी ठीक से काम नहीं कर रहे हैं। उन्होंने सुजानगढ़ के लिए सीवरेज के तीसरे चरण और बीदासर के लिए सीवरेज कार्य को जल्द शुरू करने की मांग की। पिछले मानसून में सुजानगढ़ में हुई अतिवृष्टि का जिक्र करते हुए विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि महीनों तक पानी बाहर नहीं निकल पाया। उन्होंने ड्रेनेज के दूसरे चरण के काम को जल्द पूरा करने और अमृत द्वितीय फेज के कार्य में तेजी लाने पर जोर दिया। उन्होंने नगर परिषद सुजानगढ़ और बीदासर के परिसीमन पर असंतोष व्यक्त करते हुए सुजानगढ़ शहर का हिस्सा बन चुके खानपुर, जमालपुरा, जसवंतगढ़ और गुलेरिया आदि गांवों को नगरपरिषद क्षेत्र में शामिल करने की मांग की।

## नाबालिग से दुष्कर्म, 2 आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा (निस)।** मंडावा थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। परिवादी ने रिपोर्ट में बताया कि आरोपी विकास कुमार और रोहित ने उसकी नाबालिग बेटी को स्कूल के सामने से गाड़ी में बैठाया। इसके बाद उसे सुनसान स्थान पर ले जाकर एक आरोपी ने दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद रिपोर्ट दर्ज कर मामला अनुसंधान में लिया गया। जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशानुसार कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र सिंह राजावत के मार्गदर्शन और वृताधिकारी हरीसिंह धायल के सुपरविजन में थाना प्रभारी रामनारायण चोयल ने विशेष टीम का गठन किया। गठित टीम ने दबिश देकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि विकास कुमार निवासी भूतिया बास, थाना धनुरी रोहिताश उर्फ रोहित निवासी कोलिण्डा, थाना धनूरी पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और मामले की गहन जांच जारी है।

NOTICE INVITING BID

राजस्थान सरकार
कार्यालय प्रधानाचार्य, देवनारायण राजकीय बालिका आवासीय विद्यालय, पीपलोद, शाहपुरा जयपुर
( पता - पीपलोद, शाहपुरा जयपुर ) E-mail - devnarayanschoolpi-plod@gmail.com

ई.बिड नोटिस

सीमित निविदा सूचना संख्या 02/2025-26

कार्यालय प्रधानाचार्य, देवनारायण राजकीय बालिका आवासीय विद्यालय, पीपलोद शाहपुरा जयपुर हेतु Orthopedic Mattress एवं तकिया कवर की आपूर्ति हेतु ई-बिड आमन्त्रित की जाती हैं जिसकी अनुमानित लागत 2.00 लाख रूपये है इसके लिए इच्छुक पंजीकृत / बोलीदाता / संवेदक के लिए सीमित निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 23.02.2026 से 02.03.2026 सुबह 11 बजे तक प्रत्येक विधालय कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। भरे हुए निविदा प्रपत्र दिनांक 02.03.2026 सुबह 11 बजे तक कार्यालय में जमा करवाये जा सकते है ।। दिनांक 02.03.2026 को दोपहर 12:00 बजे तकनीकी निविदा उपापन समिति / क्रय समिति के समक्ष खोली जावेगी । इस सम्बन्ध में पूर्ण ब्यौरा, नियम एवं शर्तों सम्बन्धी जानकारी दिनांक 23.02.2026 से वेबसाईट http// sppp.raj.nic. से डाउनलोड की जा सकती है।

NIB CODE- SOC2526A0404
UBN- SOC2526GSLB00435

प्रधानाचार्य
देवनारायण राजकीय बालिका आवासीय विद्यालय
पीपलोद (शाहपुरा) जयपुर - राजस्थान

DIPR/C/4264/2026

OFFICE OF GRAM PANCHAYAT DAREEBA P.S. PATAN (SIKAR)

DATE : 26-02-2026

Notice Inviting Bid

Bid for Rate contract works undar Other Scheme are invited from intersted bidders upto Date 04.03.2026, 11:00 AM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in&http://eproc.raj.nic.in) of the state. The approximate value of work is maximum RS : 700000

UBN No. PKP2526WSOB00383

PRASHASHAK
G.P. DAREEBA

VDO
G.P. DAREEBA

Office Assistant Director Women Empowerment Department, Churu

File No 02 Date 20-02-2026

Notice Inviting Bid

e-Bid is invited from For Procurement of Services (Out sourcing of services for OSC Sakhi) at Office of Assistant Director Women Empowerment Premises, Churu Interested Bidders upto 04-03-2026 6:00PM. Other Particulars of the bid may be visited on the procurementportal (https//eproc.rajasthan.gov.in/nicgep/app.https//sppp.rajasthan.gov.in/index.php) and WCD Departmental Website. The Approximate Value of the Procurement is Rs 28.20 Lakh.
UBN- WMP2526SLOB00267
NIB- WMP2526A0235

(राजेन्द्र सिंह शेखावत)
सहायक निदेशक
महिला अधिकारिता विभाग, चूरू

DIPR/C/4115/2026

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DN RATANGARH

No:- 3391 Date: 23.02.2026

Notice Inviting Bid No 31/2025-26

Bids for 03 (Three Nos) work are invited from interested bidders upto 06.00 PM dated 04.03.2026 other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http:// eproc. rajasthan.gov.in/ http://sppp.raj.nic.in) of the state and PWD departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 34.53 Lacs

NIB NO PWD 2526A5856
1. UBN No :-
1. PWD2526WSOB24230
1. PWD2526WSOB24231
1. PWD2526WSOB24232

Executive Engineer
PWD Dn. Ratangarh

DIPR/C/4297/2026

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड-तारानगर (राजस्थान) 331304
exennphed trn@rediffmail.com
eetar.chu.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक दिनांक

NOTICE INVITING TENDERS FOR WORKS

Online tenders are hereby invited on behalf of the HonÓble Governor of Rajasthan for the following works from eligible enlisted Contractor/ Firm as per Rules. Details of this tender notification and pre-qualification criteria can also be seen in NIT e&hibited on web site www.dipr.rajasthan.gov.in, http//sppp.rajasthan.gov.in, and http//eproc.rajasthan.gov.in. Online Tenders are to be submitted on web site. Tender fee shall be submitted through e-GRAS only in respective budget head and bid security as per Anne&ure. Online Tendar website submitted Last Date & time For submission Up to 27-02-2026 (06:00 PM)

| Sr. No. | NIT No. | UBN No. |
|---|---|---|
| 1 | 122/2025-26 | PHE2526WSOB14704 |
| 2 | 123/2025-26 | PHE2526WSOB14704 |

SAVE WATER - SAVE LIFE

Executive Engineer,
PHED Division Taranagar
Contact: 98871-81073

DIPR/C/4204/2026

# कार्यालय नगरपालिका मण्डल तारानगर (चूरू) राजस्थान

क्रमांक :- न.पा.ता / 2025-26 / 8070 दिनांक :-26/2/26

## आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि नगरपालिका क्षेत्र तारानगर के निम्नांकित भूखण्ड धारियो ने कृषि भूमि, पट्टा नामान्तरण हेतु पत्रावलियां जमा करवायी गयी है अतः जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो, इस आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस मे सप्रमाण आपति इस कार्यालय में प्रस्तुत करे। बाद अवधि प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा ।

| क्र.स. | आवेदक का नाम व पिता का नाम | वार्ड नं. | ऑनलाईन आवेदन | आवेदन सं. | कुल तादादी (वर्गमीटर) | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आदर्श महिला शिक्षण संस्थान सचिव अनिल कुमार लाम्बा पुत्र ईशर राम लाम्बा | 24 | | 114 | 413.84 | 69ए सरेण्डर |
| 2. | आदर्श महिला शिक्षण संस्थान सचिव अनिल कुमार लाम्बा पुत्र ईशर राम लाम्बा | 24 | | 172 | 1517.42 | कृषि भूमि नियमन |
| 3. | आदर्श महिला शिक्षण संस्थान सचिव अनिल कुमार लाम्बा पुत्र ईशर राम लाम्बा | 24 | | 171 | 885.24 | कृषि भूमि नियमन |
| 4. | लिमका जांगिड पत्नी जसवंत सिंह | 26 | | 171 | 297.25 | कृषि भूमि नियमन |
| 5. | कृष्ण कुमार पुत्र लिछमण राम | 18 | 174543 | 43 | 58.81 | पट्टा नामान्तरण |
| 6. | इन्द्रा देवी पत्नी लुणाराम | 19 | 347257 | 168 | 92.90 | कृषि भूमि नियमन |
| 7. | गुलाब देवी पत्नी काशीराम | 20 | 174469 | 44 | 464.94 | पट्टा नामान्तरण |
| 8. | मनोज कुमार पुत्र सत्यनारायण तंवर | 35 | 346765 | 99 | 214.41 | स्टेट ग्रान्ट एक्ट |
| 9. | सुमन पत्नी महेन्द्र | 29 | 347461 | 98 | 58.52 | स्टेट ग्रान्ट एक्ट |
| 10. | लुणाराम पुत्र काशीराम | 19 | 347253 | 170 | 69.67 | कृषि भूमि नियमन |
| 11. | इन्द्रा पत्नी लुणाराम | 19 | 347254 | 169 | 33.44 | कृषि भूमि नियमन |

अधिशाषी अधिकारी
नगशिलिका तारानगर चूरू

# जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने मेला पुलिस कंट्रोल रूम से लिया व्यवस्थाओं का जायजा

जयपुर टाइम्स

**खाटूश्यामजी(सीकर)** खाटूश्यामजी फाल्गुनी लक्खी मेले को लेकर जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने गुरुवार को मेला पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचकर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से मेले की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, पार्किंग, यातायात व्यवस्था तथा विभिन्न प्रवेश एवं निकास द्वारों की स्थिति का लाइव जायजा लिया। कलेक्टर शर्मा ने कंट्रोल रूम में तैनात अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं और आमजन की



सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए तथा संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने कलेक्टर को बताया कि मेले में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे सुचारु रूप से कार्य कर रहे हैं और 24 घंटे मॉनिटरिंग की जा रही है। इसके साथ ही ड्रोन कैमरों से भी भीड़ पर नजर रखी जा रही है। वहीं जिला कलेक्टर ने साफ-सफाई, पेयजल, चिकित्सा सुविधाओं और आपातकालीन सेवाओं की तैयारियों की भी जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रींगस दीपक गर्ग, नियति शर्मा, सहायक मेला मजिस्ट्रेट महिपाल सिंह राजावत, कंट्रोल रूम प्रभारी कमल कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यशस्विनी सहित पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। मेले को लेकर जिला कलेक्टर शर्मा ने आमजन से अपील की कि वे प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कंट्रोल रूम या हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें।

## नगर श्री में खूब जमा फागोत्सव महोत्सव

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** लोक संस्कृति शोध संस्थान नगर श्री में गुरुवार को फागोत्सव महोत्सव खूब जमा। नगरश्री सचिव श्याम सुन्दर शर्मा ने बताया कि बुधवार शाम को नगर श्री ट्रस्ट के संस्थापक सुबोध कुमार अग्रवाल व रिद्धकरण मोटेका की स्मृति में गींदड़ के वयोवृद्ध कलाकार डॉ. मोतीलाल सोनी की




अध्यक्षता व रमाकांत भाऊवाला के विशिष्ट आतिथ्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राकेश दाधीच ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का आगाज किया। नीरज गौड़ व विनोद औझा ने बोल-बोल म्हारी जीवण जेवड़ी... व मेंहदी गीत, हनुमान आदित्य ने रामू चनणा के गीतां ने खूब समां बांधा। रास बिहारी पार्टी के गायक कलाकार राकेश दाधीच, विपिन दाधीच, उमेश दाधीच, हितेश कौशल, सुनील भाऊवाला व पंकज ने एक से बढ़कर एक होली के धमाल की प्रस्तुति दी। इस दौरान कठै सूं आई सूंठ, कठै से आयो जीरो, बीरा म्हानै पीवरिये पहुंचा दे रे..., मीठो मीठो बोलो रे पपईया..., कुरजा ए म्हारो भंवर मिला दे रेकृसहित अनेक लोकगीतों की रंगारंग प्रस्तुतियां से कार्यक्रम को परवान चढ़ाया। वयोवृद्ध कलाकार डॉ. मोतीलाल सोनी, हरिसिंह, रूघाराम मांझू के साथ युवा व बच्चें भी थिरकने को मजबूर हो गये। कार्यक्रम में ढ़फ, ढ़ोलक, पेड आरगन की सुमधुर सामंजस्य के साथ उपस्थित श्रोताओ ने फूलों की होली खेलकर कार्यक्रम का जमकर आनंद उठाया। रमाकांत भाऊवाला ने सुबोध कुमार अग्रवाल रचित प्रसिद्ध गीत बटाउड़ो सुनाकर खूब वाह-वाही लूटी। कार्यक्रम का संचालन प्रो. कमल सिंह कोठारी ने किया।

## 5100 साफे बांधने का बनाया रिकॉर्ड

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय चरला बास के निवासी संदीप जोशी ने 5100 साफ़ा बांधने का अनूठा रिकार्ड बनाया है। संदीप जोशी 5100 से ज्यादा साफे विवाह की सीजन मे गुड़गांव, दिल्ली, जयपुर, आस पास के शहरों मे बांध चुके हैं। होली के त्यौहार पर भी इनके पास साफ़ा बंधवाने के लिए लाइन लग जाती है, इसके साथ ही संदीप एक अच्छे गायक भी हैं।

## साईबर ठगी के पैसे रिफंड करवाए

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर न्यायालय के सिविल न्यायाधीश व न्यायिक मजिस्ट्रेट पीठासीन अधिकारी अजयदीप सिंह आदेश से कुल 1,00,936 रूपये साईबर ठगी के पैसे रिफण्ड करवाए। अधिवक्ता ललित देव नैण ने बताया कि परिवादी मनीष कुमार पुत्र धर्मपाल निवासी बास सारायण जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता है जिसके टेलिग्राम पर रिक्वायरमेंट का लिंक आया था जिसमें परिवादी की ओर से क्लिक करने पर उसके बैंक खाता से कुल 1,00,936 रूपये किसी अज्ञात व्यक्ति ने निकाल लिए जिसकी ऑनलाईन शिकायत (परिवाद) साहवा पुलिस थाना में दर्ज करवाई, पुलिस ने फ्रॉड राशि को होल्ड करवाया। परिवादी की ओर से न्यायालय में धारा 106 बी.एन.एस. का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर राशि अपने खाते में रिफंड करवाने का निवेदन किया। पीठासीन अधिकारी ने पुलिस जांच का अवलोकन कर पुलिस थाना साहवा के जरिए बैंक को निर्देशित कर परिवादी के खाते में रिफंड करवाए।परिवादी की तरफ से पैरवी अधिवक्ता ललित देव नैण ने की।

## गौशालाओं को राहतः राज्य सरकार ने अनुदान में 25' बढ़ोतरी

### बड़े गौवंश पर 50 प्रतिदिन सहायता

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** राज्य सरकार ने प्रदेश की गौशालाओं और नन्दीशालाओं को बड़ी राहत देते हुए अनुदान राशि में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी की घोषणा की है। गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने विधानसभा में जानकारी देते हुए बताया कि सरकार गौसंवर्धन के प्रति प्रतिबद्ध है और पंजीकृत संस्थाओं को नियमित रूप से अनुदान जारी किया जा रहा है। नई व्यवस्था के तहत गौशालाओं को 9 माह तथा नन्दीशालाओं को 12 माह तक अनुदान दिया जाएगा। वहीं दिव्यांग एवं दृष्टिबाधित गौवंश के लिए पूरे 12 माह की सहायता जारी रहेगी। बड़े गौवंश के लिए ?50 प्रतिदिन और छोटे गौवंश के लिए ?25 प्रतिदिन की दर से सहायता राशि प्रदान की जाएगी। मंत्री ने बताया कि चूरू जिले में 278 गौशालाएं पंजीकृत हैं तथा उनके आधारभूत ढांचे के निर्माण के लिए भी अलग से सहायता का प्रावधान किया गया है। हालांकि पंजीकृत गौशालाओं में पशु चिकित्सकों की नियुक्ति या उनके परिवीक्षाकाल में किसी प्रकार के बदलाव का फिलहाल कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। सरकार के इस निर्णय से प्रदेश की सैकड़ों गौशालाओं को आर्थिक संबल मिलने और गौसंरक्षण गतिविधियों को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

## 11 राशन डीलरों के विरुद्ध विधिक कारवाई प्रक्रियाधीन :गोदारा

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** खाद्य व नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि बाड़ी विधानसभा क्षेत्र में 11 उचित मूल्य की दुकानदारों के विरुद्ध वसूली कारवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रकरणों में पीडीआर एक्ट के तहत राशन डीलरों के विरुद्ध राशि वसूलने हेतु प्रकरण तैयार कर ज़िला कलेक्टर को भिजवाए जाने की कारवाई प्रक्रियाधीन है। खाद्य व नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रश्नकाल के दौरान विधायक जसवंत सिंह गुर्जर की ओर से इस संबंध में पूछे गए प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर में अटैचमेंट पर चल रही उचित मूल्य दुकानों की रिक्तियां घोषित कर विज्ञप्ति जारी करने के उपरांत 720 दुकानों का आवंटन किया जा चुका है। जल्दी ही अटैचमेंट पर चल रही शेष उचित मूल्य दुकानों की भी आवंटन प्रक्रिया संपन्न करवा ली जाएगी।

## कन्या पूजा कार्यक्रम आयोजित

**चौमूं(निस)।** ग्राम हाड़ोता मे अष्टमी पर महाराज गजानंद देवी उपासक के सानिध्य में कन्या भोजन कार्यक्रम किया। इस मौके पर महाराज गजानंद देवी उपासक ने कहा कि कन्या पुजा देवी पुजा के समान होती हैं। इस मौके पर सांवर मल तिवाड़ी, मुकेश दिक्षित, सीताराम कुमावत, महेंद्र शर्मा, शिव कुमार उपस्थित रहे।

## होली मिलन समारोह में धमाल की प्रस्तुतियों से बांधा समा

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** लायंस क्लब की ओर से राजगढ़िया एम्पोरियम के सौजन्य से बुधवार शाम होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम से पूर्व क्लब की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सत्र 2026-27 की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। बैठक में नॉमिनेशन कमेटी के चेयरमैन डॉ. लायन चंद्रशेखर अग्रवाल ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमें लायन संजीव कुमार वर्मा को आगामी सत्र का अध्यक्ष चुना गया है। उपाध्यक्ष लायन ताराचंद प्रजापत प्रथम, लायन मनोज जांगिड़ द्वितीय, लायन मुकुल सिगतिया तृतीय, कार्यकारिणी के अन्य प्रमुख सदस्यों में संरक्षक मण्डल डॉ. चन्द्रशेखर अग्रवाल, शैलेन्द्र माथुर, डॉ. एस. एम. शर्मा शामिल है। सचिव महेन्द्र धानुका, सह-सचिव आबिद खान, कोषाध्यक्ष राजीव चाहर, सह-कोषाध्यक्ष अशोक जांगिड़, कमल जांगिड (टेमर), शंकरलाल सैनी (टेल ट्वीस्टर), चंद्रप्रकाश खत्री चेयरमैन मेम्बरशिप ग्रोथ। निदेशक मंडल में प्रमोद सगतानी, दीनदयाल सैनी, महेन्द्र राजगडिया व पवन जांगिड़ है। नवीन कार्यकारिणी का क्लब अध्यक्ष लायन राजीव शर्मा सहित सभी सदस्यों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। बैठक के बाद स्थानीय कलाकारों की टीम में महेश हारित, पंकज ओझा व अन्य कलाकारों की ओर से एक से बढ़कर एक होली व फिल्मी गीतां की शानदार प्रस्तुतियां दी गई। कल्ब सदस्यों सहित महिलाओं व पुरूषों ने जमकर नृत्य किया। कार्यक्रम का शुंभारम्भ गणेश वन्दना से किया गया। कार्यक्रम के आयोजक घनश्याम राजगढ़िया व बालकिशन राजगढ़िया, संयोजक मनोज जांगिड़ थे। कार्यक्रम में पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, निवर्तमान तारानगर प्रधान संजय कस्वां, ओम सारस्वत, सुरेश सारस्वत, भास्कर शर्मा, नरेंद्र काछवाल, डॉ. प्रमोद अग्रवाल, डॉ. शशिधर, डॉ. संदीप अग्रवाल सहित शहर के अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रामचंद्र राजोतिया, सुनील रंजन टकणेत, डॉ. अनुराग शर्मा, प्रदीप लहरी, रघुवीर गुरावा, संजय मित्तल, रामचंद्र निराणियां, डॉ. राजकुमार पुनियां, राकेश सैनी सहित क्लब के अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जॉन चेयरमैन चंद्रप्रकाश खत्री ने किया।

## श्याम फाल्गुन महोत्सव में फाल्गुनी रंग में रंगा सरदारशहर

### उमड़ रहा श्रद्धा का सैलाब

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के श्री श्याम मन्दिर आथूणा बास में 54 वां श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव के पांचवे दिन नानी बाई का मायरा में महिलाओं की भागीदारी ज्यादा रहीं। पं. पंकज दाधिच की ओर से संगीतमय वाचन के साथ सांवरिया सेठ की ओर से छप्पन करोड़ मायरा भरा गया। नानी बाई भाव विभोर गायन, थे कहो बाबाजी सांची थारो सांवरसा कद आसी, कन्हैया प्यारा दरस दिखा जा, नारायण परम दयाल जी भज मन राधे गोविन्दा, पधारो म्हारा नटवर नागरीया भक्ता र क्यों नहीं आया रे, कुण सुनलो किन सुनाऊं मनड़ बाता म्हारी किन सुनाऊं, सांवरियों है सेठ म्हारी राधा जी सेठानी है आदि भजनों पर श्रद्धालु झूमने लगे। मायरा के शुभारंभ पर मन्दिर पुजारी श्यामसुन्दर नवहाल, अध्यक्ष गोविन्दराम प्रजापत, लाल बहादुर सेवदा ने पूजा अर्चना कर मंदिर पुजारी सहित सभी का स्वागत किया। पूर्व रात्री को श्री श्याम दीवाने संकीर्तन मंडल के ललित लखोटिया, नवरत्न कांटा, ललित जैसनसरिया, हरीश जैसनसरिया, बनवारीलाल चोटिया,



राजकुमार जांगिड, कन्हैयालाल सोनी, निर्मल शर्मा, गणेश जांगिड, नरेन्द्र राजपूत, जगमोहन गौड़, मनीष सैनी, रवि सोनी ने बहुत ही शानदार तरीके से भजनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर सुनील मोदी, मनीष सैनी, अशोक पेड़िवाल, पवन पेड़िवाल, भगवतिप्रसाद लखोटिया, राजकुमार लखोटिया, अशोककुमार महर्षि, बालचन्द सेवदा, हनुमानमल जोशी, मधुसुदन सेवदा, नथमल नाई, रवि नाई, रामस्वरूप शर्मा, पंकज नवहाल, राजेश चौहान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

## हिन्दू सम्मेलन में दिखा सामाजिक समरसता का विहंगम दृश्य, संतों का सानिध्य

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** तहसील के गांव फोगां में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन गुरुवार को किया गया। फोगां गांव के विभिन्न बास के निवासियों ने भारी संख्या में विराट हिंदू सम्मेलन में भाग लिया। सम्मेलन में पहले भव्य कलश यात्रा सहित राम दरबार शोभायात्रा का भी आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति व लोगों ने रामदेव मंदिर से होते हुए ध्वज समूह के साथ श्री करणी ओरण गौशाला तक भाग लिया। विराट शोभा यात्रा रामदेव मंदिर से गौशाला पहुंची। जहां पुष्पवर्षा व तिलक वंदन से भव्य स्वागत किया गया। यहां पर जन समूह ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया।इस अवसर पर पूज्य संत भोले बाबा ऋषिकेश व स्थानीय संत का पावन सानिध्य प्रवचन प्राप्त हुआ। महाराज ने वर्तमान समाज की कुरीतियों, हिंदुओं की घटती जनसंख्या, मोबाइल के दुष्प्रभाव पर प्रकाश डाला व सामान्यजन को इनसे बचने के तरीकों को आशीर्वचन के रूप में समझाया। साथ ही बताया कि परहित अर्थात सेवा का भाव जिसके अंदर है। उसे सब सुलभ है। अतः जनकल्याण की भावना को सर्वोपरि रखना चाहिए। इस अवसर पर जयपुर प्रांत के सामाजिक समरसता प्रमुख सुभाष सोनगरा की ओर से बौद्धिक प्रमुख ने पंच परिवर्तन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि समाज को एकजुट रखना महती आवश्यकता है। इस अवसर पर मंचस्थ अतिथियों ने स्थानीय बुजुर्गों, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों व वीर माताओं का सम्मान किया। राष्ट्रीय स्तर के छात्र लवदीप ने योग का भी बहुत सुंदर प्रदर्शन किया। जिसे आयोजन समिति ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर वंदना चोटिया ने नृत्य के द्वारा मां दुर्गा की आराधना कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेघराज शर्मा ने की। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त फोगां ग्राम के निवासियों ने सार्थक प्रयास कर सम्मेलन को मूर्त भव्य रूप देने में अपनी भूमिका निभाई।

## भागवत कथा में भक्तों ने किया करोड़ों का दान, पूर्व नेता प्रतिपक्ष भी थिरके




जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के निकटवर्ती गांव हरपालसर में उत्तम सिंह राठौड़ (आरएएस) की स्मृति में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा और नानी बाई का मायरा के छठे दिन भक्ति का माहौल रहा। शिव गौशाला समिति परिसर में हुए इस कार्यक्रम में गौशाला के लिए करोड़ों रुपये का सहयोग प्राप्त हुआ। ऋषिकेश से पधारे बाल संत भोले बाबा ने भागवत महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि इस कथा के माध्यम से गौ सेवा के लिए करोड़ों रुपयों का दान मिला है। संत गुलाब नाथ जी महाराज ने अपनी सुरीली आवाज में भजनों की प्रस्तुति पर श्रोता झूम उठे। इस दौरान भाजपा नेता और पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ भी भजनों की धुन पर थिरकते नजर आए। उन्होंने बाल संत भोलेबाबा और गुलाब नाथ जी महाराज का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। जनसभा को संबोधित करते हुए राठौड़ ने कहा कि गौ सेवा के लिए दिया गया दान कभी व्यर्थ नहीं जाता। गाय माता के आशीर्वाद से धन में वृद्धि होती है और समाज में सकारात्मकता आती है। उन्होंने दानदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि इस राशि का उपयोग गायों के हित में किया जाएगा। कथा का समापन और सम्मान समारोह शुक्रवार को होगा। जिसमें सहयोग करने वाले भामाशाहों को सम्मानित किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन में निवर्तमान सभापति राजकरण चौधरी, शिवम बेरासरिया, नारायण सिंह चौधरी, जिला परिषद सदस्य गिरधारी लाल पारीक, श्योकरन पोटलिया, राजेंद्र सिंह छाजूसर, हरिराम साहू, डॉ महेश शर्मा, जयचंद शर्मा, हंसराज सिद्ध, अब्दुल रशीद चायल, भूपेंद्र सिंह आसूसर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## भक्ति रस में डूबा धौलपुर, भागवत कथा का आयोजन जारी

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान के धौलपुर मचकुंड रोड परशुराम सेवा सदन में आयोजित 'श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ व एकादशी उद्यापन' के छठे दिन शनिवार को कथा व्यास स्वामी श्री मानस प्रपन्न भानुदेवाचार्य जी महाराज (श्रीधाम वृंदावन) ने श्रद्धालुओं को भक्ति के रस में सराबोर किया। इस धार्मिक महोत्सव का आयोजन परीक्षित कुसुम व सतीश शर्मा की ओर से कराया जा रहा है। व्यासपीठ से कथा सुनाते हुए महाराज श्री ने कहा कि एक सुखी परिवार के लिए आपसी सम्मान बहुत आवश्यक है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जहाँ पत्नियों को पतिव्रत धर्म का पालन करना चाहिए, वहीं पतियों का भी यह परम कर्तव्य है कि वे अपनी पत्नियों का पूरा सम्मान करें। ?कथा के दौरान महाराज श्री ने अक्रूर जी के प्रसंग को विस्तार से समझाया। उन्होंने गोवर्धन जतीपुरा परिक्रमा मार्ग की महिमा बताते हुए श्रीनाथ जी, श्री गोपीनाथ जी, मदन मोहन जी और बिहारी जी के विग्रहों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आँखों की असली शोभा भगवान के दर्शन में ही है। इस अवसर पर महाराज श्री ने मधुर भजनों की प्रस्तुति दी कि 'हाय रे मेरी अखियाँ लड़ गईं, बांके बिहारी से, कुंज बिहारी से मेरी अखियाँ लड़ गईं



जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। ?अध्यात्म की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन का वास्तविक आनंद तभी है जब उसे भगवान से प्रेम हो जाए। उन्होंने भक्तों को ईर्ष्या, कपट, छल और अभिमान से दूर रहने की सलाह दी, क्योंकि भगवान को केवल सरल हृदय ही पसंद आता है। कथा के अंत में श्रीकृष्ण की ओर से कंस वध और श्री रुक्मणी-कृष्ण विवाह के प्रसंग का बड़े ही सुंदर ढंग से वर्णन किया गया। संगीतमय श्रीमद् भागवत रस महोत्सव के अवसर पर श्री मति उर्मिला शर्मा, रामअवतार शर्मा ,विशंभर दयाल शर्मा, कुशल शर्मा, निर्मला शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, संजय, हरेंद्र और ?इस आयोजन में बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। कथा का समापन रविवार को होगा।

## पर्यावरण अनुकूल होली मनाने का संकल्प, होंगे विविध कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी की ओर से चलाए जा रहे ईको फ्रेंडली फेस्टिवल कार्यक्रमों की श्रृंखला में अणुव्रत समिति, रतनगढ़ की ओर से स्थानीय संचियालाल बैद आदर्श विद्या मंदिर के सभागार में विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। समिति के मंत्री नरेंद्र स्वामी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप व्यास ने समस्त छात्र - छात्राओं को पर्यावरण के अनुकूल पर्व और उत्सव मनाने का संकल्प दिलाया। अणुव्रत समिति के अध्यक्ष कुलदीप व्यास ने केमिकल युक्त रंगों से होने वाली समस्याओं से बचने तथा जल के अपव्यय को रोकने संबंधी मार्गदर्शन करते हुए पर्यावरण सुरक्षा में सहभागी बनने का आह्वान किया। जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष मोतीलाल तातेड़ ने गणाधिपति गुरुदेव तुलसी की ओर से 78 वर्ष पूर्व चलाए गए अणुव्रत आंदोलन की वर्तमान में सार्थकता समझाई। प्रधानाचार्य शरद शर्मा ने शाब्दिक स्वागत कर प्राकृतिक रंगों के उपयोग की जानकारी दी। दीप प्रज्वलन से प्रारंभ हुए कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं ने होली गीत की



मनभावन प्रस्तुति देकर वातावरण को सरस बनाया। उप प्रधानाचार्य नंदकिशोर ताम्रायत ने सभी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष व्यास ने बताया कि अणुव्रत आंदोलन के 78 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत 27 फरवरी को आर्या पब्लिक स्कूल में भाषण, कविता, गीत और वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित होंगी 28 फरवरी को अणुव्रत रैली और 1 मार्च को स्थापना दिवस समारोह जैन परिषद् भवन में आयोजित होंगे।